नई दिल्ली
शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 27, अंक : 359
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यूून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 उबर कप नहीं खेलेंगी सिंधू



विचार पेज
8 उत्तर-दक्षिण विभाजन की झूठी कहानी

देश की पहली घरेलू जीन थेरेपी का राष्ट्रपति ने किया शुभारंभ

# ‘कैंसर’ के खिलाफ हमारी लड़ाई में बड़ी सफलता: मुर्मू

## सुलभ और सस्ती थेरेपी मरीजों को नया जीवन देने में होगी सफल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को आईआईटी बॉम्बे में कैंसर के लिए भारत की पहली घरेलू जीन थेरेपी लॉन्च की। इस अवसर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की पहली जीन थेरेपी की शुरुआत कैंसर के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक बड़ी सफलता है। राष्ट्रपति ने आगे कहा, सीएआर-टी सेल थेरेपी नामक उपचार की यह श्रृंखला सुलभ और सस्ती है, यह संपूर्ण मानव जाति के लिए एक नई आशा प्रदान करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अनगिनत मरीजों को नया जीवन देने में सफल होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि सीएआर-टी सेल थेरेपी को मेडिकल साइंस में सबसे असाधारण प्रगति में से एक माना जाता है। यह कुछ समय से विकसित देशों में उपलब्ध है, लेकिन यह बहुत महंगी है और दुनियाभर के अधिकांश रोगियों की पहुंच से बाहर है। आगे उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई है कि आज लॉन्च की जा रही थेरेपी दुनिया की सबसे सस्ती सीएआर-टी सेल थेरेपी है। उन्होंने कहा, यह ‘मेक इन इंडिया’ पहल और ‘अखंड भारत’ का ही एक उदाहरण है।





**भारत को तकनीकी क्रांति से होगा बहुत फायदा**
यह पिछले तीन दशकों में आईआईटी, मुंबई द्वारा अनुसंधान और विकास पर दिए गए फोकस से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आईआईटी बॉम्बे और इसके जैसे अन्य संस्थानों के संकाय और छात्रों के ज्ञान आधार और कौशल के कारण, समग्र रूप से चल रही तकनीकी क्रांति से भारत को बहुत फायदा होगा।

## इनके प्रयासों से विकसित हो सकी ‘सीएआर-टी सेल थेरेपी’

राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि भारत की पहली सीएआर-टी सेल थेरेपी को औद्योगिक भागीदार इम्यूनोएक्ट के सहयोग से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के बीच गठजोड़ के माध्यम से विकसित किया गया है। उन्होंने कहा, यह अकादमिक-इंडस्ट्री पार्टनरशिप का एक सराहनीय उदाहरण है, जिससे ऐसे कई प्रयासों को प्रेरणा मिलनी चाहिए।

### प्रौद्योगिकी को मानवता की सेवा में लगाया

राष्ट्रपति ने कहा कि आईआईटी बॉम्बे न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में तकनीकी शिक्षा के मॉडल के रूप में प्रसिद्ध है। सीएआर-टी सेल थेरेपी के विकास में, प्रौद्योगिकी को न केवल मानवता की सेवा में लगाया गया है, बल्कि अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ उद्योग में भी प्रसिद्ध संस्थानों के साथ साझेदारी की गई है।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सोना पहली बार 70 हजार के करीब पहुंचा



**नई दिल्ली।** सोना एक बार फिर नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 572 रुपए महंगा होकर 69,936 रुपए का हो गया। इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 6,634 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपए पर था। चांदी भी आज अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। ये 1469 रुपए महंगी होकर 79,063 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई।

### मेटा खोल सकता है भारत में अपना डेटा सेंटर




**नई दिल्ली।** फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। हाल ही में मेटा के को फाउंडर मार्क जुकरबर्ग जामनगर में हुए अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। हालांकि अभी तक डील के बारे में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

जमुई में पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर बोला जमकर हमला

# देश की बढ़ती ताकत का अंदाजा लगा लें...आज का भारत दुश्मन देश को घर में घुसकर मारता है

*पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जमुई के खैरा में सभा को 28 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लालू के जंगलराज, भ्रष्टाचार और इंडी अलायंस पर निशाना साधा। साथ ही भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए पीएम ने साफ लफ्जों में कहा कि अब भारत शिकायत लेकर किसी देश के पास नहीं जाता, बल्कि दुश्मन देश को घर में घुसकर मारता है।*



## बिहार की धरती पूरे देश को दिशा दिखाने वाली रही है

एजेंसी ▶▶ जमुई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के जमुई स्थित खैरा में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने देश की आजादी में बिहार के योगदान का जिक्र करते हुए कहा कि यही वो धरती है जो पूरे देश को दिशा दिखाने में आगे रही है,लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद बिहार के सामर्थ्य के साथ न्याय नहीं नहीं हो पाया।

यहां सत्ता जिनके हाथों में रही उन्होंने समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में कोई ध्यान ही नहीं दिया। परिणाम ये हुआ है बिहार में जंगलराज स्थापित हो गया। अब एनडीए अपने अथक प्रयासों के साथ राज्य की छवि बदलने में लगी है। बिहार के साथ पूरे देश की मजबूती के लिए तेज गति से काम हो रहा है। स्थिति ये है कि एक समय था जब भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम ने कहा- जंगलराज और खुलेआम अपहरण जैसे अपराधों ने बिहार को पीछे धकेल दिया था। एनडीए ने इसे दलदल से बाहर निकाला



### नीतीश फिर बोले: अब इधर-उधर नहीं होंगे



सभा को संबोधित करते हुए बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने लालू सरकार के जंगलराज की याद दिलाई। कहा- पहले हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। अब सब कंट्रोल में है। इन लोगों को ले आएंगे तो ये फिर से यही सब करवाएंगे। इस दौरान नीतीश ने फिर से ये बात दोहराई कि प्रधानमंत्री जी मैं कहीं नहीं जाऊंगा। आपके साथ ही रहूंगा। पीएम मोदी और सीएम नीतीश 32 दिन बाद फिर एक साथ एक मंच पर हैं। इससे पहले औरंगाबाद में दोनों एक मंच पर नजर आए थे।

### नीतीश के बयान के बाद हंस पड़े प्रधानमंत्री

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जमुई पधारने के लिए प्रधानमंत्री जी आपको खूब धन्यवाद है। आपने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारतरत्न दिया है। इसके लिए आपका खूब सारा शुक्रिया। भाषण के आखिर में नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री की तरफ इशारा करते हुए जनता का हाथ उठवाकर चुनाव में जीत दिलवाने का समर्थन लिया। नीतीश के इस अंदाज पर प्रधानमंत्री मोदी मुस्कुराते हुए दिखे। नीतीश कुमार ने हिंदी और मगही मिक्स भाषा में कहा- ‘आप लोग इस उम्मीदवार को जिताइगा ना जी, हाथ उठाकर बतावा, हाथ उठाकर बोला कि जिताएंगे। चलिए ई बीच वाले भी हाथ उठाअव, कुल लोग हाथ उठाअव, चलिए धन्यवाद।

कांग्रेस आलाकमान पर साधा निशाना

## संजय निरुपम ने निष्कासन पर कहा बेवजह ए-4 साइज पेपर बर्बाद किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई



पूर्व सांसद संजय निरुपम ने गुरुवार को पार्टी से निकाले जाने को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष किया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी ने ऐसा उनकी ओर से अपना इस्तीफा भेजने के बाद किया गया। पार्टी को कार्रवाई के लिए ए-4 साइज का पेपर बर्बाद करने की जरूरत नहीं थी। इससे पहले अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों की शिकायतों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार देर शाम निरुपम को तत्काल प्रभाव से छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने का फैसला किया था। गुरुवार सुबह मुंबई कांग्रेस के पूर्व प्रमुख निरुपम ने एक्स पर कहा, ऐसा लगता है कि कल रात मेरा इस्तीफा पत्र मिलने के तुरंत बाद उन्होंने मेरा निष्कासन जारी करने का फैसला किया। ऐसी तत्परता देखकर ▶▶ शेष पेज 5 पर

गौरव वल्लभ भाजपा में हुए शामिल, बोले

## श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में कांग्रेस पार्टी के स्टैंड से मैं क्षुब्ध हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



इधर, कांग्रेस नेता गौरव वल्लभ ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इसके थोड़ी देर बाद ही वे दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय पहुंचे और भाजपा का दामन थाम लिया। इससे पहले उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज जिस प्रकार से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है,उसमें मैं खुद को सहज महसूस नहीं कर पा रहा। मैं न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकता हूं और न ही सुबह-शाम देश के वेल्थ क्रिएटर्स को गाली दे सकता। इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी के सभी पदों व प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को लिखे पत्र में वल्लभ ने लिखा, 'नमस्कार! भावुक हूं। मन व्यथित है। काफी ▶▶ शेष पेज 5 पर

सास-बहू के झगड़े पर हाईकोर्ट का अनूठा फैसला

# सब्जी में नमक कम, मिर्ची ज्यादा.. क्रूरता नहीं!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने हालिया एक फैसले में कहा है कि सास द्वारा अपनी बहू को घर के रोजमर्रे के काम में टोकना या सब्जी में नमक कम और मिर्ची ज्यादा जैसे सवाल पूछना न तो गलत है और न ही ये कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए के तहत मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता सास के खिलाफ दायर एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है। जस्टिस गुरपाल सिंह अहलूवालिया की सिंगल बेंच ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सास ने ले ली थी रिटायरमेंट

दरअसल, जिस वक्त प्रतिवादी (बहू) का शादी याचिकाकर्ता अलका शर्मा (सास) के बेटे से हुई थी, उस वक्त शर्मा उत्तराखंड के चकराता में सरकारी नौकरी कर रही थीं। बेटे की शादी के चार महीने बाद बाद उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृति ले ली और बेटे-बहू के साथ रहने पुणे चली गईं।



### बहू का आरोप, पति ने दिया सास का साथ

बहू के आरोपों के मुताबिक, उनकी सास रोजमर्रे के काम में बाधा पहुंचाने लगीं और टोका-टाकी करने लगी। आरोप है कि पीड़िता के पति ने भी इसमें अपनी मां का ही साथ दिया। मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी।

**निचली अदालत ने सास को माना था दोषी :** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले की निचली अदालत ने इस मामले में सास को आरोपी माना था। उसे मानसिक क्रूरता पहुंचाने का दोषी करार दिया था। इसके खिलाफ सास ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें जस्टिस अहलूवालिया की पीठ ने स्पष्ट आदेश दिया है कि बहू को रोजमर्रे के काम में टोकना या बेटे-बहू के झगड़े में ना कूदना मानसिक क्रूरता नहीं है और सास के खिलाफ दायर एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया।

इंदौर में एकतरफा प्यार में गई तीन की जान

# आरोपी ने युवती और उसके दोस्त को साथ देखा तो मारी गोली, फिर खुद को भी उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शहर में गुरुवार को डबल मर्डर और सुसाइड की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक युवक ने युवती और उसके साथ आए रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। उसके बाद कुछ दूर जाकर खुद को भी गोली मार ली। यह घटना इंदौर के भंवरकुंआ इलाके की है। स्वामी नारायण मंदिर परिसर में घटना हुई है। घटना में जान गंवानें वाली लड़की ▶▶ शेष पेज 5 पर

*स्वामी नारायण मंदिर परिसर में घटना हुई, आरोपी अभिषेक के पास पिस्टल कहां से आई पुलिस कर रही जांच।*



### लड़की का किसी और से बात करना आरोपी को पसंद नहीं आया

पुलिस के मुताबिक अभिषेक को स्नेहा और दीपक जाट की दोस्ती पसंद नहीं थी। वह स्नेहा से प्यार करता था, लेकिन स्नेहा ने उसे मना कर दिया था। इसके कारण अभिषेक ने पूर्व में भी दोनों को हत्या की धमकी भी दी थी। पुलिस पता कर रही है कि अभिषेक के पास पिस्टल कहां से आई।

एनसीईआरटी ने किया बदलाव, नए शिक्षा सत्र से होगा लागू

# अब कक्षा 12वीं इतिहास की किताब में बदला हड़प्पा चैप्टर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने क्लास 12वीं के इतिहास की किताब में फिर से एक बड़ा बदलाव करने का फैसला लिया है। इस बदलाव में ‘हड़प्पा सभ्यता की उत्पत्ति और पतन’ चैप्टर में बदलाव किया गया है।

इस बदलाव को शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से लागू किया जाएगा। हरियाणा सिंधु घाटी स्थल, राखीगढ़ी में पुरातात्विक स्रोतों से प्राप्त प्राचीन डीएनए के हालिया रिसर्च के मुताबिक, आर्य आप्रवासन को खारिज किया गया है, साथ ही कहा गया है कि हड़प्पा और वैदिक लोग एक ही थे या नहीं इस विषय पर फिर से बेहतर शोध की जरूरत है। इसलिए इस चैप्टर मेंबदलाव करने की नौबत आई है। इस बदलाव के लिए एनसीईआरटी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को सूचना जारी कर दिया है। एनसीईआरटी स्कूली शिक्षा ▶▶ शेष पेज 5 पर



### हड़प्पा सभ्यता क्या है

हड़प्पा रावी नदी के तट पर स्थित है। इसकी खोज पुरातत्विद् दयाराम साहनी ने की थी। इसकी खोज के लिए 1921 और 1922 में हड़प्पा में सिंधु घाटी स्थल की खुदाई की गई थी। हड़प्पा सभ्यता के लोग शहरी थे। इसका निर्माण शहर की तरह हुआ था। इस सभ्यता में सबसे चर्चित शहर मोहनजोदड़ो को माना जाता है।

*द लैंसेट में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि क्रोनिक श्वसन बीमारियां, स्ट्रोक, श्वसन संक्रमण और कैंसर से मौतों में कमी आई*

अध्ययन में कहा गया कि यदि कोविड-19 का आगमन नहीं होता तो आंकड़ा कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता

# कोविड के बावजूद वैश्विक जीवन प्रत्याशा में 6.2 वर्ष की वृद्धि, तीन दशकों में भारत में लगभग 8 साल बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

तमाम वैश्विक बदलाव के बीच एक अध्ययन में सामने आया है कि दुनियाभर में लोग 1990 की तुलना में 2021 में औसतन छह साल से अधिक समय तक जीवित रह रहे हैं। इससे यह भी स्पष्ट हुआ है कि पिछले तीन दशकों में भारत में जीवन प्रत्याशा लगभग आठ साल बढ़ गई है। द लैंसेट में प्रकाशित एक नए अध्ययन में पाया गया है कि यह प्रगति डायरिया, निचले श्वसन संक्रमण, स्ट्रोक और इस्केमिक हार्ट रोग जैसे प्रमुख ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भूटान में सबसे ज्यादा 13.6 वर्ष की वृद्धि



भारत के अलावा अन्य दक्षिण एशिया क्षेत्र में भूटान में जीवन प्रत्याशा (13.6 वर्ष) में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई, इसके बाद बांग्लादेश (13.3), नेपाल (10.4), और पाकिस्तान (2.5 वर्ष) का स्थान है। महामारी की वजह से आई चुनौतियों के बावजूद शोधकर्ताओं ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी एशिया और ओशिनिया के सुपर क्षेत्र में 1990 और 2021 (8.3 वर्ष) के बीच जीवन प्रत्याशा में सबसे बड़ा लाभ हुआ। इसमें कहा गया है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

▶▶ **क्या है जीवन प्रत्याशा:** जीवन प्रत्याशा मूल रूप से किसी जनसंख्या का औसत जीवनकाल है। यह एक व्यक्ति के औसत जीवनकाल का अनुमान है। जीवन प्रत्याशा एक दी गयी उम्र के बाद जीवन में शेष बचे वर्षों की औसत संख्या है।

### दुनियाभर में मौतों के प्रमुख कारणों में एक बड़ा फेरबदल

*शोधकर्ताओं ने नोट किया कि दशकों में पहली बार दुनियाभर में मौतों के प्रमुख कारणों में एक बड़ा फेरबदल हुआ है।* ▶▶ शेष पेज 5 पर

# स्पा में 'क्रॉस जेंडर' मसाज पर रोक की मांग वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

## 18 अगस्त, 2021 को दिल्ली सरकार के जारी दिशानिर्देशों की वैधता को दी गई थी चुनौती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने स्पा और मसाज केंद्रों में 'क्रॉस-जेंडर' मसाज पर प्रतिबंध लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश के पास पहले से ही यह मामला है जिसमें दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली में स्पा/मसाज केंद्रों के संचालन के लिए 18 अगस्त, 2021 को जारी दिशानिर्देशों की वैधता को चुनौती दी गई है। 'क्रॉस-जेंडर' मसाज में महिलाएं पुरुष की और



पुरुष महिलाओं की मसाज करते हैं। पीठ ने कहा कि एकल न्यायाधीश चूंकि पहले से ही विवाद को देख रहे हैं, इसलिए इस अदालत का मानना है कि वर्तमान सार्वजनिक हित (वाद) पर विचार नहीं किया जा सकता है। इसी के अनुरूप मौजूदा याचिका खारिज की जाती है। खारिज की गई याचिका में याचिकाकर्ता ने अदालत से अधिकारियों को स्पा और मसाज केंद्रों की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग को नियमित आधार पर दिल्ली महिला आयोग के साथ साझा करने का निर्देश देने का भी आग्रह किया था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा 18 अगस्त, 2021 को जारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में ऐसी विभिन्न सुविधाओं में 'क्रॉस-जेंडर मसाज' किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए बंद कमरों के अंदर मालिश की जा रही है जिससे वेश्यावृत्ति का प्रसार हो रहा है। वकील ने कहा कि उन्होंने करोल बाग में स्पा के अवैध संचालन के संबंध में पुलिस को कई शिकायतें और प्रतिवेदन दिए लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अदालत की एकल न्यायाधीश पीठ ने दिसंबर 2021 में शहर के नगर निगम और दिल्ली पुलिस को निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया था कि किसी भी स्पा को वैध लाइसेंस के बिना चलाने की अनुमति न दी जाए। उसने पुलिस से सभी लाइसेंस प्राप्त स्पा का निरीक्षण करने और यदि वे किसी भी अवैध गतिविधि में लिप्त पाए गए तो उनके खिलाफ मामला दर्ज करने को कहा था।

## दिल्ली दंगों से संबंधित आपराधिक मामलों में स्थिति रिपोर्ट दाखिल करे पुलिसः हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस को फरवरी 2020 में राष्ट्रीय राजधानी में हुए दंगों से संबंधित आपराधिक मामलों की स्थिति के बारे में जानकारी देने का बृहस्पतिवार को निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने गौर किया कि हिंसा के बाद 750 से अधिक प्राथमिकी दर्ज हुईं और 273 मामलों में जांच अभी लंबित है। पीठ ने दिल्ली पुलिस से इन मामलों के संबंध में ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा।पीठ ने कहा कि प्रतिवादी को 10 दिन में मामलों के संबंध में मौजूदा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में नागरिकता कानून के समर्थकों और विरोधियों के बीच 24 फरवरी 2020 को हिंसा भड़क गई थी, जिसमें कम से कम 53 लोगों की मौत हुई जबकि 700 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

### मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को

अदालत जमीयत उलेमा-ए-हिंद की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दंगों की स्वतंत्र जांच कराने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का अनुरोध किया गया है। मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

## खबर संक्षेप

### पश्चिम विहार ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर सीआईएसएफ जवान ने की खुदकुशी

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार ईस्ट मेट्रो स्टेशन पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने गुरुवार को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। मृतक का नाम 38 वर्षीय सांवरे किशोर के रूप में हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार जवान ने इंसास राइफल से खुद को गोली मारी थी। वह मूलरूप से महाराष्ट्र का रहने वाला था। दिल्ली में परिवार के साथ नरेला के सरकारी क्वार्टर में रहता था। पुलिस को सुबह 8:28 बजे इस घटना की सूचना मिली है। किशोर मूल रूप से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के रहने वाले थे और वर्ष 2022 से मेट्रो में तैनात थे। वह नरेला में परिवार के साथ रहते थे। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### बेगमपुरः आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते तीन बुकी धरे

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वाले तीन बुकी को रोहिणी पुलिस ने अरेस्ट किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, रजिस्टर, नौ मोबाइल फोन और 52 हजार रुपए कैश बरामद हुआ हैं। पकड़े गये लोगों के नाम जसवंत (41), पंकज कुमार (36) व सागर सलूजा (31) बताये गये हैं। डीसीपी डॉ. गुरइकबाल सिंह सिद्धू के अनुसार दो अप्रैल को स्पेशल स्टाफ की टीम ने रोहिणी सेक्टर 24 में छापा मारा था। आईपीएल मैच ऑनलाइन सट्टा लगाया जा रहा था। जिस समय पुलिस ने छापा मारा उस वक्त आरसीबी और एलएसजी के बीच मैच खेला जा रहा था। तीन लोगों को मौके से पकड़ा गया। इनके खिलाफ बेगमपुर थाने में गैम्बलिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई। तीनों आरोपी रोहिणी और वसंतकुंज क्षेत्र के रहने वाले हैं।

### डाबड़ीः महिला का शव अलमारी में मिला, लिव इन पार्टनर फरार

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के डाबड़ी थाना अंतर्गत राजापुरी में एक 26 वर्षीय महिला की लाश बंद कमरे की अलमारी से बरामद हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया है। हत्या के बाद से ही महिला का लिव इन पार्टनर फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार बुधवार रात लगभग 10:40 बजे डाबरी पुलिस को महिला की हत्या के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। सूचना पर एसआई ध्यानेंद्र अन्य स्टाफ के साथ घटनास्थल गली नंबर 10, राजापुरी पहुंचे। कॉलर ने बताया कि उनकी बेटी की हत्या विपल टेलर नाम के लड़के ने कर दी है। आगे उन्होंने बताया कि उनकी बेटी पिछले डेढ़ महीने से अपने ब्वॉयफ्रेंड विपल टेलर के साथ इस फ्लैट में रह रही थी। फ्लैट में प्रवेश करने पर कमरे की अलमारी में मृतका का शव मिला। एफएसएल की क्राइम टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए डीडीयू अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। आरोपी विपल टेलर पुत्र मनीष टेलर निवासी सूरत गुजरात का पता लगाने का प्रयास पुलिस द्वारा किया जा रहा है। शिकायतकर्ता मूलरूप से मेरठ, यूपी का रहने वाला है।

## स्पेशल सेल ने की छह सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद

# बंबीहा गिरोह से जुड़े दो हथियार तस्कर धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल की उत्तरी रेंज और एसटीएफ टीम देवेंदर बंबीहा गिरोह से जुड़े दो अंतरराज्यीय अवैध हथियार सप्लायरों को पकड़ा है। इनके नाम गुरविंदर सिंह उर्फ गगन निवासी लुधियाना, पंजाब और गुरपाल सिंह उर्फ विक्की है। इनसे छह सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल बरामद हुई है।

डीसीपी मनोज सी के अनुसार स्पेशल सेल ने अवैध हथियारों के खिलाफ एक विशेष अभियान चला रही है। इस संबंध में किए गए ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप ऐसे कई अंतरराज्यीय हथियार सिंडिकेट का भंडाफोड़ हुआ है। इसी कड़ी में पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के अपराधियों को हथियार आपूर्ति करने वाले सिंडिकेट की पहचान की गई और दो लोगों को पकड़ा गया।

### एमपी से लाते हथियार

आरोपी खरगौन, धार, बड़वानी और बुरहानपुर (एमपी) के इलाकों से अवैध हथियार लाते थे। दोनों लोगों को जीटी करनाल रोड, दिल्ली से पकड़ा गया। गुरविंदर ने 10वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी।



इसके बाद वह राइस मिल में मजदूरी करने लगा। गुरविंदर को स्थानीय अपराधिकयों से संबंध रखने पर उसके स्कूल के साथियों ने सार्वजनिक रूप से पीटा था। इससे वह सार्वजनिक रूप से अपमानित महसूस कर रहा था। वह बदला लेना चाहता था लेकिन आपराधिक गिरोह के समर्थन के बिना वह ऐसा नहीं कर पा रहा था। नवंबर 2022 में वह गुरपाल सिंह के साथ मलेशिया चला गया और उसे कंस्ट्रक्शन कंपनी में नौकरी मिल गई। लेकिन कमाई शानदार जीवन जीने के लिए पर्याप्त नहीं थी। इसी बीच इनका संपर्क अपने स्कूल टाइम के दोस्त जोवन से हुआ, जो देवेंदर बंबीहा गैंग का सदस्य था। जोवान की जीवनशैली से प्रभावित होकर उन्होंने गिरोह में शामिल होने का फैसला किया और फरवरी 2024 में दोनों भारत वापस आ गये।

जोवान ने एमपी से गिरोह के लिए हथियार पहुंचाने के बदले उनके दुश्मनों को खत्म करने में मदद करने का आश्वासन दिया था। गुरविंदर का रिश्तेदार कुलदीप सिंह वर्तमान में 2017 में मानूके सरपंच शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बेअंत सिंह की हत्या के आरोप में फिरोजपुर जेल में बंद है। कुलदीप भी देवेंदर बंबीहा सिंडिकेट से जुड़ा है।

### आठ पिस्टल और 80 कारतूस के साथ एक पकड़ा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने अवैध हथियारों के सप्लायरों की धरपकड़ तेज कर दी है। उत्तर पूर्वी जिले की पुलिस ने एक व्यक्ति को आठ पिस्टल और 80 कारतूस के साथ अरेस्ट किया हैं। आरोपी का नाम अदनान (23) बताया गया है। हथियार सप्लायर डकैती के मामले में जेल में भी रह चुका है। डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार दो अप्रैल को सूचना मिली कि एक अपराधी पूर्वोत्तर के इलाके में अवैध हथियारों की आपूर्ति कर सकता है। तुरंत एक टीम का गठन किया गया। टीम ने खेतन वाला मंदिर के पास के जाल बिछाया। कंधे पर बैग लटकाये हुए एक व्यक्ति को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान आठ पिस्टल और 80 कारतूस बरामद हुये। उसने खुलासा किया कि दिल्ली और एनसीआर के अपराधियों को आपूर्ति करने के लिए उत्तर प्रदेश के खुर्जा से हथियार खरीदे थे। इसने बताया कि उसका संपर्क जेल में बंद कुख्यात बदमाश हाशिम बाबा से भी है।

## होटल के बाउंसर कुआं पूजन में अवैध हथियार के साथ घूमते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की कापसहेड़ा पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ तीन बाउंसरों को गिरफ्तार किया है। तीनों होटल ग्रैंड, वसंतकुंज में काम करते थे। लेकिन ऑन डिमांड बाहर भी काले रंग के सूट बूट पहनकर सेवाएं प्रदान करते थे। इनके पास से बारह बोर की डबल बैरल तीन गन बरामद की हैं। इनके नाम गाजियाबाद निवासी जुनैद, करावल नगर निवासी सचिन पराशर और संगम विहार निवासी इम्तियाज बताये गये हैं।

डीसीपी रोहित मीना के अनुसार तीनों व्यक्ति ऑन डिमांड एनसीआर में पार्टियों और समारोह में भी काम करते थे। पुलिस को इनके खिलाफ सूचना मिली थी कि ग्रीन गार्डन मैरिज हॉल बिजवासन, पालम रोड पर तीन लोग काले रंग के सूट बूट में घूम रहे हैं। उनके हाथों में हथियार भी हैं। यह पता चलते ही कापसहेड़ा थाने का स्टाफ मैरिज हॉल पहुंचा, वहां हरेन्द्र नामक शख्स के बेटे का कुआं पूजन कार्यक्रम चल रहा था। काले सूट पहने तीनों लोगों से हथियारों के लाइसेंस के बारे में पूछा गया लेकिन वे असमर्थ रहे। इसके बाद तीनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्होंने पूछताछ में बताया वे ग्रैंड होटल में बाउंसर हैं। हर्ष ने उन्हें इस कार्यक्रम के लिए हायर किया था। हर्ष हरेंद्र का चचेरा भाई है। उसी ने इन्हें हथियार भी मुहैया करवाये थे। पुलिस ने इनके खिलाफ कापसहेड़ा थाने में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

## आग में फंसी बुजुर्ग महिला और कुत्ते को सुरक्षित निकाला बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कोटला मुबारकपुर इलाके में एक घर के अंदर लगी आग में बुजुर्ग महिला और कुत्ता फंस गया। महिला ऑक्सीजन सपोर्ट पर थी। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दोनों की जिंदगियां बचा ली। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि तीन अप्रैल की शाम करीब पौन आठ बजे कोटला मुबारकपुर इलाके के डीडीए पार्क, त्रिलोकी कॉलोनी में पहली मंजिल पर एक घर में आग की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही स्थानीय थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार यादव अपने स्टाफ के साथ वहां पहुंच गये। पता चला कि जिस बिल्डिंग में आग लगी, वहां पहली मंजिल पर 70 वर्ष की एक महिला फंसी हुई है। वह जिस कमरे में थी वहां फैले धुएं के कारण उन्हें सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी थी। बुजुर्ग महिला फेफडों और मधुमेह की बीमारी से पीड़ति है। वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर निर्भर है। इसके अलावा कूल्हे में फ्रैक्चर के कारण वह बिस्तर से हिलने में भी असमर्थ है। आखिर में तीन पुलिस हेड कांस्टेबल महिला के बेटे को लेकर उनके कमरे में गए और वहां से बुजुर्ग महिला को बाहर निकाला। पुलिस ने एक कुते को भी बेहोशी की हालत में देखा। उसे भी बाहर निकाल वैटनरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। शुरुआती जांच में आग की वजह एसी में शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है।

## सड़क धंसी, विश्वविद्यालय मार्ग बंद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने सड़क धंसने से एक बस के फंसने के कारण विश्वविद्यालय मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि सड़क पर दिल्ली जल बोर्ड का कार्य जारी है और यात्री वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें। पुलिस ने 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली जल बोर्ड के कार्य के बीच सड़क धंसने के कारण एक गड्ढे में बस फंसने के चलते विश्वविद्याल मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद है। असुविधा से बचने के लिए यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।



## हैकरों ने किया दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाने का दावा, जांच शुरू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हैकरों के एक समूह ने दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट तक पहुंच हासिल करने का दावा किया है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मिली जानकारी के अनुसार 'किलसेक' नामक हैकरों के समूह ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए संदेश में दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट तक पहुंच और चालान की स्थिति को बदलकर भुगतान किए जा चुके करने की क्षमता हासिल करने का दावा किया। संदेश के अनुसार समूह ने यातायात उल्लंघन की संदर्भ संख्या समेत संबंधित जानकारी साझा करने पर उल्लंघनकर्ताओं को अपने चालान की स्थिति बदलकर 'भुगतान किया जा चुका' करने का अवसर दिया। पुलिस ने कहा कि दूसरे संदेश में, समूह ने दावा किया कि उसने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाई है और तस्वीरों को छोड़कर वह सारा डेटा हासिल कर लिया है, जो वे कर सकते हैं। पुलिस ने कहा कि यातायात पुलिस की वेबसाइट राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) के तहत चलती है और उसे मामले की जानकारी दी जा चुकी है। पुलिस ने कहा कि एनआईसी रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। जांच शुरुआती स्तर पर है, इसलिए फिलहाल ठीक-ठीक यह तय कर पाना संभव नहीं है कि वेबसाइट पर सेंध लगाई गई है या नहीं।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थितिः– | 30-ELECT-04-T-2024-25-E3 यातायात लेखा (टीए) भवन, एस.ई. रोड नई दिल्ली की दूसरी मंजिल पर मीडिया सेल रेलवे बोर्ड के निर्माण के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागतः– | रू० 23.90 लाख |
| कार्यालय का पता :– | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशिः– | रू0 47800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :– | 30.04.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय :– | 30.04.2024, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्डः– | www.ireps.gov.in/वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली 999/2024 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतपाल, पुत्र लखीराम,** निवासी मकान नं. 73, शिव मंदिर के नज़दीक, कंझावला, दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 292/2018, धारा 10 पोक्सो एक्ट** के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतपाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सतपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 292/2018, धारा 10 पोक्सो एक्ट** के तहत थाना कंझावला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सतपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 08.05.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
वीरेन्द्र सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (उत्तर–पश्चिम)
(एफटीएसासी), (पॉक्सो), कमरा नं. 318, तीसरा तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/3913/RD/2024



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **नकुल यादव** पुत्र राम धनी यादव निवासी सी–2/850, सेक्टर–27, रोहिणी, दिल्ली ने **सीटी केस सं. 622/16 धारा 138 एनआई एक्ट** थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नकुल यादव** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नकुल यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **नकुल यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 06.05.2024** को या उसके पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सौरभ गोयल
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट–05, (उत्तर)
कमरा नं 114, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/14815/ON/2023
(Court Notice)


## जल बोर्ड धनशोधन मामले में 20 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

# अदालत ने ईडी को दिया निर्देश, सभी आरोपियों को मिले चार्ज शीट की कापी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली जल बोर्ड के ठेके देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन मामले में आरोपियों को आरोप पत्र की एक प्रति प्रदान करने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बृहस्पतिवार को निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान दो आरोपियों... बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश अरोड़ा और ठेकेदार अनिल अग्रवाल को बुधवार को पारित अदालत के आदेशों के अनुसार, जेल अधिकारियों द्वारा अदालत के समक्ष पेश किया गया। वे वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। बुधवार को आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए अदालत द्वारा जारी किए गए समन के अनुपालन में, एक अन्य आरोपी तेजिंदर सिंह भी अदालत के सामने पेश हुए जबकि चौथे आरोपी एनबीसीसी के पूर्व महाप्रबंधक डी के मित्तल ने गुरुवार को व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया। अदालत ने दस्तावेजों की जांच के लिए मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को तय की है। एजेंसी ने 28 मार्च को अदालत में आठ हजार पन्नों की अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दायर की थी। ईडी ने आरोप लगाया है कि बोर्ड की ओर से दिए गए ठेके के बदले रिश्वत ली गई और यह पैसा दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को चुनावी कोष के रूप में दिया गया था। एजेंसी ने मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी बुलाया था, लेकिन वह उसके सामने पेश नहीं हुए। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश कुमार अरोड़ा ने एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड नामक कंपनी को बोर्ड का 38 करोड़ रुपये का ठेका दिया था। यह ठेका इस तथ्य के बावजूद दिया गया था कि कंपनी तकनीकी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती है। ईडी के मामले का यही आधार है। ईडी ने कहा कि ठेके का मूल्य 38 करोड़ रुपये था और इस पर सिर्फ 17 करोड़ रुपये खर्च किए गए और शेष राशि का विभिन्न फर्जी खर्चों की आड़ में गबन कर लिया गया। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने एक प्रेस वार्ता में आरोपों से इनकार किया था और दावा किया था कि यह मामला आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं की छवि खराब करने का एक और प्रयास है।

### आबकारी घोटालाः कविता ने कोर्ट से अंतरिम जमानत दिए जाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने बृहस्पतिवार को एक कोर्ट से अंतरिम जमानत दिये जाने का आग्रह किया और दावा किया कि उनके 16 वर्षीय बेटे की परीक्षाएं हैं और उसे अपनी मां के 'नैतिक और भावनात्मक समर्थन' की जरूरत है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट ने कविता और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश वकील की दलीलें सुनीं और अपना आदेश सोमवार के लिए सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान, बीआरएस नेता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने दावा किया कि एक मां की कमी को पिता, बहन या भाई द्वारा पूरा नहीं किया जा सकता है। सिंघवी ने कहा कि इस मामले में आरोपी महिला का एक बच्चा है जिसकी परीक्षाएं अप्रैल में होने वाली हैं।

### जेल से सीएम केजरीवाल ने पत्नी सुनीता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विधायकों के लिए भेजा संदेश

# हर विधायक अपने इलाकों का रोज करें दौरा लोगों से पूछें उन्हें कोई दिक्कत तो नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल से बात की। इस दौरान उन्होंने सुनीता केजरीवाल के माध्यम से आम आदमी पार्टी के सभी विधायकों को संदेश भेजा। सीएम अरविंद केजरीवाल के संदेश को सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्होंने कहा है 'मैं जेल में हूं, इस वजह से मेरे किसी दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए। हर विधायक अपने इलाकों का रोज दौरा करें और लोगों से पूछें कि उन्हें कोई दिक्कत तो नहीं हो रही है, जिसको जो समस्या हो, उसे दूरे करें। सीएम ने भेजे संदेश में विधायकों से कहा है कि दिल्ली के दो करोड़ लोग मेरा परिवार है। मेरे जेल में रहने की वजह से मेरे परिवार में किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसलिए सभी विधायक अपने-अपने इलाके का नियमित दौरा करें और लोगों से पूछकर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करें। सुनीता केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने भले ही दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को जेल भेजवा दिया है, लेकिन जेल से भी वह दिल्ली की दो करोड़ जनता के लिए फिक्रमंद हैं। जेल में उनका वजह 4.5 किलो घट गया है। इसके बावजूद वो खुद के बजाय दिल्ली की जनता की समस्याओं को लेकर ज्यादा चिंतित हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा है कि मैं केवल सरकारी विभागों की समस्यओं का समाधान करने बात नहीं कर रहा हूं। हमें लोगों की बाकी समस्याओं का भी समाधान करने की कोशिश करनी है। दिल्ली के सभी दो करोड़ लोग मेरा परिवार हैं। मेरे परिवार में कोई किसी वजह से भी दुखी नहीं होना चाहिए। भगवान सबका भला करे।

**खास बात**

- मैं जेल में हूं, इस वजह से मेरे दिल्लीवासी को किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए : केजरीवाल



महिलाओं को एक हजार रुपए महीना देने का वादा पूरा करूंगा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल से पहले भी दिल्ली की जनता की समस्याओं को लेकर अपने मंत्रियों को संदेश भेज चुके हैं। 23 मार्च को सीएम केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल के माध्यम से दिल्लीवालों को संदेश भेजा था। सीएम ने संदेश में कहा था कि मैं अंदर रहूं या बाहर रहूं, हर पल देश के लिए सेवा करते रहूंगा। मेरी जिंदगी का एक-एक पल देश के लिए समर्पित है, मेरी जिंदगी का एक-एक कतरा देश के लिए है। इस पृथ्वी पर मेरा जन्म ही संघर्ष के लिए हुआ है। आज तक बहुत संघर्ष किए, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े-बड़े संघर्ष लिखे हैं। उन्होंने संदेश में कहा था कि दिल्ली की मेरी मां-बहनें सोच रही होंगी कि केजरीवाल तो अंदर चला गया, पता नहीं अब हजार रुपए मिलेंगे या नहीं। मेरी सभी माताओं और बहनों से अपील है कि अपने बेटे और भाई पर भरोसा रखें। मैं जल्द बाहर आऊंगा और अपना वादा पूरा करूंगा।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने 24 मार्च को जल मंत्री आतिशी को दिल्ली के अंदर जलापूर्ति और सीवर की समस्याओं का समाधान करने के लिए संदेश भेजा था। सीएम केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा था कि मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाक़ों में पानी और सीवर की काफ़ी समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर मैं चिंतित हूं। चूंकि मैं जेल में हूं, इस वजह से लोगों ज़रा भी तकलीफ़ नहीं होनी चाहिए। गर्मियां भी आ रही हैं। जहां भी पानी की कमी है, वहां उचित संख्या में टैंकरों का इंतज़ाम कीजिए। मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। जनता की समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर उपराज्यपाल महोदय का भी सहयोग लें। वे आपकी ज़रूर मदद करेंगे।

26 मार्च को सीएम अरविंद केजरीवाल ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को संदेश भेजकर स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने को कहा। सीएम ने संदेश में कहा था कि मुझे ऐसी सूचना मिली है कि कई जगह मोहल्ला क्लीनिकों में जो मुफ्त जांच और मुफ़्त दवा की सुविधा थी, उसमें कुछ समस्याएं आ रही हैं। सीएम ने दिल्ली के सभी अस्पतालों और सभी मोहल्ला क्लीनिकों में जो दवाइयां और जांच अब तक मुफ्त चल रही थी, वो इसी प्रकार सुचारू रूप से चलती रहें और उनकी उपलब्धता में किसी प्रकार की कोई भी कमी ना हो।

## सुनीता केजरीवाल ने भगत सिंह और अंबेडकर के बीच केजरीवाल की तस्वीर लगाकर की प्रैसवार्ता, उठा विवाद

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी अनीता केजरीवाल द्वारा गुरुवार को संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरों के बीच केजरीवाल की तस्वीर लगाकर प्रैसवार्ता की। अनीता की प्रैसवार्ता के बाद केजरीवाल की तस्वीर लगाने पर वबाल मच गया। गौरतलब है कि दिल्ली आबकारी नीति घोटाले मामले में सीएम अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। हालांकि जेल में रहकर ही वो पत्नी सुनीता केजरीवाल के माध्यम से अपना संदेश जनता तक पहुंचा रहे हैं। गुरुवार को 12 बजे सुनीता केजरीवाल ने वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए सीएम केजरीवाल का संदेश दिल्ली वासियों को सुनाया। सुनीता केजरीवाल गुरुवार को जब सीएम केजरीवाल का संदेश सुना रही थी उस वक्त सबकी नजर पीछे दीवार पर टंगे फोटो फ्रेम पर गई। पहले वहां पर सिर्फ भगत सिंह और भीमराव अंबेडकर की तस्वीर होती थी लेकिन आज जब सुनीता केजरीवाल ने प्रैसवार्ता की तो भगत सिंह और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बीच में अरविंद केजरीवाल की जेल वाली तस्वीर लगी दिखी। जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दूसरी तरफ विपक्षी दल भाजपा ने केजरीवाल की तस्वीर को लेकर जमकर निशाना साधा।

## आप ने राष्ट्रभक्तों के बीच में केजरीवाल की फोटो लगाकर महान राष्ट्र भक्तों की गरिमा को किया है अपमानितः सचदेवा



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) को लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना बंद करना चाहिए जो अरविंद केजरीवाल की फोटो को राष्ट्रभक्तों की तस्वीरों के बीच में लगाकर कर रहा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरूवार को आप पर निशाना साधते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आप को शर्म आनी चाहिए कि वह अरविंद केजरीवाल की फोटो को शहीद ए आज़म सरदार भगत सिंह और डॉ बी आर अम्बेडकर की तस्वीरों के बीच में लगा रही है और मांग की है कि यह तत्काल हटाया जाए। सचदेवा ने कहा कि आप ने जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री के आधिकारिक कमरे और कुर्सी से बैठने और राजनीतिक संदेश जारी करने की अनुमति दी है और राजनीतिक शैली को लघुकृत किया है। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को भ्रष्टाचार का आरोपी माना जाता है और उनकी फोटो को शहीद ए आजम और डॉ अम्बेडकर जैसे राष्ट्रभक्तों के बीच में लगाकर आप ने महान राष्ट्रभक्तों की गरिमा को अपमानित किया है।

## भाजपा द्वारा लगाए गए पोस्टरों को लेकर आप ने की मुख्य चुनाव अधिकारी से शिकायत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा लगाए गए दिल्ली में पोस्टरों पर आपत्ति जताते हुए गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने मुख्य चुनाव अधिकारी से शिकायत की है। आप के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता और वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी और ने लीगल टीम के साथ दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलकर शिकायत दर्ज कराई है। कुछ आपत्तिजनक पोस्टरों में भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की फोटो तक का इस्तेमाल किया है। इस बाबत आप नेता आतिशी ने कहा कि, ये बेहद चिंता का विषय कि, 6 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक भाजपा द्वारा लगाए गए आपत्तिजनक होर्डिंग्स-पोस्टरों पर कोई कोई एक्शन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि, आज पूरे देश की चिंता है कि क्या इस लोकसभा चुनाव में हर पार्टी को समान अवसर मिल रहा है। 6 दिन बीत जाने के बाद भी अगर कुछ पोस्टर-होर्डिंग पर एक्शन नहीं लिया जाता तो क्या बड़ी समस्याओं का समाधान होगा।

## अगर एक्शन नहीं हुआ तो जाएंगे मुख्य चुनाव आयोग : आतिशी

आतिशी ने कहा कि शिकायत के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी ने आश्वासन दिया कि आयोग इस मामले में एक्शन लेगा। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा द्वारा लगाए आपत्तिजनक पोस्टरों के मामले में एक्शन नहीं हुआ तो हम भारत के मुख्य चुनाव आयोग जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह भी चिंता का विषय है कि मुख्य चुनाव आयोग से आजकल विपक्षी पार्टियों को मिलने समय नहीं मिल रहा है। संविधान ने चुनाव आयोग को देश के लोकतंत्र को बनाए रखने की ज़िम्मेदारी दी है, ऐसे में हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग सिर्फ किसी एक राजनीतिक दल का, केंद्र सरकार का राजनीतिक हथियार बनकर नहीं रह जाएगा। आप नेता आतिशी ने कहा कि, भाजपा ने पूरी दिल्ली में कई आपत्तिजनक पोस्टर लगाए है। यहां तक कि, कुछ पोस्टरों में भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी की फोटो तक का इस्तेमाल किया है। आम आदमी पार्टी की लीगल टीम ने 6 दिन पहले चुनाव आयोग से इन पोस्टर्स-हॉर्डिंग्स की शिकायत की और इस बाबत आज हम दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी से मिलकर आये हैं। ये बेहद चिंता की बात है कि 6 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक भाजपा द्वारा लगाए गए आपत्तिजनक होर्डिंग्स-पोस्टरों पर कोई एक्शन नहीं हुआ है। आतिशी ने कहा कि हमारे लिए यह भी चिंता का विषय है कि इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया आजकल विपक्षी पार्टियों को समय नहीं दे रहा है। आतिशी ने कहा कि ये लोकसभा चुनाव बहुत गलत कारणों की वजह से एक ऐतिहासिक चुनाव बनते जा रहा है। मैं चुनाव आयोग को बताना चाहूंगी कि इस देश के संविधान ने चुनाव आयोग को इस देश के लोकतंत्र को बनाए रखने की जिम्मेदारी दी है। हम उम्मीद करते हैं कि चुनाव आयोग सिर्फ़ किसी एक राजनीतिक दल का, केंद्र सरकार का राजनीतिक हथियार बनकर नहीं रह जाएगा।

## आतिशी का चुनाव आयोग पर उंगली उठाना संवैधानिक व्यवस्थाओं का है अपमान : भाजपा

यह आश्चर्यजनक है कि जो मंत्री आतिशी भाजपा पर विवादित बयान देती हैं और चेतावनी के बावजूद माफी नहीं मांगती वह चुनाव आयोग से ना सिर्फ अपनी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा करती है बल्कि चुनाव आयोग पर परोक्ष रूप से पक्षपात का आरोप भी लगा देती हैं। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने गुरूवार को मंत्री आतिशी पर निशाना साधते हुए कहा कि गुरूवार को आतिशी का यह कहना कि जब चुनाव आयोग 6 दिन में भी हमारी पोस्टरों की शिकायत पर कार्रवाई नहीं कर रहा तो गंभीर मामलों में क्या करेगा सीधे तौर पर चुनाव आयोग पर उंगली उठाना एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं का अपमान है। कपूर ने कहा है कि मंत्री आतिशी चुनाव आयोग से त्वरित कार्रवाई चाहती हैं पर अपने शब्दों से भाजपा का अपमान करने पर मिले मानहानि नोटिस पर 2 दिन बाद भी चुप्पी साधे बैठी हैं।

## निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल भेजना तानाशाही की शुरुआत : संजय सिंह

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल से रिहा होने के एक दिन बाद गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित हनुमान मंदिर में पूजा की और कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार को सदबुद्धि देने के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने राजघाट पर महात्मा गांधी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राजघाट पर कहा कि जिस तरह से दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा गया, वह देश में तानाशाही की शुरुआत है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे केंद्र सरकार अन्य मुख्यमंत्रियों को जेल भेजने की तैयारी कर रहे हैं। यह देश में लोकतंत्र और संविधान के लिए बहुत खतरनाक है और हमें इसके खिलाफ लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासकों के खिलाफ लड़ाई लड़ी क्योंकि उस समय बोलने और सम्मान के साथ जीने की आजादी नहीं थी। उन्होंने दावा किया कि आजादी के 77 साल बाद अब वही स्थिति पैदा हो गई है। सिंह ने कहा कि मैं यहां महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने और उनका आशीर्वाद लेने आया हूं। मैंने इस सरकार को सदबुद्धि देने के लिए प्रार्थना की ताकि वह देश में लोगों की आजादी, लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ करना बंद कर दे। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में जब अन्याय और अत्याचार की सभी सीमाएं पार हो गई हैं और एक तानाशाही सरकार ने एक मुख्यमंत्री को सलाखों के पीछे डाल दिया है, जिसे दिल्ली के दो करोड़ लोगों द्वारा चुना गया था, आप के सभी मंत्री, विधायक और पदाधिकारी अपने नेता अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। संजय सिंह ने मंदिर में पूजा करने के बाद कहा कि भगवान हनुमान के आशीर्वाद से मुझे जमानत मिल गई। मैं अपनी पत्नी के साथ यहां भगवान हनुमान का दर्शन करने आया हूं। मैंने आप के अन्य नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के जल्द जेल से बाहर आने के लिए प्रार्थना की है। आप सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन से मुलाकात की। सत्येंद्र जैन जेल में बंद हैं। जमानत पर बाहर आने के बाद बुधवार को संजय सिंह सीएम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के घर भी गए थे। मनीष सिसोदिया के घर पहुंचकर संजय ने उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया के पैर छूकर आशीर्वाद लिया वहीं गुरुवार को सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया।



## बार-बार डेंगू का प्रजनन पाये जाने पर की जाए कड़ी कार्रवाई : निगमायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने मच्छरजनित बीमारियों ( डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया ) से दिल्ली वासियों को बचाने के लिए अभी से कमर कस ली है और इस बार कड़ी कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ज्ञानेश भारती ने गुरूवार को अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि बार बार डेंगू का प्रजनन पाये जाने पर कड़ी सजा का प्रावधान है और इसे लेकर कार्रवाई की जाए। यदि अधिकारी स्तर पर भी लापरवाही मिलती है तो उन पर भी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही आयुक्त ज्ञानेश भारती ने पहले से जारी परामर्शों में मच्छर जनित बीमारियों के बचाव और नियंत्रण के कदम उठाने के लिए कहा है। कार्यालयों, संस्थानों और कार्य स्थलों पर मच्छरों का प्रजनन रोकने की आवश्यकता पर बल दिया। इन बीमारियों का कोई उपचार और टीका नहीं है इसलिए डेंगू तथा चिकनगुनिया से बचाव और नियंत्रण के लिए स्रोत पर एडिस मच्छरों का प्रजनन समाप्त करना एकमात्र उपाय है। उन्होंने यह भी कहा कि राजधानी में डेंगू के मामले सामने आ रहे हैं। मच्छर जनित बीमारियों के फैलने पर काबू पाने के लिए सरकारी एजेंसियों, कार्यालयों और संस्थानों में उठाये जाने वाले कदमों की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की।

## अनेक मांगों को लेकर डीयू की लॉ फैकल्टी में धरने पर बैठे एबीवीपी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) विधि संकाय द्वारा फीस वृद्धि, खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर, वाईफाई की समस्या, शौचालय समस्या, क्लास रूम में सीटों का अभाव, वॉटर कूलर की समस्या, पिंक टॉयलेट, सेनेटरी वेंडिंग मशीन आदि समस्याओं को लेकर कैंपस लॉ सेंटर, एलसी 1 एवं एलसी 2 के छात्र संयुक्त रूप से धरने पर बैठे हैं। एबीवीपी की यह मांग है कि जब तक प्रशासन द्वारा बढ़ाई गई फीस को कम नहीं किया जाता और समस्याओं के निवारण के लिए एक अवधि तय नहीं की जाती तब तक वह अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे रहेंगे। एबीवीपी दिल्ली प्रांत सह- मंत्री आशीष सिंह ने कहा कि विधि संकाय में हर आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र पढ़ते हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा बढ़ाई गई फीस छात्रों के लिए अनेकों समस्या उत्पन्न कर रही है। साथ ही खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, पानी की समस्या, शौचालय की जर्जर स्थिति से विद्यार्थियों को कई प्रकार की समस्या आ रही हैं जिसके लिए हमने पूर्व में भी विधि संकाय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था किंतु इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। फलस्वरूप हमने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने का निर्णय लिया है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती तब तक हम यूं ही धरने पर बैठे रहेंगे।

## दिल्ली में लोगों का बढ़ रहा कांग्रेस के प्रति रुझान लोकसभा चुनाव का इंतजारः लवली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा है कि दिल्ली के मतदाताओं में कांग्रेस के प्रति लगातार रूझान बढ़ रहा है। अब मतदाताओं को आने वाले चुनावों में कांग्रेस पार्टी व इंडिया गठबंधन के सहयोगी उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए मतदान का इंतजार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घर घर कांग्रेस की गारंटी के कार्ड बांटे है। इस दौरान लोगों का जो प्यार देखा वह अपने आप में अनमोल है। कांग्रेस जिला से लेकर ब्लॉक स्तर तक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दे रही है। उन्होंने कहा कि गत दस साल से हर मोर्चे पर विफल केंद्र सरकार से दिल्ली ही नहीं पूरे देश की जनता परेशान हो चुकी है। राजधानी दिल्ली में लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ा जा रहा है, डीडीए लोगों को सुविधाएं देने के मामले में विफल हो चुका है। लवली ने कहा कि भाजपा ने जो चुनावी वादे किए थे उन्हें आज तक पूरा नहीं किया है। ऐसे में लोगों का मोह भंग हो चुका है। कांग्रेस जो गारंटी कार्ड बांट रही है उन्हें सत्ता में आने के बाद पूरा किया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर बुराड़ी में आजाद घूमते तेंदुए की वीडियो हो रही है वायरल, लोग दहशत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गत दिनों बुराड़ी के जगतपुर गांव में कई लोगों को घायल करने वाले चीते को पकड़ लिया गया था। बावजूद इसके एक बार फिर सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप वायरल हो रही जिसमें बुराड़ी क्षेत्र में एक चीते को खुला घूमते हुए दिखाया जा रहा है। इस क्लिप के वायरल होने से लोगों में एक बार फिर दहशत फैल रही है। सोशल मीडिया में आई इस क्लिप को लेकर अधिकांश लोगों का कहना है कि जो वीडियो वायरल हो रही है वह बहुत पुरानी है। साथ कुछ लोगों का कहना है कि यह वायरल वीडियो बुराड़ी गांव व यमुना तलहटी की नहीं बल्कि किसी पहाड़ी एरिया की पुरानी क्लिप है। बुराड़ी में स्थानीय लोगों के व्हाटसअप ग्रुप पर फैली इस वीडियो को लेकर लोग एक दूसरे को समझा भी रहे है कि यह पुरानी क्लिप है जिसका बुराड़ी गांव व इसके आस पास के क्षेत्रों से दूर दूर तक का कोई लेना देना नहीं है। बता दें कि गत एक अप्रैल 2024 को ही बुराड़ी अंतर्गत जगतपुर गांव में सुबह के समय एक तेंदुआ घुस आया था। इस तेंदुए ने गांव में कई लोगों पर जानलेवा हमला भी किया जिसमें करीब पांच लोग घायल हुए। लेकिन गनीमत रही की जान माल की हानि नहीं हुई। उस तेंदुए को पकड़ लिया गया था।

### आज हल्की बूंदाबांदी के आसार

## मौसम का मिजाज रहा शुष्क, तेज धूप ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार को मौसम का मिजाज विपरीत रहने के कारण सूरज के तेवर कड़े रहे। मौसम विभाग की सफदरजंग वेधशाला के अनुसार राजधानी का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सयस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार दिनभर दिल्ली में तेज धूप छाई रही, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। मौसम विभाग का अनुमान है कि शुक्रवार को



वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी दर्ज हो सकती है। जबकि अगले तीन चार दिन राजधानी में 30-35 किमी की गति से हवाएं चलने का अनुमान है। शुक्रवार के बाद अगले दो तीन दिन मौसम मिलाजुला रहने की संभावना है। जिसमें हवाओं के बावजूद तापमान बढ़कर 38 डिग्री या इससे भी अधिक हो सकता है। वहीं गर्म लू के थपेड़े की मार भी झेलनी पड़ सकती है।

## कई क्षेत्रों में पीने के पानी की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**नई दिल्ली।** अभी प्रचंड गर्मी का दौर शुरू भी नहीं हुआ लेकिन दिल्ली के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। खास कर झुग्गी झोपड़ी, जे जे पुनर्वास कॉलोनियों और अनधिकृत कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था गड़बड़ा रही है। इस बारे में दिल्ली जल बोर्ड को लेकर उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। जलापूर्ति प्रभावित क्षेत्रों में जहांगीरपुरी, रामगढ़, स्वरूप नगर, सिरसपुर, लिबासपुर, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, भलस्वा जेजे कॉलोनी, कलंदर कालोनी, खानपुर, संगम विहार, अंबेडकर नगर, बदरपुर खादर के क्षेत्र, मटियाला, नजफगढ़, नरेला जे जे पुनर्वास कॉलोनी, दिलशाद कॉलोनी, दीपक कॉलोनी, बक्करवाला, बनुकर कालोनी, नवादा, स्वतंत्र नगर, दिलशाद बिहार, गांधी विहार, सोनिया विहार, करावल नगर, खुरैजी, सुरेंद्र नगर, सीलमपुर, बिहारी कॉलोनी, शाहदरा, खुरजा आदि शामिल है। इस बारे में डीजेबी के एक अधिकारी का कहना है कि कई क्षेत्रों में रूटीन मरम्मत कार्य की वजह से सीमित समय के लिए आपूर्ति बंद की जाती है। जबकि कई बार विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे विकास कार्य की वजह से पाइन लाइन आदि क्षतिग्रस्त होने से जलापूर्ति प्रभावित होती है। अधिकारी ने यह भी माना कि इस समय दिल्ली के पानी आपूर्ति में मामूली कमी है, लेकिन टैंकर के द्वारा उसे पूरा किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ताओं का कहना है कि अभी तो दिल्ली में भीषण गर्मी नहीं पड़ी है बावजूद इसके जलापूर्ति घटने से परेशानी बढ़ने लगी है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि जल माफियाओं के साथ मिलीभगत के चलते गर्मियों में कृत्रिम कमी बनाई जाती है। बता दें कि दिल्ली में वर्तमान में जलापूर्ति करीब से 1000 एमजीडी या उससे भी कम जा रही है। जबकि वास्तव में दिल्ली में पीने के पानी की मांग 1296 एमजीडी से 1300 एमजीडी तक है। जाहिर है ऐसे में मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं होने से पानी की किल्लत खड़ी रहती है। डीजेबी इस मांग को पूरा करने के लिए समय समय पर कई योजनाएं बना चुका है, अनेक कदम उठाए जा चुके है। इनमें राजधानी के बुराड़ी क्षेत्र में यमुना खादर में सैंकड़ों ट्यूबवेल लगाने का प्लान भी बनाया था।

## निगम मुख्यालय में लिफ्ट गिरी, प्रशासन का इंकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम मुख्यालय सिविक सेंटर में गुरुवार को लिफ्ट का तार टूटने से लिफ्ट गिर गई और इसमें मौजूद लोगों में कुछ समय के लिए दहसत का माहौल बन गया। वहीं, इस घटना की खबर जैसे ही फैली वहां लोगों ने आसपास की लिफ्ट में जाने से भी परहेज किया। वहीं, निगम प्रशासन ने लिफ्ट गिरने की घटना से इंकार किया है और कहा है कि लिफ्ट का जैसे ही अलार्म बजा तो मौके पर सुरक्षा एहतियात नियम बरते गए और मौजूद लोगों को लिफ्ट से सकुशल निकाल लिया गया। वहीं, एमसीडी में नेता विपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस मामले को लेकर वह शुक्रवार को मौके का निरीक्षण करेंगे और फिर कुछ कहेंगे। मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लिफ्ट में दो लोग थे। सिविक सेंटर के ई-1 ब्लाक की लिफ्ट संख्या पांच में तार टूटने से गिरने की घटना हुई और यहां आने वाले हजारों लोगों को चिंता में डाल दिया।

## दवाइयों की कमी पर स्वास्थ्य सचिव के द्वारा गलत जानकारी देने पर मंत्री सौरभ ने एलजी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने स्वास्थ्य सचिव द्वारा अस्पतालों में दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों की उपलब्धता पर गलत जानकारी देने पर अपना नाराजगी व्यक्त करते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को गुरुवार को पत्र लिखकर दवाओं की अनुपलब्धता की समयबद्ध जांच का निर्देश देने का अनुरोध किया है। और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ ने एलजी को भेजे पत्र में सचिव (स्वास्थ्य) के बारे में दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों की उपलब्धता के बारे में संबंधित मंत्री को गलत जानकारी देने और गुमराह करने के बारे में लिखा है। स्वास्थ्य मंत्री ने उपराज्यपाल से स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह करने वाले अधिकारियों की समयबद्ध जांच का निर्देश देने का अनुरोध किया।

## एनडीएमसी सुविधा शिविर का आयोजन कल

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए अपना अगला सुविधा शिविर कल, शनिवार, 6 अप्रैल 2024 को सुबह 10.30 बजे से 12.30 बजे तक जय सिंह मार्ग (पालिका केंद्र के निकट) स्थित एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित करेगी। एनडीएमसी प्रशासन ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यहां शिविर में आए और अपनी समस्या का समाधान पाए।

## आज से 23 अप्रैल तक सांस्कृतिक पर्व उत्सव मनाएगी प्रदेश भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा 5 अप्रैल से 23 अप्रैल तक सांस्कृतिक पर्व उत्सव मनायेगी। 5 अप्रैल को निषादराज जयंती मनाई जाएगी जिसके मुख्य कार्यक्रम ओबीसी मोर्चा आयोजित करेगा। 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस है जिस दिन हर बूथ स्तर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र लगा कर माल्यार्पण होगा और कार्यकर्ता हर घर पार्टी ध्वज लहरायेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 9 अप्रैल को भारतीय नव वर्ष के दिन कार्यकर्ता हर घर हर गली भगवा लहरायेंगे और घर में काम करना वाले सहयोगियों के साथ जलपान करके उनका आत्म सम्मन गौरव बढ़ायेंगे। 11 अप्रैल महात्मा ज्योतिरादित्य फुले जयंती पर ओबीसी मोर्चा एवं महिला मोर्चा उनके निमित माल्यार्पण कार्यक्रम करेंगे और उनके समाजिक कार्यों पर लोक चर्चा करेगें।

# फरीदाबाद जिले में ऑटो ड्राइवर करेंगे मतदाताओं को जागरूक, 75% मतदान का रखा है लक्ष्य

## निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने हरी झंडी दिखाकर ऑटो चालकों को किया रवाना

मतदाताओं को 25 मई मतदान पर्व की भागीदारी के लिए फरीदाबाद जिला में ऑटो ड्राइवर मतदाताओं को अधिक से मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदाताओं को 25 मई मतदान पर्व की भागीदारी के लिए फरीदाबाद जिला में ऑटो ड्राइवर मतदाताओं को अधिक से मतदान के लिए जागरूक करेंगे।

लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि 18वीं लोकसभा चुनाव-2024 में जिला फरीदाबाद में 75 प्रतिशत से अधिक मतदान पहुंचाने का लक्ष्य है। स्वीप एक्टीविटी के तहत जिला में 33 हजार आटो पर विनायल लगाए जा रहे हैं। जो मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

**खास बातें**
- स्वीप एक्टीविटी के तहत जिला में 33 हजार ऑटो पर विनायल लगाए जा रहे
- ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक
- मौके पर एडीसी आनंद शर्मा रहे मौजूद



**लोस निर्वाचन अधिकारी ने की चर्चा**

लघु सचिवालय सेक्टर-12 से जिला लोकसभा निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और स्वीप एक्टीविटी के नोडल अधिकारी एडीसी आनंद शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर चालकों को अपने अपने ऑटो के साथ विनायल लगा कर रवाना किया गया है।

एडीसी एवं स्वीप अभियान के जिला नोडल अधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में स्वीप अभियान को लेकर संबंधित अधिकारियों और आटो यूनियन के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

इस दौरान एआरओ, एसडीएम बड़खल अमित मान, ऑटो यूनियन प्रधान भोपाल सिंह, जनरल सेक्रेटरी घनश्याम, अरविंद कुमार, पप्पन, जीतू, बबली सहित अन्य ऑटो चालक तथा अधिकारी मौजूद थे।

गौरतलब कि फरीदाबाद में बदरपुर बार्डर, बाईपास, पल्ला पुल, खेड़ी पुल, सेक्टर-28 मेट्रो, बड़खल मेट्रो, बड़खल फ्लाई ओवर, बाटा चौक, ओल्ड फरीदाबाद, बीके चौक, बल्लभगढ़ बस स्टैंड सहित अन्य कई प्वाइंट पर आटो चालकों की यूनियन बना कर यातायात के नियमों की पालना के लिए किए गए प्रशासनिक सहयोग किया जा रहा है।


**खबर संक्षेप**

### शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा



फरीदाबाद। खेड़ी कलां ग्राम निवासियों के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में किसान संघर्ष समिति नहरपार के महासचिव एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी कलां के स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सत्यपाल नरवत, वरिष्ठ भाजपा नेता बलजीत सिंह नरवत, जगदीश, कमल सिंह एवं महेंद्र सिंह शामिल थे।

### लापता महिला को किया परिजनों के हवाले



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम व थाना सेक्टर.58 पुलिस टीम के द्वारा संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए घर से लापता महिला को तलाश कर परिजनों के हवाले किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि महिला अपने घर से 8 अप्रैल 2023 से लापता थीं, जिसकी सूचना थाना सेक्टर-58 में दी गई थी। पुलिस के द्वारा मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश शुरू की थी।

### जुआ खेलते हुए 18 आरोपी रंगे हाथों गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना पुलिस व अपराध शाखा टीम के द्वारा जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 18 आरोपियों को जुआ खेलते हुए मौके से काबू किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सन्नी, दिलीप, शहजाद, पारस, योगेश, दीपक, सलमान, प्रेम, मुमताज, अनिल कुमार, असर्फी, आकाश, बबलू, इंद्रजीत, मुकेश, गौरव, बॉबी, विनोद का नाम शामिल है। सभी आरोपी फरीदाबाद के निवासी हैं।

## 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस

# गाजियाबाद में पीएम मोदी के रोड शो को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

6 अप्रैल भाजपा की स्थापना दिवस के अवसर पर पर होने वाले पीएम मोदी के शो रोड शो की सभी संगठनात्मक तैयारी का जायजा लेने भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया एवं प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने प्रमुख पदाधिकारीयों के साथ बैठक ली। पीएम रोड शो वाले रूट से जुड़ी सभी तैयारियों का बारीकी से आंकलन करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने कहा कि पीएम मोदी का रोड शो उत्तर प्रदेश का पहला रोड शो है। इसको ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी अपनी अपनी जिमेदारी का पूर्ण जोश एवं ईमानदारी से निर्वहन करें । बड़े सौभाग्य की बात है कि देश के प्रधानमंत्री 2024 की अपनी तीसरी पारी संभालने के लिए अथवा गजियाबाद के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग के समर्थन में विकसित भारत का संकल्प दोहराने गाजियाबाद के नागरिकों के बीच उपस्थित रहेंगे।

**खास बातें**
- बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा
- क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो की तैयारी का लिया जायजा

> 6 अप्रैल भाजपा की स्थापना दिवस के अवसर पर पर होने वाले पीएम मोदी के शो रोड शो की सभी संगठनात्मक तैयारी का जायजा लेने भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया एवं प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने प्रमुख पदाधिकारीयो के साथ बैठक ली।





**भारतीय परिधान में महिला, दिव्यांग, खिलाड़ी व व्यापारी रहेंगे मौजूद**

पूरे रोड शो को 15 से 17 ब्लॉक में वर्गीकरण करते हुए भारतीय परिधान के साथ महिलाओं का ब्लॉक, दिव्यांग , खिलाड़ी, व्यापारी ब्लॉक सहित अन्य ब्लॉक रोड शो की शोभा बढ़ाने के लिए तैयार किए जाएंगे। संगठन की ओर से पीएम रोड शो की सफलता की देख रेख क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, मंत्री आशीष वत्स और लोकसभा की दृष्टि से पीएम रोड शो की सफलता के बाबत अपनी लोकसभा की टोली के साथ पूर्व महापौर आशु वर्मा कमान संभालेंगे। बैठक में सभी प्रमुख जिम्मेदारियों का आवंटन कर मौजूद कार्यकर्ता को संबंधित जिम्मेदारी की पूरी जानकारी दी गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व निगम उपाध्यक्ष सुनील यादव,महामंत्री पप्पू पहलवान पूर्व पार्षद अनिल स्वामी सरदार एसपी सिंह गोपाल अग्रवाल सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, संदीप त्यागी,राजेंद्र त्यागी, राजीव शर्मा, दिवाकर सिंघल, राजेंद्र तितौरिया, सचिन डेढ़ा, कामेश्वर त्यागी, रानीता सिंह धीरज शर्मा उदिता त्यागी पवन गोयल, संजय कश्यप राजेंद्र मित्तल, चमन चौहान, नीरज गोयल, अनिल सांवरिया, महिम गुप्ता, हिमांशु शर्मा, प्रतीक माथुर, नमित वार्ष्णेय ,राहुल बैंसला, ओम दत्त कौशिक, दयानंद बंसल आदि उपस्थित रहे।पीएम रोड शो में प्रयुक्त होने वाले रथ की जिम्मेदारी अनुज मित्तल, संदीप त्यागी तथा मीडिया की जिम्मेदारी प्रदीप चौधरी संभालेंगे।

## फर्जी दस्तावेजों पर पासपोर्ट बनाकर करते थे ठगी

# सीएम फ्लाइंग ने किया किडनी रैकेट का गुरुग्राम में भंडाफोड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह रैकेट जयपुर में चलाया जा रहा था। टीम ने गुड़गांव के सेक्टर-39 के बाबिल पाला होटल में रेड की तो उन्हें बांग्लादेश मूल का मोहम्मद शमीम नाम का युवक मिला। जिसकी किडनी को जयपुर फोर्टिस अस्पताल में निकाला गया था। जिसे इसी होटल में डे केयर दिया जा रहा था। टीम ने गेस्ट हाउस में ठहराए गए किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले चार मरीजों को पकड़ा है। वहीं पुलिस ने रैकेट संचालक सहित अन्य पर केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है।

स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ ने बताया कि सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली कि एक होटल के जरिए किडनी प्रत्यारोपण रैकेट चल रहा है। इस पर स्वास्थ्य विभाग के डीएमएस व सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर धर्मवीर, एसआई मदन, एएसआई अशोक की टीम ने सेक्टर-39 के होटल में रेड की। यहां गेस्ट हाउस संचालक रोहित मिला और उसने गेस्ट हाउस में ठहरे लोगों जानकारी दी।

**फेसबुक पर विज्ञापन देखकर एजेंट से किया था संपर्क**

फेसबुक पर किडनी प्रत्यारोपण का विज्ञापन देखकर उसने झारखंड के रांची निवासी मोहम्मद मुर्तजा अंसारी नानक एजेंट से संपर्क किया। जिसने बांग्लादेश की करेंसी के मुताबिक उसे चार लाख टका दिए जाने का सौदा तय किया। एजेंट ने ही उसके फिंगरप्रिंट लेकर उसका फर्जी पासपोर्ट बनवाया और करीब दो महीने पहले भारत भेज दिया। यहां उसका फोर्टिस अस्पताल जयपुर में ऑपरेशन किया गया और कुछ दिन पहले ही उसे गुरुग्राम में शिफ्ट किया गया है।

## बरामद किए गए आधा दर्जन वाहन

# वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 4 आरोपियों को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



क्राइम ब्रांच बॉर्डर, एनआईटी तथा 85 की टीम ने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले 3 गैंग के 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसीपी क्राइम अमन यादव ने बताया कि आरोपी का नाम मुस्ताक है । इस मामले में उसके साथ तीन अन्य साथी भी शामिल है जिनकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को चोरी के मोटरसाइकिल सहित सराय एरिया से काबू किया था। आरोपी को थाने लाकर मामले में गहनता से पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि उसने यह मोटरसाइकिल सराय एरिया से ही चोरी की थी जिस संबंध में सराय थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने इससे पहले भी मोटरसाइकिल चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया है जिसकी जांच की जा रही है। आरोपी वर्ष 2017 तक गुजरात में कबाड़ा बीनने का काम करता था जो बाद में आकर यहां रहने लगा।

# खुले मेनहोल में गिरा दो साल का मासूम, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



सेक्टर-37 थाना एरिया के गांव सीही में दो साल के मासूम की खेलते वक्त ड्रेन के खुले मेनहोल में गिरने से मौत हो गई। काफी देर तक तलाश करने के बाद दंपती को उनका बेटा ड्रेन के पानी में तैरता मिला। उन्होंने दमकल, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को इसकी सूचना देकर शव को ड्रेन से बाहर निकाला। डॉक्टरों ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर संबंधित अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

**खेल रहा था बच्चा**

नेपाल मूल के भगत कुमार अपनी पत्नी पार्वती सुनार के साथ गुरुग्राम के गांव सीही में किराए पर रहते हैं। शादी के बाद उनका कोई बच्चा नहीं था। 15 साल तक मन्नत मांगने के बाद उनके घर दो साल पहले बेटे ने जन्म लिया था। बेटा प्रदीप दुकान के पास खेल रहा था। यहां ड्रेन का मेन होल खुला था। खेलते वक्त उनका बेटा इस ड्रेन में गिर गया। काफी देर तक जब उनका बेटा उन्हें दिखाई नहीं दिया तो वह उसे ढूंढने लगे। उनकी नजर ड्रेन के खुले मैनहोल पर पड़ी तो देखा कि बेटे का शव ड्रेन में भरे पानी में तैर रहा था।

# ऐमज़ॉन की पैकिंग में गांजा सप्लाई करने वाला तस्कर काबू

कॉर्पोरेट दफ्तरों, कॉलेजों के आस-पास फुटकर में बेचता था गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




क्राइम ब्रान्च पुलिस ने गांजा की तस्करी/बिक्री करने वाले अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 10 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ है। जिसकी अंतराष्ट्रीय बाजार में पांच लाख कीमत है। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि क्राइम ब्रान्च ने एनसीआर क्षेत्र मे नाजायज गांजा की तस्करी व बिक्री करने वाले एक अंतर्राज्यीय तस्कर शिवम मिश्रा को थाना नंदग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पूछताछ पर शिवम ने बताया कि उसने बीबीए की पढ़ाई की है। कोरोना के दौरान नौकरी छूट जाने से घर का खर्चा चलाना मुश्किल हो गया था। इस बीच गांजा तस्कर बॉस्को के संपर्क में आया, जिसने उसे बताया कि गांजा की तस्करी व बिक्री में कई गुना मुनाफा होता है।

**10 ग्राम की गांजे की पुड़िया 800 से 1000 रुपए में**

वह गांजे के छोटे-छोटे पैकेट बनाकर ऐमजॉन की पैकिंग मे पैक करके मोटर साइकिल से गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में कॉर्पोरेट ऑफिसों, कॉलेजों व फैक्ट्रियों के आस-पास फुटकर में बेचता था। लगभग 10 ग्राम की गांजे की पुड़िया 800 से 1000 रुपए में बेचता है। ऐमजॉन की पैकिंग इस लिए करता है जिससे उसे डिलीवरी बॉय समझा जाए और वह लोगो की नजर में न आये। गाँजा तस्करी व बिक्री में उसे काफी मुनाफा होता है जिससे वह अपने व अपने घर के खर्चे व शौक पूरे करता है।

अभियुक्त से पूछताछ पर गांजे की तस्करी व बिक्री करने वाले कई अन्य महत्तवपूर्ण जानकारियाँ मिली है जिसके आधार पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वाले अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीमें बनाकर दबिश दी जा रही हैं ।

# नकली शराब की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश

निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर तरह रोक लगाए अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के आबकारी एवं कराधान विभाग कमिश्नर अशोक मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर पूर्णतया पाबन्दी सुनिश्चित करें। अशोक मीणा आज वीरवार को दोपहर बाद विडियो कान्फ्रेंस के जरिए जिला निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों तथा आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करने बारे दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी आपसी तालमेल कर भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अवैध शराब पर पूर्णतया पाबंदी सुनिश्चित करें।

**एक्साइज विभाग की ओर से जारी किए गए नंबर पर करें शिकायत**




**13 नाकों पर पूरी तरह से सतर्कता बरते**

लोकसभा निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला में शराब की अवैध आवाजाही व नकली शराब की शिकायत पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला फरीदाबाद में सभी उपमंडलाधीश अपने इलाकों में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें। जिला के सभी 13 नाकों पर पूरी तरह से सतर्कता बरते। सभी सेक्टर अधिकारी नियमित बैठक कर पूरी जानकारी लेते रहे।

**शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष**

आबकारी एवं कराधान विभाग हरियाणा की ओर से लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान शराब की अवैध आवाजाही की शिकायतों के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चालू रहेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति शराब की किसी भी अवैध आवाजाही, बिक्री व हरियाणा राज्य में नकली शराब की आवाजाही व बिक्री के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है या सूचना दे सकता है।

## सुसाइड नोट में किसी को नहीं ठहराया जिम्मेदार

# मां ने की बेटी की हत्या, फिर फांसी लगाकर दे दी जान

फरीदाबाद में मां ने पहले अपनी 13 साल की बेटी की गला घोटकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद भी फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर 29 हुडा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक मां ने पहले अपनी 13 साल की बेटी की गला घोटकर हत्या कर दी और इसके बाद खुद भी फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस ने यह पता लगाने में लगी है कि महिला ने अपनी बेटी की हत्या और खुदकुशी क्यों की।

जानकारी के मुताबिक, घटना बुधवार दोपहर की है। 39 वर्षीय यशोदा नामक महिला 29 हुडा सेक्टर के कम्युनिटी सेंटर के पास किराए मकान में रहती थी। उसके पति एन प्रताप गुरुग्राम में हुंडई कंपनी में काम करते हैं। महिला के पास उसकी 13 साल की बेटी वैष्णवी रहती थी, जो कक्षा नौ में पढ़ती थी। बताया जाता है कि कल दोपहर यशोदा ने पहले अपनी बेटी वैष्णवी की गला घोटकर हत्या



की और बाद में खुद भी फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। आज जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाया और दोनों मां बेटी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल भिजवाया।

**कन्नड भाषा में लिखा सुसाइड नोट**

मौके पर पहुंची पुलिस को एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। यह सुसाइड नोट कन्नड़ भाषा में लिखा हुआ है। पुलिस ने सुसाइड नोट को महिला के पति से ही पढ़वाया। जिसमें महिला ने बेटी की हत्या और आत्महत्या के लिए उसने किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। घटना के वक्त महिला का पति एन प्रताप ड्यूटी पर गया हुआ था। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में लगी है कि महिला ने अपनी बेटी की हत्या और उसके बाद खुद आत्महत्या क्यों की।

# अयोध्या राम मंदिर में भूमिगत परिक्रमा पथ का निर्माण शुरू

# पथ होगा सुसज्जित और आकर्षक, रामायण कालीन प्रसंगों की कलाकृतियों का चित्रण भित्तिचित्र के रूप में किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर के चारों ओर निर्माणाधीन बहुउद्देशीय आयताकार परकोटे में भूमिगत परिक्रमा पथ का भी निर्माण कराया जा रहा है। परकोटे की चारों भुजाओं को मिलाकर करीब आठ सौ मीटर के इस परिक्रमा पथ को दर्शनीय भी बनाने जाने की योजना है। बताया गया कि इस परिक्रमा पथ में रामायण कालीन प्रसंगों की कलाकृतियों का चित्रण भी भित्तिचित्र के रूप में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भी पूरे परिपथ को सुसज्जित कर आकर्षक बनाने की योजना बनाई गई है।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने उत्तर भारत की नागर शैली में मंदिर निर्माण की परिकल्पना की थी लेकिन इसमें परकोटा के रूप में दक्षिण भारतीय शैली का समावेश की उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया। यह परकोटा बाहय दृष्टि से मंदिर की सुरक्षा दीवार भी होगा। इसके अलावा भीड़ के दौरान इस परकोटे के ऊपरी हिस्से के 14 फीट चौड़े परिपथ को परिक्रमा के रूप में भी प्रयोग कर भीड़ को रोटेट करने में भी सहायक होगा।

**खास बातें**

- 800 मीटर लंबा और 14 फीट चौड़ा होगा परिक्रमा पथ
- छह मंदिरों का निर्माण होगा
- राम मंदिर की बाहरी दीवारों पर शेष रहे कार्य प्रारंभ



## पंचायतन उपासना पद्धति से होगा मंदिरों का निर्माण

इसके अलावा इस परकोटे के चारों कोण के अलावा दक्षिण व उत्तरी भुजा के मध्य में छह मंदिरों का निर्माण भी प्रस्तावित किया गया है। इन मंदिरों के निर्माण से सनातन परंपरा में पंचायतन उपासना पद्धति को भी समाहित किया जा सकेगा। इस परकोटे के केंद्र में रामलला का दिव्य मंदिर बनकर तैयार है। भगवान राम को भगवान विष्णु का ही अवतार माना गया है। वहीं प्रथम पूज्य गणपति के मंदिर के अलावा शैव परंपरा में भगवान शिव एवं शाक्त परंपरा में मां आदिशक्ति एवं देवी अन्नपूर्णा का भी मंदिर रहेगा। इसके अलावा वैष्णव परंपरा के आचार्य के रूप में भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान एवं भगवान राम के सूर्यवंशी परंपरा में प्रत्यक्ष देवता के रूप में पूजित भगवान सूर्य नारायण का भी मंदिर बनेगा। इस परकोटे के दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पूर्व में क्रमशः सूर्य देव व गणपति के मंदिरों का फाउंडेशन सतह से ऊपर उठ चुका है।

**आइकोनोग्राफी फिर शुरू**

रामलला की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की तिथि निर्धारित होने के बाद प्राथमिकता के आधार पर उन्हीं कामों को कराया जाएगा जो नियत समय पर पूरे हो सके। इसके अलावा शेष कार्य रोक दिए गए थे। इन्हीं में राम मंदिर के भूतल में लगे 160 खंभों में से दर्शन मार्ग की सीधी में 70 स्तम्भों पर ही आइकोनोग्राफी के जरिए मूर्तियां उत्कीर्ण कराई गईं थी। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब अवशेष 90 स्तम्भों पर भी आइकोनोग्राफी से मूर्तियों का उत्कीर्ण शुरू हो गया है। यह स्तम्भ रंग मंडप व नृत्य मंडप के दोनों किनारों के लेन में स्थित है। इसके साथ प्रथम व द्वितीय तल पर भी काम चल रहा है। वहीं राम मंदिर की बाहृय दीवारों पर भी अवशेष कार्य को पूरा कराया जा रहा है।

### निर्माण एजेंसियों के साथ करेंगे संयुक्त बैठक

श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र की भवन निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक गुरुवार से शुरू हुई। बैठक के लिए समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने दर्शन-पूजन के बाद सायं चार बजे से राम मंदिर में राम नवमी की तैयारियों के दृष्टिगत हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके उपरांत अगले दो दिनों तक राम मंदिर में निर्माणाधीन कार्यों के अवलोकन के साथ तीर्थ क्षेत्र पदाधिकारियों व संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करेंगे।


**खबर संक्षेप**

### तेजस्वी और तारकिशोर को वाई प्लस सुरक्षा



**पटना।** बिहार के दो पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और तारकिशोर प्रसाद की सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दोनों को वाई प्लस सुरक्षा दी जाएगी। गृह विभाग ने इस संबंध में बुधवार को डीजीपी को आदेश जारी कर सुरक्षा मुहैया कराने का निर्देश दिया है। गृह विभाग के आदेश में कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान किए जाने वाले दौरों और वर्तमान खतरे से जुड़ी आकलन रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार के द्वारा दोनों नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। वाई प्लस श्रेणी में करीब एक दर्जन सुरक्षाकर्मी होते हैं। इसमें दो से चार कमांडो और पुलिसकर्मी शामिल होते हैं।

### बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालु की मौत



**मथुरा।** वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर में एक श्रद्धालु की मौत हो गई। मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है, लेकिन प्रथम दृष्टया भीड़ के कारण दम घुटने की बात सामने आ रही है। पुलिस मृतक की शिनाख्त में जुटी है। गुरुवार दिन में करीब 11:30 बजे को ठाकुर बांकेबिहारी महाराज के दर्शन करने आए करीब 35 वर्षीय युवक की मंदिर के अंदर तबियत ख़राब हो गई। मंदिर के निजी गार्ड उसे गेट नंबर एक से बाहर लेकर आए। मंदिर पर मौजूद प्राथमिक चिकित्सा टीम ने इलाज किया।

योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया, कहा

# अयोध्या में रामलला विराजमान हुए, अब मथुरा की बारी, ब्रज भूमि के विकास पर हमारा पूरा ध्यान

एजेंसी ▶▶ मथुरा

सीएम योगी ने मथुरा में भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं, अब मथुरा की बारी है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति पर अनर्गल टिप्पणी करने वाले खुद के लिए गड्ढा खोद रहे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मथुरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के पक्ष में सेठ बीएन पोद्दार इंटर कालेज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सपा, बसपा और कांग्रेस ने किया। ये तो राम भक्तों पर गोली चलाते थे। इनके समय क्या कुछ अयोध्या में नहीं किया गया। आज अयोध्या जाएंगे तो त्रेतायुग याद आएगा। वहां सब खुश इसलिए हैं कि मोदी जी के प्रयास से पांच सौ वर्षों बाद प्रभु राम विराजमान हो गए हैं। वहां के लोगों की आय भी कई गुणा बढ़ गई है। हमने तो पहले भी कहा था। काशी और अयोध्या में जो कार्य कराना था, उसे लाइनअप कर दिया है।

**खास बातें**

- आधी आबादी का अपमान बर्दाश्त नहीं
- अयोध्या और काशी विश्वनाथ में विकास के काम कराए
- यमुना मैय्या का शुद्धिकरण करेंगे
- मथुरा-वृंदावन के कुंडों का संरक्षण करेंगे



### मातृशक्ति पर अनर्गल टिप्पणी करने वाले खुद के लिए गड्ढा खोद रहे

सीएम योगी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। इसके साथ ही सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि कोई मातृशक्ति का अपमान करे, यह हमारा समाज कभी भी स्वीकार नहीं कर सकता है। यह राधे रानी की भूमि है। अगर आधी आबादी का अपमान करोगे तो आधी आबादी ही नहीं, बल्कि पूरा भारत वर्ष ऐसा सबक सिखाएगा कि आगे से राजनीति करने लायक बच नहीं पाओगे। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति पर अनर्गल टिप्पणी करने वाले खुद के लिए गड्ढा खोद रहे। प्रत्याशी ढूंढे से न मिलने से कांग्रेसी अपना आपा खोकर ऐसी टिप्पणियां कर रहे। सीएम योगी ने कहा कि लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली, जनपद मथुरा के वासी अपना एक-एक वोट कमल के निशान पर भाजपा को देने जा रहे हैं। हेमा मालिनी तीसरी बार रिकॉर्ड मतों से जीत कर संसद में जाएंगी।

### न्यायालय की प्रक्रिया में देरी हो सकती है

सीएम योगी ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान की ओर इशारा करते हुए कहा कि कुछ मामले न्यायालय में लंबित है, इसके कारण कुछ रुकना पड़ता है। लेकिन अंततः जीत हमारी ही होनी है। हमने अयोध्या के लिए पांच सौ वर्षों का इंतजार किया। लेकिन संघर्ष से कभी पीछे नहीं हटे। अंततः परिणाम आया। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या, काशी, मथुरा में सबसे पहले चुनाव मथुरा में हो रहा है। यहीं से संदेश भी जाना चाहिए। मथुरा का संदेश पूरे यूपी के लिए स्पष्ट होना चाहिए कि काशी का काम हो गया है, अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं, अब मथुरा की बारी है।

### अयोध्या और काशी में विकास कार्य करवाए

योगी ने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करवाया। काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का काम करवाया। अयोध्या और काशी में विकास के कई कार्य किए हैं। उन्होंने पूछा, कांग्रेस, सपा और बसपा ने अयोध्या, काशी विश्वनाथ में काम क्यों नहीं करवाया। अब हमारा पूरा फोकस ब्रज भूमि पर, इसके विकास के लिए हम पूरा पैसा देने जा रहे है। योगी ने कहा कि यमुना मैय्या की शुद्धिकरण से लेकर मथुरा-वृंदावन के कुंडों के संरक्षण और गौशालाओं के लिए सरकार काम करेगी।

### हेमा मालिनी ने मथुरा सीट से भरा नामांकन

यूपी की मथुरा सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार हेमा मालिनी ने बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल किया। मथुरा से वर्ष 2014 और 2019 के चुनाव में सांसद चुनी गई हेमा मालिनी को पार्टी ने लगातार तीसरी बार इस सीट से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने दो बार में दो अलग-अलग सेट में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सरकार में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यसभा सदस्य चौधरी तेजवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, विधायक राजेश चौधरी और पूरन प्रकाश उपस्थित थे।

नामांकन से पहले संवाददाताओं से बातचीत में हेमा मालिनी ने कहा कि मैं यही कहूंगी कि जनता के लिए और अधिक विकास कार्य करने के वास्ते मैं यहां पर तीसरी बार आई हूं और जो-जो काम रह गये हैं उन सभी को पूरा करूंगी। सबके साथ मिलकर यहां का विकास होगा।

उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में मथुरा में यमुना की सफाई का काम पूरा करना, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण और रेल पटरी का निर्माण जैसे मुद्दे प्रमुख हैं।

पीएम मोदी की उपस्थिति में गरजे सीएम

# राजद के शासन में हिंदू-मुसलमान का झगड़ा, अब विकास का काम हो रहा



एजेंसी ▶▶ जमुई

पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार में एनडीए गठबंधन के नेताओं की उपस्थिति में सीएम नीतीश कुमार राजद पर खूब गरजे। सीएम नीतीश ने कहा कि जब तक हम लोग हैं, हिंदू-मुसलमान का झगड़ा नहीं होगा लेकिन गलती से फिर उसी को वोट दीजिएगा तो फिर झगड़ा शुरू करा देगा। जेडीयू अध्यक्ष नीतीश ने राजद की सरकार में लालू यादव और राबड़ी देवी के 15 साल के कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा कि पहले हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था। हम लोग आ गए तो हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा भी खत्म हो गया। उन्होंने राजद के 15 साल के शासन की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय शाम में कोई घर से बाहर निकल पाता था। 15 साल मौका मिला लेकिन कुछ नहीं हुआ। हम लोगों को मौका तो हम लोगों ने सब काम कर दिया। नीतीश कुमार ने मुस्लिम मतदाताओं की इशारा करते हुए कहा कि 2005 तक बिहार में हिंदू मुस्लिम का खूब झगड़ा होता था।

### पीएम मोदी ने बिहार के लिए बहुत काम किया



नीतीश ने कहा कि नरेंद्र मोदी 10 साल से प्रधानमंत्री हैं। इन्होंने बिहार के लिए भी बहुत काम किया है। केंद्र सरकार की तरफ से बिहार में सड़क और पुल निर्माण का बहुत काम हो रहा है। केंद्र सरकार योजना देता है और हम लोग मिलकर बिहार में जमीन पर उतारते हैं। जनता एक-एक चीज देख ले कि भाजपा के साथ मिलकर हमारी सरकार ने कितना काम किया। नीतीश कुमार ने बिहार में विकास कार्यों की बात बताते हुए कहा कि 2015 में हम लोग सात निश्चय की योजना लेकर आए। अब 2020 में सात निश्चय पार्ट 2 लागू किया गया है। सरकारी नौकरी भी बड़े पैमाने पर बिहार में दी जा रही है। शिक्षक बहाली की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कई फेज की नियुक्ति हो

### नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाएं

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए को जीत दिलाना है। नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे इस बार हम लोग 400 से भी ज्यादा सीट जीतेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में जब एनडीए की सरकार बनी तो सबसे पहले हम लोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया और 50% आरक्षण अलग-अलग क्षेत्र में सुनिश्चित कर दिया। बच्चियों के पढ़ने के लिए बहुत सारे इंतजाम कर दिए और स्वयं सहायता समूह बनाकर महिलाओं को सक्षम बनाने का काम किया। उसका नाम हमने जीविका दिया। उसी का नाम देश में आजीविका पड़ा। आज देश में 10 लाख 51 हजार स्वयं सहायता समूह है जिसमें एक करोड़ 31 लाख से ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं।

## पेज एक का शेष

### देश की बढ़ती ताकत...

के साथ कोई अन्याय होता था जो दूसरे देशों से शिकायतें की जाती थीं,अब स्थिति बदली है आज का भारत किसी देश से शिकायत करने नहीं जाता बल्कि दुश्मन देश को घर में घुसकर मारता है।

**ये जनसैलाब बता रहा है ये विजयी सभा है:** जनसभा में मौजूद लोगों की भीड़ देखकर पीएम मोदी ने कहा कि ये चुनावी सभा है या विजयी सभा है। ये सैलाब जनता का मूड बता रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा बिहार कह रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार। मैं जब भी यहां आया, आपने भरपूर प्यार दिया। लेकिन आज मैं इस मंच से कमी महसूस कर रहा हूं. ये पहला ऐसा चुनाव है जब बिहार के बेटे, दलितों के प्रिय रामविलास पासवान जी हमारे बीच नहीं हैं। मुझे संतोष है कि रामविलास के विचार को मेरा छोटा भाई चिराग पासवान पूरी गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं। 19 अप्रैल को आप एनडीए को जो समर्थन देंगे, वो रामविलास जी के संकल्पों को मजबूती देगा।

**एनडीए ने बिहार को बड़े दलदल से निकाला:** प्रधानमंत्री ने कहा, बिहार की धरती ने आजादी के लिए बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। बिहार को एनडीए गठबंधन बहुत परिश्रम से एक बड़े दलदल से बाहर निकल कर लाया है। अब समय आ गया है बिहार बहुत तेज गति से विकास करेगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बहुत निर्णायक है। यह चुनाव विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने का चुनाव है। आज कांग्रेस और आरजेडी जैसे पार्टी हैं जिसने पूरी दुनिया में देश का नाम ख़राब किया था। एनडीए का एक ही लक्ष्य है विकसित भारत का निर्माण। कांग्रेस राज में भारत को कमजोर और गरीब राज माना जाता था।

### संजय निरुपम ने ...

अच्छा लगा। इससे पहले खरगे को लिखे पत्र में निरुपम ने कहा था कि मैंने आखिरकार आपकी बहुप्रतीक्षित इच्छा को पूरा करने का फैसला किया है। मैं एलान करता हूं कि मैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

**निरुपम ने कहा: कांग्रेस बिखरी हुई पार्टी:** संजय निरुपम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस आलाकमान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मैंने कल एक घोषणा की और लगभग 10:40 बजे मल्लिकार्जुन खरगे को अपना इस्तीफा भेज दिया। कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से बिखरी हुई पार्टी है और पार्टी के नेताओं ने भी कहा है कि इसकी विचारधारा दिशाहीन है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस पार्टी में एक पावर सेंटर हुआ करता था, लेकिन इस समय कांग्रेस पार्टी में पांच पावर सेंटर हैं और पांचों की अपनी लॉबी है जो आपस में टकराती रहती है। इन पांचों सेंटर में सबसे पहले सोनिया गांधी हैं, दूसरे सेंटर में राहुल गांधी, तीसरे में प्रियंका गांधी, चौथे में अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और आखिरी में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल हैं। यह सब अपने प्रकार से राजनीति कर रहे हैं।

### प्रभु श्रीराम की ...

कुछ कहना चाहता हूं। लिखना चाहता हूं। बताना चाहता हूं, लेकिन मेरे संस्कार ऐसा कुछ भी कहने से मना करते हैं, जिससे दूसरों को कष्ट पहुंचे। फिर भी मैं आज अपनी बातों को आपके समक्ष रख रहा हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि सच को छिपाना भी अपराध है और मैं अपराध का भागी नहीं बनना चाहता। गौरव वल्लभ ने आगे लिखा, 'अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में कांग्रेस पार्टी के स्टैंड से मैं क्षुब्ध हूं। मैं जन्म से हिंदू और कर्म से शिक्षक हूं। पार्टी के इस स्टैंड ने मुझे हमेशा असहज किया, परेशान किया। पार्टी व गठबंधन से जुड़े कई लोग सनातन के विरोध में बोलते हैं और पार्टी का उस पर चुप रहना, उसे मौन स्वीकृति देने जैसा है।

### आरोपी ने युवती...

का नाम स्नेहा जाट है। वह जूनी इंदौर की रहने वाली है। वहीं उसके साथ उसके दूर के रिश्तेदार, जो उसका दोस्त भी उसकी पहचान दीपक जाट के रूप में की गई, वह आगर मालवा का निवासी था। वहीं इस घटना को सीहोर के रहने वाले अभिषेक यादव ने अंजाम दिया। मामला प्रेम-प्रसंग का बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक घटना स्वामी नारायण मंदिर कैम्पस की है। लड़की स्नेहा जाट और उसका रिश्तेदार दीपक जाट मंदिर में दर्शन करने आए थे तभी एक अन्य लड़का अभिषेक यादव वहां आया और लड़की और उसके दोस्त को गोली मार दी। बताया जाता है कि गोली मारने वाला लड़का स्नेहा से एकतरफा प्यार करता था। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गया। वह घबराते हुए अरिहंत कॉलेज कैम्पस में पहुंचा और सिक्योरिटी गार्ड से पानी मांगा। उसे लगा कि दोनों लोगों को गोली मारने के बाद खुद भी नहीं बच पाएगा। इस कारण से उसी पिस्टल से खुद को भी गोली मारकर खत्म कर लिया। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया एक तरफा प्रेम प्रसंग का मामला हो सकता है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर मामले की तफ्तीश कर रही है। इस गोलीकांड से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

### सब्जी में नमक कम...

अपने फैसले में कहा, अगर घरेलू कार्यों में सास द्वारा की गई टीका टिप्पणी या कुछ आपत्तियों के कारण बहू को मानसिक रूप से उत्पीड़न मिलता है, तो यह कहा जा सकता है कि बहू अतिसंवेदनशील हो सकती है लेकिन, कुछ विवादों के साथ घरेलू कार्यों का ध्यान रखना निश्चित तौर पर क्रूरता की श्रेणी में नहीं आता है।

जस्टिस अहलूवालिया ने यह भी कहा कि अगर कोई सास अपने बेटे-बहू यानी पति-पत्नी के जीवन में होने वाले व्यक्तिगत झगड़ों से दूर रहने की कोशिश करती है, तब भी नहीं कहा जा सकता कि सास का ऐसा कृत्य आईपीसी की धारा 498ए अनुसार क्रूरता की श्रेणी में आएगा। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता अलका शर्मा (सास) द्वारा दायर एक याचिका को स्वीकार करते हुए ये टिप्पणियां की हैं। याचिकाकर्ता सास ने अपनी याचिका में बहू द्वारा आईपीसी की धारा 498ए,आईपीसी की धारा 34 और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत दर्ज मामले और उसकी कार्यवाही को रद्द करने की मांग की थी।

### अब कक्षा 12वीं इतिहास...

से जुड़ी हर काम के लिए केंद्र को सलाह देता भी है और केंद्र से सलाह लेता भी है। एनसीईआरटी हर साल चार करोड़ से ज्यादा स्टूडेंट्स के लिए सिलेबस को तैयार करता है। इसकी पूरी जिम्मेदारी एनसीईआरटी को ही सौंपी गई है।

**क्या बदलाव किया गया:** एनसीईआरटी ने क्लास 12 के इतिहास के सिलेबस के अलावा क्लास 7, 8, 10 और 11वीं के इतिहास और समाजशास्त्र के सिलेबस में भी बदलाव किया है। इसमें मेन बदलाव हड़प्पा सभ्यता के 'ईंटे, मोती और हड्डियां' शीर्षक वाले चैप्टर में किया गया है, जो कि 'भारत के इतिहास में विषय वस्तु' भाग 1 में शामिल है। बदलाव के बाद मांग की गई है कि हड़प्पा सभ्यता से संबंधित पुरातात्विक स्थलों से हाल के साक्ष्य में सुधार की जाए।

### कोविड के बावजूद...

बीमारियों से होने वाली मौतों में कमी के कारण हुई है। अखबार ने कहा कि यदि 2020 में कोविड-19 महामारी का आगमन नहीं हुआ होता तो यह आंकड़ा कहीं अधिक महत्वपूर्ण होता, जिसने इस प्रगति को काफी हद तक पटरी से उतार दिया।

**जानलेवा बीमारियों पर किया गया कंट्रोल:** इस अवधि के दौरान लोअर रेस्पिरेट्री इंफेक्शन से होने वाली मौतों में कमी से वैश्विक जीवन प्रत्याशा में 0.9 वर्ष का इजाफा हुआ। स्ट्रोक, नवजात संबंधी विकार, इस्केमिक हृदय रोग और कैंसर सहित अन्य कारणों से होने वाली मौतों को रोकने में प्रगति से दुनिया भर में जीवन प्रत्याशा में भी वृद्धि हुई है। प्रत्येक बीमारी के लिए मौतों में कमी 1990 और 2019 के बीच सबसे अधिक देखी गई।

**क्षेत्रीय स्तर पर क्या कहता है शोध:** अगर क्षेत्रीय स्तर पर रिपोर्ट देखें तो पूर्वी उप-सहारा अफ्रीका में जीवन प्रत्याशा में सबसे बड़ी वृद्धि देखी गई, जो 1990 और 2021 के बीच 10.7 वर्ष बढ़ी। इस क्षेत्र में सुधार के पीछे डायरिया रोगों पर नियंत्रण प्रमुख शक्ति थी। पूर्वी एशिया में जीवन प्रत्याशा में दूसरा सबसे बड़ा लाभ था; क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में क्षेत्र की सफलता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भूटान में सबसे...

महामारी की वजह से किए गए प्रबंधन ने इन लाभों को संरक्षित करने में मदद की। 1990 और 2021 (7.8 वर्ष) के बीच सुपर-क्षेत्रों के बीच दक्षिण एशिया में जीवन प्रत्याशा में दूसरी सबसे बड़ी वृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण डायरिया से होने वाली मौतों में भारी गिरावट है।

### दुनियाभर में मौतों ...

महामारी के कारण रैंकिंग में भारी बदलाव आया है। स्टडी के को-फर्स्ट ऑथर और इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) के प्रमुख शोध वैज्ञानिक डॉ. लियान ओंग ने एक बयान में कहा कि हमारा अध्ययन दुनिया के स्वास्थ्य की एक सूक्ष्म तस्वीर प्रस्तुत करता है। एक ओर हम डायरिया और स्ट्रोक से होने वाली मौतों को रोकने में देशों की उल्लेखनीय उपलब्धियां देखते हैं। साथ ही, हम देखते हैं कि कोविड-19 महामारी ने हमें कितना पीछे धकेल दिया है।

मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा

# सीएम नायब सैनी आज रतिया से करेंगे चुनावी प्रचार का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज रतिया से लोकसभा चुनावों को लेकर चुनावी शंखनाद करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन जहां तैयारियों में जुटा है वहीं किसान संगठन मुख्यमंत्री को घेरने की तैयारी कर रहे हैं। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप नथवान ने वीडियो जारी कर अपने संगठन से जुड़े किसानों को रतिया बस स्टैंड के पास इकट्ठे होने को कहा है। उधर खेती बचाओ संघर्ष समिति ने अजीतसर गुरुद्वारा के पास 200 फीट का टेंट गाढ़ने की योजना है।

बताया जा रहा है कि सीएम के लिए यहीं पर हैलीपेड बनाया गया है। इसके अलावा किसानों के तीसरे संगठन भारतीय किसान यूनियन उग्राहां से जुड़े लोग बुढलाडा रोड पर इकट्ठे होकर विरोध करेंगे। सीएम नायब सिंह सैनी 11 बजे रतिया की अनाज मंडी में जनसभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि भाजपा के सिरसा से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर का किसान संगठन लगातार विरोध कर रहे हैं। गांवों में उनके कार्यक्रम स्थल पर पिछले तीन-चार दिनों से लगातार विरोध दर्ज कराया जा रहा है। अब सीएम के कार्यक्रम को लेकर भी किसान एकजुट होना शुरू हो गए हैं।



### 18 सवाल पूछेंगे किसान

*मनदीप नथवान ने कहा कि सरकार ने अब तक बाढ़ का मुआवजा किसानों को नहीं दिया, किसानों के खिलाफ रोज नए कानून बनाए जा रहे हैं। किसानों को अपनी मांगों को लेकर दिल्ली नहीं जाने दिया गया, उनके रास्तों पर कीलें लगाई गई। इन सब सवालों सहित 18 सवाल उन्होंने तैयार किए हैं, जो वे हर मौके पर भाजपा प्रत्याशी से पूछ रहे हैं। यही 18 सवाल अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से रतिया आगमन पर पूछे जाएंगे। उन्होंने अपने साथियों से भाषा की मर्यादा बनाए रखने और शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि कोई भी साथी शरारत नहीं करेगा, नहीं तो भाजपा उन पर आरोप लगा सकती है।*

कहानी / हरीश कुमार 'अमित'

# मीठी ईद की खुशियां



सलीम के साथ क्रिकेट खेलने वाला दानिश बहुत ही गरीब परिवार का था। ईद आई तो सलीम को चिंता हुई दानिश कैसे ईद की खुशियां मनाएगा? उसने यह बात अपने अब्बा-अम्मी से साझा की। क्या उन्हें भी दानिश की चिंता हुई? क्या दानिश मीठी ईद की खुशियां मना पाया या उसकी ईद अपनी गरीबी में फीकी रही?

अब्बा शाम को दफ्तर से घर लौटे ही थे कि सलीम भी बाहर से खेलकर आ गया। उसके हाथ में क्रिकेट का बैट था। वह हर रोज शाम के समय आस-पास के बच्चों के साथ मैदान में क्रिकेट खेलता है। सलीम ने सुना कि अब्बा ईद की खरीदारी के बारे में अम्मी से बात कर रहे हैं। वह वहीं पास खड़ा होकर उन दोनों की बातें सुनने लगा। कुछ देर बाद सलीम थोड़ा झिझकते हुए बोला, 'अब्बा, मैं कुछ कहना चाहता हूं।'

'हां, बोलो बेटा।' अब्बा बोले।

'अब्बा, हम बच्चे शाम को क्रिकेट खेलते हैं न...।' सलीम कहते-कहते रुक गया।

'हां..हां... बताओ बेटा, क्या बात है?' अम्मी ने प्यार से पूछा।

'जब हम क्रिकेट खेलते हैं तो वहां हमारे साथ दानिश नाम का एक बच्चा भी खेलता है।' सलीम यह कह ही रहा था कि अब्बा बोले, 'वही दानिश न जो रन बनाता जाता है और जल्दी आउट नहीं होता।'

उधर से अम्मी भी बोलीं, 'इसी दानिश के बारे में तो तुम बताते रहते हो कि वह बड़ा गरीब है, उसकी अम्मी भी पिछले साल बीमारी से गुजर गई थीं।'

'हां, वही दानिश। उसके अब्बू किराए पर रिक्शा चलाते हैं। उन लोगों का घर भी टूटा-फूटा-सा है।' सलीम ने बताया।

अब्बा और अम्मी सलीम की बात बड़े ध्यान से सुन रहे थे।

'कल ईद का त्योहार है। हम लोग तो ईद पर नए कपड़े पहनेंगे, अच्छा-अच्छा खाना खाएंगे, पर दानिश कैसे ईद मनाएगा? वे लोग तो बड़े गरीब हैं। दानिश कह रहा था कि उसके अब्बू को हर रोज बस सौ-डेढ़ सौ रुपए की कमाई होती है। वे तो हर रोज की तरह कल भी सुबह-सुबह रिक्शा लेकर निकल जाएंगे। दानिश बेचारा कैसे ईद मनाएगा? क्या हम कुछ ऐसा नहीं कर सकते, जिससे वह भी हंसी-खुशी ईद मना सके?' सलीम की आवाज में चिंता का भाव था।

सलीम की बात सुनकर अब्बा और अम्मी कुछ सोचने लगे, फिर अब्बा बोले, 'बेटा, तुम चिंता मत करो। हम अभी ईद की खरीदारी करने के लिए बाजार जा रहे हैं। हम दानिश के लिए भी कुछ खरीद लेंगे।'

अब्बा की बात सुनकर अम्मी बोलीं, 'हम नए कपड़े खरीद लेंगे दानिश के लिए। तुम्हारे नाप के ही चल जाएंगे न?'

'अम्मी, कपड़े तो दानिश को मेरे ही नाप के चल जाएंगे, पर वह इस तरह किसी से कुछ लेता नहीं है, वह बहुत ही स्वाभिमानी लड़का है।' सलीम ने बताया।

यह सुनकर अब्बा कुछ देर सोचते रहे और फिर बोले, 'इसका भी एक तरीका सोच लिया है मैंने। आओ, अब बाजार चलते हैं।'

अगली सुबह अब्बा ने सलीम को कहा कि वह दानिश को बुला लाए। कुछ ही देर में दानिश आ गया तो अब्बा उससे बोले, 'बेटा दानिश, सुना है तुम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेलते हो।'

'अंकल जी, क्रिकेट खेलना मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं पूरे जी-जान से खेलता हूं क्रिकेट।' दानिश ने जवाब दिया।

'लेकिन हमारे सलीम को तो बढ़िया क्रिकेट खेलना आता नहीं है। तुम सिखा सकते हो क्या इसे भी बढ़िया क्रिकेट खेलना? बन सकते हो क्या इसके क्रिकेट कोच?' अब्बा दानिश से बोले।

'मैं कैसे कोच बन सकता हूं अंकल जी! मैं तो अभी छोटा हूं।' दानिश हैरानी से बोला।

'क्यों नहीं बन सकते तुम इसके कोच! तुम इतना बढ़िया क्रिकेट खेलना जानते हो।' अब्बा ने कहा तो अम्मी बोलीं, 'दानिश बेटा, बन जाओ न सलीम के कोच।'

'बन जाओ न मेरे कोच!' सलीम भी मनुहार करते हुए दानिश से बोला। अब्बा, अम्मी और सलीम की बात सुनकर दानिश ने सलीम का कोच बनने की बात मान ली।

अब्बा अपने कमरे में गए और दानिश के लिए नए कपड़े लेकर आ गए। उन कपड़ों को दानिश को थमाते हुए बोले, 'बेटा, इन्हें अपनी कोच फीस के तौर पर रख लो।'

दानिश उन कपड़ों को लेने में झिझक रहा था। तभी अम्मी रसोई से बाहर झांकते हुए बोलीं, 'बेटा दानिश, इन कपड़ों पर तो तुम्हारा हक बनता है। तुम हमारे घर में ही नहा लो और ये नए कपड़े पहन लो।'

कुछ देर बाद सलीम और दानिश नए कपड़े पहनकर मजे से गर्मा-गर्म सिवइयां खा रहे थे। मीठी ईद की खुशियां पूरे घर में खुशबू की तरह फैली हुई थीं। *

त्योहार / शिवानी छाया

# आओ मिलकर मनाएं ईद

फरहान आजकल बहुत खुश और उत्साहित है। ईद आने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, लेकिन उसके घर में अभी से ही चहल-पहल है। फरहान के घर में ईद की खरीदारी और अन्य तैयारियां जोर-शोर से हो रही हैं। शाश्वत भी ईद को लेकर बहुत उल्लासित है, क्योंकि पिछली बार की तरह इस बार भी उसे अपने पापा-मम्मी के साथ फरहान के घर ईद मिलने जाना है। फरहान भी अपने पापा के साथ होली में शाश्वत के घर होली मिलने आता है। मजे से होली के पकवान खाता है। उसे शाश्वत की मम्मी के हाथों से बनी गुझिया बहुत पसंद है।



फरहान के पापा और शाश्वत के पापा सालों से बहुत अच्छे दोस्त हैं। शाश्वत और फरहान एक ही स्कूल में क्लासमेट हैं। त्योहारों और फैमिली फंक्शंस में दोनों परिवारों का एक-दूसरे के घर आना-जाना रहता है। हर त्योहार की खुशियां साथ मनाते हैं।

पिछली ईद पर शाश्वत ने फरहान के घर खूब मजे किए थे। शाश्वत ने वहां सभी को 'ईद मुबारक' कहा, फरहान और उसके कजिंस से गले मिला था। फरहान के दुबई वाले चचाजान खिलौने लेकर आए थे, इन खिलौनों से शाश्वत, फरहान और उसके कजिंस देर तक खेलते रहे। शाश्वत को फरहान के मम्मी के हाथों से बनी मीठी सेवइयां खूब पसंद आई थीं। अम्मी ने सभी बच्चों के साथ शाश्वत को भी 'ईदी' दी थी।

'पिछली बार की तरह इस बार भी ईद पर खूब एंज्वॉय करेंगे।' यह सोचकर शाश्वत मन ही मन में बहुत खुश था। इस बार तो शाश्वत ने अपने हाथों से फरहान के लिए 'ईद मुबारक' का कलरफुल ग्रीटिंग-कार्ड बनाया है। फरहान और शाश्वत दोनों को ही बेसब्री से ईद का इंतजार है।

प्यारे बच्चों, फरहान और शाश्वत का ईद के प्रति उत्साह देखकर तुम्हें बहुत अच्छा लग रहा है न! ईद है ही ऐसा त्योहार! यह रमजान का पाक महीना पूरा होने पर मनाया जाता है। यह त्योहार हमें दया, करुणा, स्नेह और सौहार्द का संदेश देता है। अमन का पैगाम देता, प्रेम-भाईचारे और खुशियों का त्योहार है ईद।

बच्चों, तुम्हारे या तुम्हारे दोस्तों के घर में भी ईद की तैयारी जोर-शोर से चल रही होगी। तुम सब अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूब अच्छे से ईद-उल-फितर मनाना। अगर तुम्हारे घर में ईद नहीं मनाई जाती है तो तुम भी शाश्वत की तरह अपने किसी दोस्त के घर ईद मनाने चले जाना। यदि दोस्त का घर तुम्हारे घर से बहुत दूर है तो ऐसे में तुम अपने दोस्त को फोन करके ईद की बधाई जरूर देना। तुम सभी को ईद की बधाई.. ईद मुबारक...! *

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## ईद मुबारक


नया चांद दिखता, तब आती ईद है।
मीठी सेवईं हमें खिलाती ईद है।
वह इंसान नहीं है, जो खुदगर्ज है।
दुनिया खुश हो, यही हमारा फर्ज है।
जो गरीब हैं, उनको धन का दान दें।
दें उनको पकवान, नए परिधान दें।
कपड़े नए हमें दिलवाती ईद है।
हम बच्चों को बहुत लुभाती ईद है।
भाईचारा और सभी का साथ हो।
गले मिलें हम और हाथों में हाथ हो।



सब में तोहफों का आदान-प्रदान हो।
प्यार बढ़े, नफरत का हमें न ध्यान हो।
खुशियों के परचम लहराती ईद है।
ईद मुबारक! कहती, आती ईद है।

## जीके क्विज-98

1. हाल में चरण सिंह को (मरणोपरांत) कौन सा सम्मान प्रदान किया गया?
2. महात्मा गांधी को सबसे पहले 'राष्ट्रपिता' कहकर किसने संबोधित किया था?
3. हाल में ही नेशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी का महानिदेशक किसे नियुक्त किया गया?
4. स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे?
5. विश्व का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी पर्वत कौन-सा है?
6. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल का क्या नाम है?
7. खाने वाले नमक में क्लोराइड के अलावा कौन-सा तत्व मौजूद होता है?
8. मानव शरीर की सबसे लंबी अस्थि कौन-सी होती है?
9. 'इंडिया विंस फ्रीडम' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
10. भारतीय हीरा संस्थान किस राज्य के किस शहर में स्थित है?



बच्चों, जीके क्विज-98 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर :** 1-भूटान, 2-हरिवंश, 3-इंडियन प्रीमियर लीग, 4-गंगटोक, 5-लोहा, 6-पत्ती, 7-मंगोलिया, 8-विटामिन सी, 9-शाहजहां, 10-भौतिक विज्ञान

**जीके क्विज 97 का सही उत्तर भेजने वाले :** आकांक्षा-अहमदाबाद, नितिन कुमार-दुर्ग, सरबजीत-करनाल, कबीर-हिसार, ईशान-अहमदाबाद, ज्योति-दंतेवाड़ा, पवन-जींद, आयुषी-रायपुर, प्रतीक-जबलपुर, अवंतिका-रोहतक, राजू-कोरबा, प्रेरणा-नारनौल, कपिल-दिल्ली, आदित्य-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी:** रिंकू, तुमने दूध वाले का बिल देखा है?
**रिंकू:** मम्मी, क्या दूध वाले अंकल बिल में रहते हैं?
-सोनी, हिसार

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**सौरभ:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-अभिजीत, डोंगरगढ़

**डॉक्टर:** तुम घबरा क्यों रहे हो? अब तो तुम खतरे से बाहर हो।
**राजेश:** डॉक्टर साहब, जिस ट्रक से मैं टकराया था, उसके पीछे लिखा था- 'फिर मिलेंगे।'
-अर्नव, भोपाल

**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहन:** सर, यही कि वे सब अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-मुकुल, भिलाई

अवेयरनेस
अनुराग मनींद्र

स्पेशल: वर्ल्ड हेल्थ-डे, 7 अप्रैल

बच्चों, हर साल 7 अप्रैल को 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया जाता है। लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। जानो, वर्ल्ड हेल्थ-डे से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें।

# हेल्थ इज वेल्थ

हम स्वस्थ रहने पर ही खुश रह सकते हैं। अस्वस्थ रहने पर कभी खुश नहीं रह सकते, क्योंकि हमें कई तरह की तकलीफें हो जाती हैं, ऐसे में मन दुखी-उदास रहता है। इसलिए हमारा स्वस्थ रहना, इसके प्रति जागरुकता बहुत जरूरी है। लोगों का जीवन स्वस्थ रहे, इसके लिए 7 अप्रैल 1948 को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) की स्थापना की गई। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन को हम हिंदी में बोलते हैं-विश्व स्वास्थ्य संगठन। इस संगठन की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं बेहतर ढंग से मिलें। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के दूसरी वर्षगांठ पर, 7 अप्रैल 1950 को पहली बार 'वर्ल्ड हेल्थ-डे' मनाया गया था। इसके बाद से इसे हर साल 7 अप्रैल को मनाया जाता है।

**हर साल रहती है एक थीम :** हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए एक थीम निर्धारित की जाती है। यह थीम विभिन्न




स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों, स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों और स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों के आधार पर तय की जाती है। साल 2024 के लिए 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' की थीम 'माइ हेल्थ, माइ राइट' (मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार) निर्धारित की गई है।

**जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन:** लोगों को स्वास्थ्य संबंधी बातों के प्रति





जागरूक करने के उद्देश्य से डब्ल्यूएचओ और अन्य सरकारी, गैर-सरकारी संगठनों द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, संस्थानों में भाषण प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन, नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही इन कार्यक्रमों में कई बार हेल्थ एक्सपर्ट्स को भी आमंत्रित किया जाता है, जो लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह देते हैं।



**अपनाओ हेल्दी फूड हैबिट्स :** बच्चों, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है तुम जंक फूड से दूर रहो, हेल्दी फूड खाओ। बहुत से बच्चे जंक फूड्स और बाजार में बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स बहुत ज्यादा खाते हैं। जंक फूड्स बनाने में कई तरह के हानिकारक रसायनों का प्रयोग किया जाता है। जंक फूड्स स्वादिष्ट जरूर होते हैं, लेकिन इसका दुष्प्रभाव सीधा हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए जितना हो सके, जंक फूड्स से दूर रहो। घर में बने ताजे और हेल्दी फूड्स ही खाओ।

**खेलो फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम्स :** आजकल ज्यादातर बच्चे वीडियो गेम्स खेलना पसंद करते हैं। पढ़ाई के बाद उनका समय लैपटॉप, मोबाइल या टीवी स्क्रीन पर ही बीतता है। बच्चों, इस तरह की आदतें तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सही नहीं हैं।



इसलिए तुम्हें इनडोर गेम्स के बजाय अपनी पसंद का कोई आउटडोर गेम, जैसे-क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, हॉकी या वॉलीबॉल वगैरह खेलना चाहिए। इसके अलावा तुमको जॉगिंग, रनिंग या फिर साइक्लिंग जैसी आउटडोर एक्टिविटीज भी करनी चाहिए। आउटडोर एक्टिविटीज तुम्हारे शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी हैं।

**स्वच्छता का रखो ध्यान :** बच्चों, गंदे वातावरण में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले बैक्टीरिया और वायरस पनपने का खतरा रहता है। इसलिए अपने घर में और आस-पास स्वच्छता का ध्यान रखो, साथ ही दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करो। हर बार खाने से पहले साबुन से हाथ जरूर धो या फिर हाथों को अच्छे से सैनिटाइज करो।

**स्वास्थ्य के प्रति हमेशा रहो जागरूक :** बच्चों, तुमने यह प्रचलित कहावत 'हेल्थ इज वेल्थ' तो जरूर सुनी होगी! बच्चों, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। अगर तुम शारीरिक रूप से स्वस्थ रहोगे तो तुम्हारा मस्तिष्क भी अच्छे से क्रियाशील रहेगा। इससे तुम पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अच्छा परफॉर्म कर सकोगे। इसलिए तुम्हें अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखना चाहिए। साथ ही तुम्हें अपने दोस्तों और छोटे भाई-बहनों को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए। *

शब्द पहेली
विमला नागला

बच्चों, इस शब्द पहेली में रिक्त स्थानों पर एकदम सटीक शब्द तुम्हें भरना है। यह भी बता दें कि इसमें भरे जाने वाले शब्द 'सु' या 'सू' से प्रारंभ होते हैं।

**रविवार का** दिन था। दादाजी और दिव्यू...जल्दी ही बड़े तालाब के किनारे घूमने आ गए। धीरे-धीरे.....निकल रहा था। तालाब के किनारे भिन्न-भिन्न रंगों के.....खिले हुए थे। उनमें से भीनी-भीनी.....आ रही थी। वहां एक.....का



फूल खिला हुआ था, जिसका मुंह हमेशा सूरज की दिशा में घूम जाता है। आज मौसम बहुत.....था। अचानक कोयल की.....आवाज सुनाई दी। यह सुनकर दोनों बहुत खुश हुए। बगीचे का तालाब बहुत सुंदर लग रहा था परंतु गर्मियों में तो यह बिल्कुल.....जाता है।

'दादाजी! आज तो मजा ही आ गया सचमुच सुबह का भ्रमण.....फल देता है।' दादाजी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हां बेटा! अब जल्दी घर चलना है। आज तुम्हें अपना हस्तलेख सुधारने के लिए .....भी तो लिखना है।'

'जी! अब तक तो मम्मी ने मेरी पसंद का टमाटर.....भी तैयार कर दिया होगा।'

उत्तर- सुबह, सूरज, सुमन, सुगंध, सूरजमुखी, सुहावना, सुरीली, सूख, सुफल, सुलेख, सूप

## रंग भरो-147

रंग भरो-147 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




लक्ष्य, रोहतक


आराध्य, बिलासपुर


अंकित, धमतरी


अंजलि, फरीदाबाद



पलक, धमतरी


सुयश, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दैविक-रोहतक, कल्पित-रोहतक, आर.विद्या-रायपुर, जतिन-जींद, योगेश-जबलपुर, धीरज-महासमुंद, मीरा-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रौनक-जांजगीर, कविता-भोपाल, शिवेश-दिल्ली, अनंता-बस्तर, पीहू-गुना, प्रशांत-करनाल, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 148



बच्चों, यहां पर लकड़ी के एक लट्ठे पर बैलेंस बनाकर चलते हुए एक बच्चे और बच्ची का चित्र दिया गया है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ फल दिखाई दे रहे हैं। जिन्हें (A)राजू, (B)पिंकी और (C)सोनू खाना चाहते हैं। तुम्हें सही रास्ता खोजकर यह बताना है कि ये फल किसके हैं?



उत्तर : A राजू

**लोकसभा क्षेत्र**
**रीवा**

1 **भाजपा प्रत्याशी** जनार्दन मिश्रा

2 **कांग्रेस प्रत्याशी** नीलम मिश्रा

**पिछली बार कौन जीता**
जनार्दन मिश्रा

**जीत का अंतर**
3 लाख 12 हजार 807

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा के इन चुनाव में अन्य क्षेत्रों की तरह रीवा में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों पर चुनाव लड़ा जा रहा है। इस बार यहां प्रत्याशियों का चेहरा भी महत्वपूर्ण है। बसपा अपने युवा प्रत्याशी के लिए युवाओं का समर्थन मांग रही है। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों को आगे कर वोट मांग रही है। अयोध्या मुद्दा के साथ हिंदू-मुस्लिम राजनीति भी उसे मजबूत करती है। दूसरी तरफ कांग्रेस लोकतंत्र को खतरे में बता रही है। वह देश के अंदर महंगाई और बेरोजगारी को मुद्दा बनाने की कोशिश में है। कांग्रेस का कहना है देश की जांच एजेंसिया भाजपा के पास कब्जे में हैं।

### तीन लोकसभा चुनाव जीत चुकी बसपा, भाजपा की ओर से फिर जनार्दन, कांग्रेस ने नीलम को दिया टिकट

# रीवा में खेल बिगाड़ती है बसपा, पर मुकाबला भाजपा-कांग्रेस के ही बीच

*रीवा लोकसभा सीट का राजनीतिक मिजाज कुछ अलग है। यहां किसी भी चुनाव में कुछ भी हो सकता है। यह प्रदेश की एकमात्र ऐसी सीट है, जहां बसपा तीन चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। अब भी उसे इतने वोट मिलते हैं कि वह किसी का भी खेल बिगाड़ सकती है। फिलहाल यहां भाजपा और कांग्रेस के बीच ही मुकाबले के आसार हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा तीसरी बार मैदान में हैं। इनकी गिनती फक्कड़ और ईमानदार नेता के तौर पर होती है, जबकि कांग्रेस ने दल बदलने में अव्वल अभय मिश्रा की पत्नी नीलम मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। जनार्दन के विपरीत अभय ठेकेदार हैं। इनकी गिनती रसूखदार नेता के रूप में होती है। रीवा में मोदी लहर का असर है, लेकिन अभय मिश्रा की पत्नी मुकाबले को रोचक बना सकती हैं।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रीवा लोकसभा सीट अब तक किसी दल का गढ़ नहीं बन सकी। पिछले 8 लोकसभा चुनावों पर नजर डालें तो 3 बार बसपा, 4 बार भाजपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है, इसीलिए विश्लेषक इस सीट को लेकर किसी तरफ की भविष्यवाणी करने से बचते हैं। वजह बसपा की मजबूत उपस्थिति है। 2019 में बसपा को मिले 91 हजार से ज्यादा वोटों को छोड़ दें तो पार्टी को हर चुनाव में डेढ़ से दो लाख तक वोट मिले हैं। बसपा को मिलने वाले वाले ये वोट किसी के भी हार-जीत का खेल बिगाड़ सकते हैं। बसपा की ओर से अभिषेक पटेल मैदान में हैं। वे 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा को इस मायने में फक्कड़ माना जाता है कि वे दो कुर्ता-पैजामा बनवाकर राजनीति करते हैं। उनकी गिनती निहायत ईमानदार नेता के तौर पर होती है। कोराना काल में दो साल उन्होंने लोगों के लिए मास्क बनाने का काम किया।


जनार्दन मिश्रा


नीलम मिश्रा

संभवतः इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें पसंद करते हैं। हालांकि तीसरी बार उनके खिलाफ कुछ एंटी इंकम्बेंसी भी दिखाई पड़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा सेमरिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रही हैं। उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से कांग्रेस के विधायक हैं। वे जल्दी-जल्दी भाजपा-कांग्रेस में आने-जाने के कारण चर्चित रहे हैं। अभय पेशे से ठेकेदार हैं, पैसे की उनके पास कमी नहीं है। क्षेत्र में उनका संपर्क भी अच्छा है। उनकी गिनीत दबंग नेता के तौर पर भी होती है। इसकी वजह से मुकाबला रोचक दिख सकता है। रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मण और पटेल मतदाताओं की तादाद निर्णायक है। संभवतः इसीलिए आमतौर पर भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी ब्राह्मण होते हैं और बसपा से पटेल। बसपा को पटेलों के साथ दलित वर्ग का अच्छा समर्थन मिल जाता है तो वे मुकाबले को त्रिकोणीय बना देते हैं। ऐसे मुकाबले में बसपा कभी-कभी बाजी भी मार ले जाती है।

### विस चुनाव में भाजपा ने बनाई बढ़त

विधानसभा के 4 माह पहले हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में बंपर जीत दर्ज की थी। रीवा लोकसभा क्षेत्र में भी इसका असर देखने को मिला। क्षेत्र की 8 विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा ने जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस सिर्फ एक सीट पर सिमट गई। भारतीय जनता पार्टी का सिरमौर, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ में कब्जा है, जबकि कांग्रेस का सेमरिया में। सेमरिया से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम के पति अभय मिश्रा विधायक हैं। जीत के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस सेमरिया में महज 637 वोटों के अंतर से चुनाव जीती है, जबकि 7 विधानसभा सीटों में भाजपा की जीत का अंतर 1 लाख 5 हजार 840 रहा। लोकसभा चुनाव में एक लाख से ज्यादा वोटों का यह अंतर पाटना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है।

### आठ विधानसभा क्षेत्रों में फैली है रीवा लोस सीट


रीवा लोकसभा सीट भौगोलिक दृष्टि से रीवा जिले की 8 विधानसभा सीटों को मिलाकर बनी है। ये सीटें सिरमौर, सेमरिया, त्यौंथर, मऊगंज, देवतालाब, मनगवां, रीवा और गुढ़ हैं। इस सीट के लिए 1991 से 2019 तक हुए लोकसभा के 8 चुनावों में 4 बार भाजपा, 3 बार बसपा और 1 बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी दो बार 1998 और 2004 में जीते और जनार्दन मिश्रा ने 2014 और 2019 के चुनाव में जीत दर्ज की। बसपा के भीम सिंह पटेल पहली बार 1991 में जीतने में सफल रहे। 1996 के चुनाव में बसपा के बुद्धसेन पटेल जीत गए। 2009 में बसपा के देवराज सिंह पटेल ने जीत दर्ज की। वर्ष 1999 में कांग्रेस के सुंदरलाल तिवारी ने भाजपा के चंद्रमणि त्रिपाठी को हराया था। इस बार फिर मुकाबला रोचक है।

### ब्राह्मणों व पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला

रीवा लोकसभा क्षेत्र में ब्राह्मणों और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला माना जाता है। हालांकि यहां दलित वर्ग के मतदाताओं की तादाद भी कम नहीं है। यही कारण है कि आमतौर पर रीवा में ब्राह्मण और पटेल समाज के नेता ही सांसद बने हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 40 फीसदी के आसपास निर्णायक है, लेकिन यह मतदाता कांग्रेस और भाजपा के बीच बंट जाता है। इसके बाद दलित, पटेल और काछी मतदाताओं की तादाद है। बसपा पटेल को प्रत्याशी बनाती है। इसके साथ बड़ी तादाद में दलित मतदाता जुड़ जाता है। काछी समाज के अलावा क्षत्रिय सहित क्षेत्र में अन्य समाज भी हैं। दलित मतदाता बसपा, भाजपा और कांग्रेस के बीच बंट जाता है।

**जैसा मैंने देखा**
**चुनाव...**

## वर्मा कुशलक्षेम पूछने ग्रामीणों को लिखते थे हजारों-लाखों चिट्ठियां, सादगी के सहारे जीते


राजेश चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

बीते तीन-चार दशकों में सब कुछ बदल गया है। हमारे देश के चुनाव भी। खासकर चुनाव लड़ने के तौर-तरीके और टूल्स। अब वैसी सदाशयता और सादगी नहीं रही। लड़ाई के मैदान में आईटी सेल्स, माइंड गेम, नैरेटिव, परसेप्शन और इवेंट मैनेजमेंट जैसी संरचनाएं आ गई हैं। आजकल एक नई टर्म या कहें कि विधा और जुड़ गई है, वह है टाइमिंग। मतलब, कब कौन सी बात कहनी है या उछालनी है या कौन सा फैसला लेना है, करवाना है। जाहिर है, टाइमिंग किसी भी कथानक को हिट करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। हम कह सकते हैं कि चुनावों का भी कार्पोटीकरण हो गया है। ऐसी स्थिति में पैसे (मनी पावर) को कैसे भूला जा सकता है। बल्कि पैसा तो सर्वोपरि है। आपके पास पैसा है तो सब है। बगैर पैसे के घर से बाहर नहीं निकल सकते, चुनाव लड़ना तो संभव ही नहीं है। रहीम आज होते तो कदाचित लिखते, रहिमन पैसा राखिए, बिन पैसा सब सून। आज के दौर में भाजपा के दिवंगत नेता दिलीप सिंह जूदेव के एक डायलॉग की बहुत याद आती है। उनको कई साल पहले टीवी पर कहते सुना था कि पैसा खुदा तो नहीं, लेकिन खुदा कसम खुदा से कम भी नहीं। कभी-कभी लगता है कि जूदेव ने क्या गलत कहा था।

चुनाव कितने महंगे हो गए हैं। महंगाई से भी ज्यादा महंगे। देश की आजादी के बाद 1951 में पहला आम चुनाव हुआ और तब उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 25 हजार रुपए थी। अर्थात प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र में इससे ज्यादा खर्च नहीं कर सकता था। 1971 में इसे बढ़ाकर 35 हजार किया गया और 1980 में 1 लाख। इसके बाद 1984 में डेढ़ लाख। मुझे याद है कि 1989 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मप्र के मुख्य सचिव रह चुके सुशील चंद्र वर्मा को भोपाल से टिकट दिया था। वर्मा के पास अपनी एंबेसडर कार थी। आभासी (वर्चुअल) संसार नहीं था। डिजिटल मीडिया, मोबाइल, सोशल मीडिया, इंटरनेट वगैरह कुछ नहीं। वर्मा रिटायर्ड नौकरशाह थे, लिहाजा ग्रास रूट पर उनकी पकड़ थी। वे भोपाल के ग्रामीण क्षेत्र के जीवंत संपर्क में रहते थे। उम्मीदवार बनने के बाद उन्होंने गांवों पर ही फोकस किया। बोफोर्स घोटाले का हल्ला था और वीपी सिंह की लहर चल रही थी, वर्मा खासे मार्जिन से चुनाव जीत गए। अपनी सादगी और ग्रामीणों के बीच गहरी पैठ के चलते बाद के लगातार तीन चुनाव भी उन्होंने न सिर्फ जीते, बल्कि भाजपा के लिए ऐसी जमीन तैयार की कि कांग्रेस आज भी खेल के बाहर है। वर्मा ने चार चुनाव जीते तो सिर्फ अपनी सादगी, ईमानदारी और लोगों के साथ सतत संपर्क की पूंजी के दम पर। उन्होंने ग्रामीणों को हजारों लाखों-चिट्ठियां लिखी होंगी। वह सीधे खत लिखकर कुशलक्षेम पूछते थे। मीडिया की उनको खास जरूरत भी नहीं पड़ती थी। इसीलिए कभी नहीं सुना कि उन्होंने मीडिया की लल्लो चप्पो की हो। वह शांति के साथ चुनाव मैदान में जाते थे और उतनी ही शांति के साथ जीत जाते थे। तामझाम नहीं था। इसलिए खर्च अनाप-शनाप नहीं था। अब तो खर्च की सीमा 95 लाख है और इसको भी बढ़ाने की मांग उठ रही है। साफ है कि कागज पर तो यह भी कम है। वास्तविकता में कितना खर्च होता होगा या होता है, अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। दरअसल, चुनाव की अपनी पृथक अर्थव्यवस्था काम करती है।

**फर्स्ट टाइम वोटर**

### खुशी है कि मैं मतदान करूंगा मेरा वोट रोजगार के मुद्दे पर...



अगले लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। मुझे पहली बार वोट करने की खुशी है। इस बार पहली बार वोट करुंगा, जो विकास के साथ रोजगार के मुद्दे पर होगा। मेरे लिए वही पार्टी और उम्मीवार अच्छा, जो विकास करने वाला हो, ज्यादा से ज्यादा रोजगार पैदा करने वाला हो। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तो देश के साथ समाज और परिवार का विकास दिखेगा, इसलिए विकास की बात कहीं न कहीं रोजगार तक आकर रुकती है। जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवार मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए प्रचार-प्रसार पर ज्यादा जोर देने लगे हैं, लेकिन मेरा वोट राजनैतिक पार्टी देखकर नहीं, विकास और रोजगार के आधार पर जाएगा।

तरुण लोधी, युवा मतदाता

### वोट अवश्य करना चाहिए, इससे देश का विकास सीधा जुड़ा है...



लोकसभा चुनाव को लेकर शहर में सरगर्मी है। सबसे अधिक उत्साह युवा वोर्टस में है, जो पहली बार वोट कर रहे हैं या फिर एक बार वोट डाल चुके हैं और दूसरी बार यह अवसर मिल रहा है। मैं इस बार वोट उसे वोट करूंगा, जो विकास के मुद्दे पर बात करेगा। मेरी समझ में चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए हर एक वोट देश , प्रदेश सहित पूरे समाज के लिए सबसे अहम है। सभी मतदाताओं को वोट अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इससे देश और समाज का विकास सीधा जुड़ा है। मैं मानता हूं कि देश का विकास होता है तो समाज के हर व्यक्ति का विकास संभव होता है। ऐसे में मेरा वोट विकास के मुद्दे पर होगा। इन दिनों सभी राजनैतिक पार्टियां मतदाताओं से संपर्क करने लगी हैं, लेकिन यह मुझे तय करना है कि वोट किस आधार पर किसे करना है।

आशीष तिवारी, युवा मतदाता

**जो हो न सका...**

## राजधानी में प्रमुख चार स्थानों पर एक भी फ्लाईओवर नहीं बन पाया

राजधानी में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पिछले 20 साल से फ्लाईओवर बनाने का वादा हर चुनाव में किया जाता है। इसमें सबसे प्रमुख वल्लभ भवन पहाड़ी से चार इमली, वल्लभ भवन पहाड़ी से श्यामला हिल्स, श्यामला हिल्स से लालघाटी व बाणगंगा से श्यामला हिल्स तक फ्लाईओवर बनना थे। इन फ्लाई ओवर के बनने से सबसे ज्यादा लाभ यह होता कि चार इमली क्षेत्र में रहने वाले सभी अधिकारी व मंत्री किसी प्रकार की रुकावट के बिना सीधे मंत्रालय, सतपुड़ा, विंध्याचल भवन या विधानसभा भवन आ जा सकते थे।

**चुनाव के दौरान किया था वादा**



श्यामला हिल्स से लालघाटी तक फ्लाईओवर बनाने का वादा किया गया। इस फ्लाईओवर का मकसद यह था कि अधिकारी, मंत्री या अन्य लोग एयरपोर्ट तक आसानी से पहुंच सकें। श्यामला हिल्स से लालघाटी तक अगर फ्लाईओवर जाता तो एयरपोर्ट तक का सफर आसान हो जाता। लगता है कि यह सिर्फ फाइलो में ही दबे रह गए। लोगों का यही कहना है कि जो हो न सका और लोकसभा चुनाव फिर आ गए।

## समाज में नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका संवेदनशील होने की जरूरत है: नड्डा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को इंदौर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इंदौर में पांच लोकसभा सीटों इंदौर, धार, रतलाम, खण्डवा और खरगोन की क्लस्टर बैठक ली। उन्होंने 370 का मूल मंत्र कैसे धरातल पर उतारना है, इसे लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नड्डा ने कहा कि संवेदनशील, स्मार्ट होने की जरूरत है। जैसा समाज वैसा स्वभाव जरूरी है, समाज में नेताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उसका विशेष भाव बताइए। इसका विशेष ख्याल रखें। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को भी लोकसभा चुनाव के लिए बूस्ट किया। दरअसल, भाजपा का नारा अबकी बार 400 पर को पूरा करने के लिए मप्र की 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की बारीकी से नजर बनी हुई है। हर एक सीट पर राष्ट्रीय नेतृत्व कार्यकर्ता और संगठन प्रभारी से चर्चा कर रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में जनसभा और पन्ना में किया रोड शो

## पदयात्रा कोई कमाल नहीं दिखा सकी, कांग्रेस ने खजुराहो से खुद का प्रत्याशी ही हटा दिया

### यह सनातन संस्कृति की जय-जय बोलने वालों की सरकार है: डॉ. मोहन

**महाकालेश्वर के दर्शन कर की प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी सरकार 56 इंच वाले सीने की सरकार है, नरेंद्र मोदी की सरकार है। दुश्मन हमारे सैनिकों के सिर काट ले जाते थे और लाचार कांग्रेस की ऐसी सरकार पर धिक्कार है, जो टुकुर- टुकुर देखती रहती थी, लेकिन जवानों के अपमान का बदला नहीं लेती थी। अब पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कि वो हमारे सैनिकों की तरफ झांक कर देख ले, ये बदलते दौर का भारत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात बुधवार को पन्ना और सतना में चुनाव प्रचार के दौरान जनसभा और रोड शो के दौरान कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुबह जबलपुर से उज्जैन पहुंचकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और पार्टी नेताओं के साथ भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री पन्ना पहुंचे और पार्टी प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। इसके बाद भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी गणेश सिंह के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना में रोड शो के दौरान रथ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कितना अच्छा लगता है कि जब लोकसभा चुनाव होगा तो रण के क्षेत्र में दुश्मन से दो-दो हाथ होंगे। कांग्रेस के लोग बड़ी-बड़ी बात कह रहे थे हम यह कर देंगे हम वह कर देंगे। उनका नेतृत्व पदयात्रा पर पदयात्रा निकाले जा रहे थे। मुझे लगा पदयात्रा कुछ कमाल दिखाएंगी, लेकिन कमाल तो छोड़ो, उन्होंने धमाल करके यहां से अपना प्रत्याशी ही हटा दिया। अब उनके प्रत्याशी का ही पता नहीं चल रहा है।

#### आराध्य भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण को हमने पूजा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतना में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे आराध्य भगवान श्रीराम और भगवान श्री कृष्ण को हमने पूजा है। यह सरकार सनातन संस्कृति की जय जय बोलने वालों की सरकार है। मंदाकिनी मैया के आशीर्वाद से चलने वाली सरकार है, तो गंगा मैया को नमस्कार करने वाली हमारी सरकार है, हमें हमारी सरकार पर गर्व है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है।

#### कांग्रेस ने भगवान राम पर सवाल खडे किए

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमलावर होते हुए कहा कि 500 साल तक राम मंदिर के लिए संघर्ष चला, लोगों से प्राणों की आहुतियां दी। कांग्रेस के वकील कोर्ट खड़े होकर सवाल करते थे कौन से राम, कहां पैदा हुए। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी कितनी बेशर्मी से अभी भी कह रहे हैं कि मंदिर बनाना इनका लक्ष्य नहीं था। उन्होंने कहा कि 142 करोड़ देशवासियों का क्या कोई स्वाभिमान नहीं, क्या हिन्दू, क्या मुसलमान सबने उस परंपरा का स्वागत किया। ये निर्णय इसलिए हुए क्योंकि आपने भाजपा की सरकार बनाई, आपके एक एक वोट से ये सरकार मजबूत बनी। ये डबल इंजन की सरकार है।

#### सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने का कांग्रेस ने पाप किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला था मुस्लिम बहनों के पक्ष में 3 तलाक निरस्त होना चाहिए। पूर्ण बहुमत की सरकार थी, लेकिन आंखों में हिन्दु-मुस्लिम के चश्मे लगे थे। वोट बैंक नाराज न हो जाए, इसलिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को बदलने का पाप किसी ने किया है तो कांग्रेस ने किया है। हमें खुशी है हमारे प्रधानमंत्री निर्णय को बदला, धारा 370 को हटाने का निर्णय लिया। क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। कांग्रेस भी कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस ने नहीं किया।

#### जनहित में लिए ऐतिहासिक फैसले


मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार गौ माता, गंगा माता, भगवान राम और कृष्ण, गरीब, किसान, मजदूर युवा, किसी के लिए कोई कमी आएगी तो हमारी सरकार सबसे आगे खड़ी दिखाई देगी। सरकार चित्रकूट में अंतर्राष्ट्रीय रामायण का मेला आयोजित कराएगी, चित्रकूट में विकास प्राधिकरण बनाया जाएगा तो इसकी घोषणा हमारी सरकार ने की है। घायल गौ माता के इलाज के लिए इलाज और गरीब आदमी के ईलाज के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत की है। धार्मिक यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा भी शुरू करने का निर्णय हमने किया है। हमारी सरकार ने निर्णय ने किया है किसी को इमरजेंसी में जाना है तो पीएम श्री हवाई यातायात सेवा शुरू करने का प्रबंध हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अनेक फैसले किए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाए कि लाड़ली बहना बंद हो जाएगी, लेकिन कोई योजना बंद न हुई और न होगी।

### दो नक्सली महिलाएं गिरफ्तार



**बीजापुर।** कुटरू व फरसेगढ़ थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने एक लाख की इनामी एलजीएस सदस्य सहित दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ी गई नक्सली महिला ग्रामीण की हत्या, मारपीट और पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नक्सल विरोधी अभियान के तहत बुधवार को फरसेगढ़ व कुटरू थाना की संयुक्त टीम ने चुचकोंटा से महिला नक्सली पोयामी सन्नी उर्फ रंजिता (34) निवासी चुचकोंटा थाना फरसेगढ़ को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक बीजापुर ने उक्त महिला की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का इनाम घोषित किया था। दूसरी तरफ केतुलनार से फरसेगढ़ एलजीएस सदस्य पोयाम फगनी (30) निवासी केतुलनार थाना कुटरू को पकड़ा गया। पकड़ी गई नक्सली महिला के खिलाफ छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत एक लाख का इनाम घोषित है।


### गुमशुदा/अपहृत की तलाश


जानकी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** जानकी, **पुत्रीः** बिंदु यादव, **पताः** किलकारी रेनबो होम कश्मीरी गेट, दिल्ली, **उम्रः** 15 साल, **कदः** 5', **रंगः** गेहुँआ, **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** अण्डाकार, **पहनावाः** पीले रंग का टॉप, नीले रंग की जींस की पैंट पहने है, जो दिनांक 26.10.2019 से किलकारी रेनबो होम कश्मीरी गेट, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 300/19, दिनांक: 26.10.2019, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोनः 011-24368638, 24368641
वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/3992/N/2024

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशनः कश्मीरी गेट, दिल्ली
फोनः 011-23962210, 8750870123, 9810930290

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **छोटे लाल यादव, पुत्रः** मुग्गन यादव, **पताः** सी-253, फेज़-I, कुतुब विहार रोड, गोयला डेरी, नई दिल्ली ने **FIR No. 375/2018, U/s 279/337/304A/34 IPC, थानाः कीर्ति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **छोटे लाल यादव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **छोटे लाल यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 375/2018, U/s 279/337/304A/34 IPC, थानाः कीर्ति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **छोटे लाल यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सोनम गुप्ता
मुख्य महानगर दण्डाधिकारी
पश्चिम जिला, कमरा नं. 146, प्रथम तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3964/WD/2024-
(Court Matter)

## चिंतन

# सैन्य क्षमता में वृद्धि करते रहना आवश्यक

भारत आर्थिक रूप से जितना अधिक मजबूत होगा, उसकी सामरिक चुनौतियां उतनी ही बढ़ेंगी। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य के शब्दों में किसी भी प्रकार के आक्रमण से अपनी जनता की रक्षा करना प्रत्येक राजसत्ता का सर्वप्रथम उद्देश्य होता है। चाणक्य ने अर्थशास्त्र में लिखा है कि एक संप्रभु सक्षम राष्ट्र को चार अलग-अलग तरह के खतरों का सामना करना पड़ता है। आंतरिक, बाह्य, बाह्य रूप से सहायता प्राप्त आंतरिक और आंतरिक रूप से सहायता प्राप्त बाहरी। संयोग से इस वक्त भारत इन चारों तरह के मिश्रित खतरों का सामना कर रहा है। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' के सफल परीक्षण से भारत की सैन्य शक्ति में और वृद्धि हुई है। भारत को चीन और पाकिस्तान सीमा पर अधिक खतरा है, पाकिस्तान से 2016 से और चीन से 2020 से रिश्ते सबसे खराब के स्तर पर हैं। चीन की लगातार कोशिश है कि भारतीय सीमा एलएसी पर विवाद बना रहे। एलएसी पर चीनी कारस्तानियां चलती रहती हैं, चीनी फौज सुनियोजित साजिश के तहत भारतीय सीमा पर षड्यंत्र करती रहती है, इससे दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव बना रहता है। पाकिस्तान एलओसी पर कश्मीर में आतंकी घुसपैठ कराने के मकसद से सीजफायर का उल्लंघन करता रहा है। चीन और पाकिस्तान का एकमेव कृत्य है, सीमा पर भारत को परेशान करते रहना। चीन नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, म्यांमार आदि भारत के पड़ोसी देशों के साथ आर्थिक व सामरिक संबंध मजबूत कर भी भारत के लिए सैन्य मुश्किल खड़ी करता है। इसके अलावा भी कई अदृश्य शक्तियां हैं, जो भारत की आस्तीन में रहकर भारत के खिलाफ एक्शन में लिप्त रहती हैं। ऐसे में भारत की सामरिक चुनौतियां बड़ी हैं। इस चुनौतियों का सामने करने के लिए भारत को सामरिक रूप से निरंतर मजबूत बनना पड़ेगा। परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-प्राइम' जैसी मिसाइल भारत की सैन्यशक्ति में इजाफा करती है। पिछले महीने, भारत ने अपने 'मिशन दिव्यास्त्र' के तहत मल्टीपल इंडिपेंडेंट टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) के साथ देश में विकसित अग्नि-पांच मिसाइल का पहला सफल परीक्षण किया था। एमआईआरवी सुविधा यह सुनिश्चित करती है कि एक ही मिसाइल विभिन्न स्थानों पर विभिन्न लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। अग्नि-पांच मिसाइल की मारक क्षमता 5,000 किमी तक है। मिसाइल की जद चीन के उत्तरी भाग समेत लगभग पूरे एशिया और साथ ही यूरोप के कुछ क्षेत्रों तक है। अग्नि-1 से अग्नि-4 श्रेणी की मिसाइलों की मारक क्षमता 700 किमी से 3,500 किमी तक है और इन्हें पहले ही तैनात किया जा चुका है। पिछले साल जून में भारत ने 'अग्नि प्राइम' का रात के दौरान सफल परीक्षण किया था। भारत पृथ्वी की वायुमंडलीय सीमा के अंदर और बाहर किसी शत्रु की तरफ से आने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने की क्षमता विकसित कर रहा है। भारत मिसाइल, फाइटर प्लेन समेत सभी प्रकार के स्वदेशी सैन्य उपकरण से लैस हो रहा है, साथ ही अनेक आयातित डिफेंस सिस्टम से सेना मजबूत हो रही है। भारतीय सेना परंपरागत वार के अलावा हाईटेक वार में भी दक्ष है, आज भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है। सामरिक चुनौतियों का सामना करने के लिए खुफिया तंत्र की मजबूती, सैन्य शक्ति व युद्ध नीति का आधुनिकीकरण, उन्नत अस्त्र-शस्त्र के साथ सीमा क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।

## सारा संसार



मैसूर महल का निर्माण 14वीं सदी में वाडयार राजाओं ने करवाया था, जबकि इसका डिजाइन प्रसिद्ध ब्रिटिश वास्तुकार हेनरी इरविन ने तैयार किया था। यह वाडियार महाराजाओं का निवास स्थान हुआ करता था। मैसूर पैलेस दविड़, पूर्वी और रोमन कला का अद्भुत संगम है। सलेटी पत्थरों से बना यह महल गुलाबी रंग के पत्थरों के गुंबदों से सजा है।

## रिपोर्ट
डॉ. मोनिका शर्मा



# खुशी मापने का दोहरा पैमाना

हाल ही में आई विश्व खुशहाली रिपोर्ट-2024 में भारत को 126वें स्थान पर रखा गया है। जीवनयापन की बेहतरी और कमतरी मापने के जाने कौन से पैमाने रहे कि हमारे देश को इस सूची में युद्ध की विभीषिका झेल रहे देशों से भी पीछे स्थान दिया गय। ऐसे में प्रश्न यह उठता है कि सामुदायिक जीवन में उत्सवीय मेलजोल और आर्थिक मोर्चे पर आगे बढ़ने के कई मापदंडों पर रेखांकित करने योग्य उपलब्धियों के बावजूद इस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग कम कैसे है? सवाल यह भी है कि लंबे समय से अस्थिरता और आतंक का दंश झेल रहे देशों की खुशहाली किस आधार तय की गई है? ज्ञात हो कि भारतीय नागरिकों की खुशहाली को कम आंकने वाली इस सूची में युद्ध से जूझ रहे रूस और यूक्रेन की रैंकिंग काफी ऊंची है।सुखी देशों की रैंकिंग वाली इस सूची में रूस का 70वां और यूक्रेन का 92वां स्थान है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा जारी वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत की रैंकिंग 136 से 126 तक आने और सुधार होने की बात कही गई है, पर नेपाल, चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से पीछे होना परेशान करने वाली बात है, जबकि हाल ही में महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और स्त्री सुरक्षा और स्थिति के लिए समर्पित मंच सीएसडब्लू के उद्घाटन सत्र में स्वयं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने महिलाओं पर युद्धों से होने वाले असंगत प्रभाव की बात कही थी। अवसाद और तनाव के बढ़ते आंकड़ों के बीच पारिवारिक व्यवस्था मन को थामने का आधार बनी हुई है। बड़ी आबादी और विभिन्न समुदायों वाले भारतीय समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ा है, पर सांस्कृतिक भाव कायम है। यही जुड़ाव तो इन्सानों के मन को खुशी देता है। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि सामुदायिक जीवन से जुड़ाव बने रहने का मनुष्य के सुख से सीधा नाता है। ध्यातव्य है कि इस बार सूचकांक में विकसित और सुविधासंपन्न जीवनशैली वाला देश अमेरिका, शीर्ष 20 देशों में भी जगह नहीं बना सका। रिपोर्ट कहती है विकास पथ अग्रसर अमेरिकी समाज में बच्चे अकेलेपन का शिकार हैं। ध्यान इस ओर भी देना होगा कि इस सूची में शीर्ष स्थान पाने वाले फिनलैंड की आबादी ही बहुत कम है। 140 से अधिक देशों का मूल्यांकन करने वाली रिपोर्ट में सामाजिक सुरक्षा, आय, स्वतन्त्रता, उदारता, भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति और जीवनकाल जैसे बिन्दुओं पर देशों की खुशहाली का आकलन किया जाता है। मानव मन और जीवन की बेहतरी से जुड़े इन मानकों पर स्थितियों को आंकने वाली इस सूची में पाकिस्तान 108वें स्थान पर हैं। व्यावहारिक रूप से आर्थिक बदहाली और कर्ज के बोझ तले दबे हमारे इस पड़ोसी देश के नागरिकों का भारतीयों से ज्यादा खुशहाल होना समझ से परे लगता है। निस्संदेह, नागरिकों की ख़ुशी के बिना आर्थिक विकास और समृद्धि के सारे मापदंड अर्थहीन लगते हैं, पर भारत में बेहतरी के प्रयास हर पक्ष पर जारी हैं। रेखांकित करने बात यह भी है कि भारत का सामाजिक-पारिवारिक मानस आज भी साझे सुखद को जीने और सद्भाव को सींचने का भाव लिए हैं। यह किसी भी समाज के सुखी होने के लिए सबसे जरूरी है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विडंबना
डॉ. अश्विनी महाजन

लंदन से प्रकाशित पक पत्रिका में लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है।

# उत्तर-दक्षिण विभाजन की झूठी कहानी

हाल ही में लंदन से प्रकाशित 'द इकोनॉमिस्ट' नाम की एक पत्रिका ने एक बेहद शरारती लेख के जरिये उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढ़ने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं, क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है। 46 प्रतिशत टेक यूनिकॉर्न दक्षिण भारत से हैं और भारत का 46 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात इन्हीं पांच दक्षिणी राज्यों से होता है। इतना ही नहीं, पत्रिका लिखती है कि 66 फीसदी आईटी सेवाओं का निर्यात भी दक्षिणी राज्यों से होता है।

कुछ एजेंडाधर्मी लोगों को छोड़ सारा विश्व जानता है कि उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक भारत एक है। यह सच है कि भारत में अलग-अलग क्षेत्रों पर अलग-अलग समय में अलग-अलग शासकों का शासन था, लेकिन पूरे भारत में रहने वाले सभी लोगों के बीच एक अटूट संबंध बना रहा, लेकिन अफसोस की बात है कि विदेशी शासन के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा ऐसा साहित्य रचा गया और जानबूझकर इतिहास लेखन के माध्यम से झूठी कहानियां गढ़ी गईं, जिससे दक्षिण भारत के लोगों के मन में उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ जहर भर गया। झूठा इतिहास रचा गया कि, आर्य विदेशों से आए थे और उनके क्रूर आक्रमण से द्रविड़ लोग आहत होकर दक्षिण की ओर जाने को मजबूर हुए। ऐसी स्थिति में हिंदी भाषा के प्रति शत्रुता को दक्षिणी राज्यों में, तमिलनाडु में और भी अधिक तीव्रता से बढ़ावा दिया गया। कहा जाता है कि इस झूठी कहानी की शुरूआत एक जर्मन प्राच्यविद् और भाषाशास्त्री ने की थी। आज प्रचुर मात्रा में वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं जो साबित करते हैं कि आर्य आक्रमण सिद्धांत पूरी तरह से एक मिथक, मनगढ़ंत और काल्पनिक है। भारत, अमेरिका और अन्य देशों के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में प्रकाशित शोध पत्रों के अनुसार, हड़प्पा काल के वैज्ञानिक तथ्यों के साक्ष्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मध्य एशिया से आर्यों का इतने बड़े पैमाने पर प्रवास कभी नहीं हुआ। इसके अलावा कई इतिहासकारों ने भी इस झूठी कहानी को उजागर करने का काम किया है। उसके बावजूद भारत में हो रहे तेजी से विकास से ईर्ष्या करने वाले पश्चिमी दुनिया के देशों द्वारा यह एजेंडा लगातार चलाया जा रहा है। दक्षिण में हुए विकास के आंकड़ों का सहारा लेकर, पत्रिका ने शरारतपूर्ण तरीके से इस मुद्दे को राजनीति से जोड़ा और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास दक्षिणी राज्यों में मजबूत आधार नहीं है। पत्रिका का यह भी तर्क है कि इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान सरकार के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है। गौरतलब है कि जिस देश (ब्रिटेन) में

The Economist

इकोनॉमिस्ट पत्रिका प्रकाशित होती है, वहां अब तक किसी भी प्रधानमंत्री को चुनाव में पूरे देश से समान जनादेश नहीं मिला है। क्या इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है? दुनिया भर के लोकतंत्र के इतिहास में ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जब सभी क्षेत्रों से समान रूप से बहुमत वोट प्राप्त करके सरकार बनाई गई हो। इसी तरह दक्षिण भारत के कुछ नेता भी इसी प्रकार के तर्क देकर अपनी अलगाववादी राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। हम जानते हैं कि देश में कुछ भ्रष्ट नेताओं के कारण कई राज्यों का विकास बाधित हुआ, जिनमें दक्षिणी राज्य भी शामिल थे। पूर्वोत्तर के कई राज्य पूर्ववर्ती केंद्र सरकार की उपेक्षा के शिकार रहे हैं, लेकिन जम्मू-कश्मीर जैसे कई राज्यों को उनकी जनसंख्या के अनुपात से कहीं अधिक संसाधन मिलते रहे। जहां तक विकास का सवाल है, देश में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति आय वाले दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से केवल दो दक्षिण से हैं और वह भी पांचवें और छठे स्थान पर हैं और वह भी आईटी सेक्टर के कारण, जहां भारत के सभी हिस्सों से आने वाले लोग काम कर रहे हैं।

जहां हमारे देश में खाद्यान्न उपलब्ध कराने में उत्तरी राज्यों का महत्वपूर्ण योगदान है, उसी प्रकार औद्योगिक उत्पादन, विशेषकर इलेक्ट्रिक और आईटी उत्पाद उपलब्ध कराने में दक्षिणी राज्यों के योगदान को कम नहीं आंका जा सकता। राजनीतिक उद्देश्यों वाले लोगों ने अब दक्षिणी राज्यों को कर धन के हस्तांतरण में भेदभाव का मुद्दा उठाकर उत्तर-दक्षिण विभाजन को एक और आयाम दे दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सहित कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं ने यह कहते हुए विरोध प्रदर्शन किया कि दक्षिणी राज्यों को केंद्रीय करों से उनके वैध हिस्से से वंचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कर हिस्सेदारी वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है। 15वें वित्त आयोग की कार्यवाही के दौरान इन राज्यों ने केंद्र सरकार के समक्ष संदर्भ की शर्तों के बारे में अपनी शिकायत व्यक्त की, जिसके अनुसार वित्त आयोग को पिछले आयोग द्वारा उपयोग की जाने वाली जनसंख्या को 1971 के बजाय 2011 की जनगणना के अनुसार उपयोग करने का निर्देश दिया गया था। उनका आरोप था कि यह दक्षिणी राज्यों के ख़िलाफ़ जाएगा, क्योंकि उन्होंने अपनी जनसंख्या को कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर तरीके से नियंत्रित किया है। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, 15वें वित्त आयोग ने जनसांख्यिकीय प्रदर्शन यानि जनसंख्या नियंत्रण को भी महत्व दिया।

इसके अलावा, केंद्रीय करों के कुल हस्तांतरण में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल की हिस्सेदारी पिछले वित्त आयोग की तुलना में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों में कमोबेश वही रही। हालांकि, कर्नाटक की हिस्सेदारी 4.71 प्रतिशत से घटकर 3.64 प्रतिशत हो गई। केरल का हिस्सा इस अवधि में में 2.5 प्रतिशत से घटकर 1.92 प्रतिशत हो गया, लेकिन केंद्रीय राजस्व में हिस्सेदारी के अलावा, इन राज्यों को महत्वपूर्ण राजस्व घाटा अनुदान भी दिया गया। आंध्र प्रदेश के मामले में यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 30,497 करोड़ रुपये और कर्नाटक के लिए 2021-22 के लिए 1,631 करोड़ रुपये बैठता है। केरल के लिए, यह 2021-22 से 2023-24 के लिए 37,814 करोड़ रुपये और तमिलनाडु के लिए 2021-22 के लिए 2,204 करोड़ रुपये था, इसलिए आंकड़े किसी भी तरह से वित्त आयोग के कथित पूर्वाग्रह को साबित नहीं करते। हमें यह समझना चाहिए कि राष्ट्रीय एकता और क्षेत्रीय सद्भाव के मुद्दों पर, हमें अलगाववादी बयानों से बचना चाहिए, क्योंकि यह हमारे राष्ट्र की राष्ट्रीय एकता और जान कल्याण पर काफी हद तक प्रभाव डाल सकता है। अलगाववादी आवाजों पर अंकुश लगाने की जरूरत है और अलगाववादी एजेंडे में शामिल अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों और मीडिया से भी सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

(लेखक डीयू में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# तन, मन, धन सब निरंकार, नहीं करना चाहिए अहंकार



संकलित
## दर्शन

सद्गुरु ने ब्रह्मज्ञान प्रदान करने से पहले पांच प्रण लिए हैं। पहला प्रण है तन, मन, धन का अहंकार नहीं करना, इसे निरंकार का ही समझना है। इस प्रण को मानने से अहंकार नहीं आएगा और न ही हम में जलन-द्वेष का भाव आएगा। दूसरे प्रण में कहा कि जाति-पाति, वर्ण, आश्रम आदि का अभिमान नहीं करना। इससे भी जलन, द्वेष का भाव मनुष्य में नहीं आएगा। काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय के कारण शरीर में जो विकृतियां पैदा होती हैं और कभी-कभी जो रोग पैदा होते हैं, सभी विकार भी दूर रहेंगे। ये सभी हमारे जीवन में आनंद में रुकावट का कारण बनते हैं। कभी-कभी अकेले में निरंकार प्रभु को अपने साथ समझते हुए निरंकार प्रभु के चरणों में हाथ जोड़कर सुमरिन करें और प्रार्थना करें, हे निरंकार प्रभु अंतर्यामी, कृपा करें। मेरे सभी अवगुणों को बख्श दें और दया करें कि मेरे अंदर बुरे विचार न आएं। केवल अच्छे विचार आएं। इस शरीर से अच्छे-अच्छे कर्म हों। मेरे मुख से मधुर वाणी ही निकले। ये शरीर तेरे संतों की संगत में दौड़-दौड़ कर जाए। आप मेरे को शक्ति दें ताकि मैं संतों की बढ़-चढक़र सेवा कर पाऊं और अंतिम श्वास तक तेरे चरणों से जुड़ा रहूं। एक प्रेरणा युक्त संत के जीवन की घटना है। महान दार्शनिक और तत्त्ववेत्ता सुकरात का चेहरा बहुत कुरूप था, फिर भी वे दर्पण में बहुत बार अपना चेहरा देखते रहते थे। जब-जब सुकरात दर्पण के सामने खड़े होकर अपना चेहरा देखते, उनके शिष्य हंसने लगते किंतु सुकरात को कुछ नहीं कह पाते।

# विनम्रता ही दर्शाती है मनुष्य की श्रेष्ठता व विद्वता



संकलित
## प्रेरणा

सद्गुरु की शिक्षाओं के अनुरूप कार्य सुखदायी होता है। किसी मनुष्य की निंदा न करें। सबके भले में ही हमारा भला है, यही सोचें। संत महात्मा कहते हैं कि जिन व्यक्तियों का स्वभाव झगड़ालू है, क्रोधी है, मानने वाले नहीं हैं, उन पर आप क्रोध न करें। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। निरंकार प्रभु से उनका भला मांगें। जहां तक हो सके उनका भला करें। आप अपने मन पर बोझ न डालें और अपने आपको परेशान न करें। गुरसिख तो सद्गुरु के चरणों में अरदास ही करता है। क्योंकि सबका भला करने वाला निरंकार दातार है। हमारी हिम्मत नहीं कि किसी का भला कर पाएं। हमें अपने मन, बुद्धि को निरंकार प्रभु से जोडऩा है। बाकी जो प्रभु करेगा ठीक करेगा। हमें भूल कर भी किसी का बुरा नहीं मांगना है। विनम्रता से दूसरे को सुनने और अपनी बात सुनाने में आसानी होती है। बड़े ध्यान से बात सुनी व सुनाई जाती है। विनम्रता मनुष्य की श्रेष्ठता दर्शाती है। हां, कोई स्वार्थवश ऊपर से विनम्रता दिखाता है, तो वह अपने आपको धोखा देता है। इसलिए जीवन में विनम्रता अपनाना दिव्य गुण है। विनम्रता के बिन मनुष्य अभिमानी, क्रोधी लगता है। सद्विचार हैं तो मनुष्य विनम्र भी बनेगा। आप निरंतर अपने आपको निरंकार प्रभु के निकट ही अनुभव कीजिए। वो जितने आपके निकट हैं, उतने निकट तो आपके कोई भी नहीं है, यहां तक कि आपके अंग भी नहीं। आपके निकट है आपका हाथ, जहां जरूरत होती है, पहले हाथ पहुंचता है।

## इफ्तार



अजमेर में गुरुवार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह में रमजान के पवित्र महीने के दौरान मुसलमान इफ्तार में शामिल होते हैं।

## आज की पाती

### चुनाव के समय अभद्र भाषा का प्रयोग अशोभनीय

देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में सुप्रिया श्रीनेत, जो कि कांग्रेस से संबंधित हैं, द्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है।

-राजेश कुमार चौहान, रायपुर

## ट्रेंड

### कांग्रेस ने अपमान किया



एक तरफ विकास के पथ पर बिहार को तेजी से आगे ले जाने में जुटी एनडीए सरकार है, तो दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो राज्य को लालटेन युग में ही रखना चाहते हैं। कांग्रेस और आरजेडी ने बिहार और बिहारी गौरव का हमेशा अपमान किया है। इसके एक नहीं, अनेक उदाहरण हैं(

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बेरोज़गारी सबसे बड़ी समस्या



आगे कोई पूछे कि इस समय इस देश के सामने सबसे बड़ी क्या समस्या है, तो बिना झिझके बोलना होगा बेरोज़गारी। बेरोज़गारी सबसे भयावह समस्या है और अब सिर्फ़ सिंपल ग्रेजुएट ही नहीं, आईआईटी जैसे संस्थान भी बेरोज़गारी से अछूते नहीं।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### मेरी पीढ़ी को फायदा



नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले उदारीकरण कार्यक्रमों से मेरी पीढ़ी को अत्यधिक लाभ हुआ। उन लाभों ने आत्मविश्वास के स्तर को बदल दिया और इस प्रतिभाशाली, आत्मविश्वास से भरी युवा पीढ़ी को जन्म दिया जो भारत को उस चीज़ से आगे ले जा रही है।

-हर्षा भोगले, क्रिकेट एक्सपर्ट

### मोदी के भारत में विकास



पीएम मोदी के भारत में ये हो रहा है- 2014 के बाद से शेयर बाजार का बाजार तीन गुना बढ़ गया है। अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना हो गया है। शेयरों में निवेश करने वालों की संख्या 2% से बढ़कर 5% हो गई है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# 'ताइवान के मुद्दे पर अमेरिका न लांघे अपनी सीमा'



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से फोन पर बात की थी, जो पिछले नंबर में सैन फ्रांसिस्को में उनके ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। बाइडन को बातचीत के दौरान जिनपिंग ने कहा कि ताइवान पहली लाल रेखा है, जिसे अमेरिका द्वारा पार नहीं किया जाना चाहिए, साथ ही टो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि चीन हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। हालांकि व्हाइट हाउस ने 1 घंटे 45 मिनट की बातचीत को कई मुद्दों पर स्पष्ट और रचनात्मक बताया है। जारी बयान के मुताबिक, बाइडन ने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया है। साथ ही रूस के रक्षा उद्योग के लिए चीन के समर्थन पर भी चिंता जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने दक्षिण चीन सागर में कानून के शासन और नेविगेशन की स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया। चीन के विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि दोनों नेताओं के बीच स्पष्ट और गहन बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि शी जिनपिंग ने अमेरिका-चीन संबंधों को स्थिर होने की शुरुआत बताया। दोनों पक्षों से ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि, ताइवान पर चीन का बयान सामने आया है। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी स्व-शासित लोकतंत्र को अपने क्षेत्र के रूप में दावा करती है और यदि

## ऑफ बीट

# सूर्य ग्रहण में दान करें इनमें से कोई भी एक चीज



साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य ग्रहण को बेहद महत्वपूर्ण घटना माना जाता है। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कई तरह के परिवर्तन देश-दुनिया में देखने को मिल सकते हैं। साथ ही इस दिन आप भी कुछ चीजों का दान करके और कुछ आसान उपाय करके अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। गेहूं: सूर्य ग्रहण के दिन गेहूं का दान करने से करियर से जुड़ी समस्याओं का अंत होता है। करियर में आ रही सभी रुकावटों को दूर करने के लिए आप ये उपाय आजमा सकते हैं। चना: अगर घर में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं तो सूर्य ग्रहण पर चना दान करना चाहिए। इससे सूर्य के साथ ही बृहस्पति ग्रह की भी आपको कृपा प्राप्त होती है। लाल वस्त्र: सूर्य ग्रहण के दिन लाल वस्त्र दान करके आप सूर्य की कृपा प्राप्त कर सकते हैं। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और सफलता के द्वारा आपके लिए खुलते हैं। गुड़: गुड़ का दान करके आर्थिक स्थिति सुधरती है, अटका धन वापस मिलता है। स्वर्ण: सोने का दान करना सबके सामर्थ्य में नहीं होता लेकिन फिर भी अगर आपकी सामर्थ्य हो तो आप सूर्य ग्रहण के दिन थोड़ी मात्रा में स्वर्ण दान कर सकते हैं। इससे आपकी मनोकामनाएं पूरी होती हैं हर क्षेत्र में सफलता आप पाते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# आमी बोली भ्रष्टाचार हाटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बाचाओ, टीएमसी सरकार ने गुनहगारों को बचाने पूरी ताकत झोंक दी थी, इनको सजा दिलाना मोदी की गारंटी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में भाजपा ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पीएम ने कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी।

**संदेशखाली को लेकर ममता पर बरसे पीएम**

बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार को लेकर पीएम मोदी ने ममता सरकार पर हमला बोला है। बंगाल के कूच बिहार में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि बंगाल में भाजपा ही माताओं-बहनों पर होने वाले अत्याचार को रोक सकती है। पीएम ने कहा कि बंगाल समेत पूरे देश ने देखा है कि टीएमसी सरकार ने संदेशखाली के गुनहगारों को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी।

उन्होंने कहा कि संदेशखाली की महिलाओं के साथ जो हुआ, वो टीएमसी के अत्याचार की पराकाष्ठा है। पीएम ने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश में सात दशक तक लोगों ने केंद्र सरकार में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। अब पहली बार देश ने बीते 10 साल में पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार का विकास मॉडल देखा है।आज दुनिया कहती है कि मोदी मजबूत नेता है, मोदी कड़े और बड़े फैसले लेने वाला नेता है।

**कूच बिहार में बोले- ममता सरकार ने अत्याचार को नहीं रोका**

**यह राज्य की महिलाओं पर अत्याचार की पराकाष्ठा थी**

## 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर, आप सभी लोग मेरा परिवार



कूचबिहार के रासमेलार मैदान में पीएम ने बांग्ला में कहा कि आमी बोली भ्रष्टाचार हाटाओ, ओरा बोले भ्रष्टाचारी बाचाओ (मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ)। पीएम ने कहा कि पिछले 10 साल में जो विकास हुआ वह बस ट्रेलर है। अभी तो मुझे बहुत काम करना है। हिंदुस्तान के हर इलाके में विकास हुआ। हर परिवार तक उसका लाभ पहुंचा। बंगाल के लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा, क्योंकि मोदी ने इसकी गारंटी दी थी। यहां के 40 लाख लोगों को पक्का मकान मिला, क्योंकि यह मोदी की गारंटी थी। दस साल में जो विकास हुआ, उसकी लंबी लिस्ट है। मेरे विरोधी कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। अरे, मोदी के लिए तो मेरा भारत मेरा परिवार है। आप मुझे बताइए कि आप मेरा परिवार हैं कि नहीं। मोदी ने बांग्ला में कहा कि आमार भारत आमार परिवार।

**आज ममता ने रैली नहीं रोकी**

पीएम ने इस बीच ममता बेनर्जी पर कटाक्ष भी किया। पीएम ने कहा कि मैं ममता दीदी को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि 2019 में जब मैं यहां आया तो उन्होंने मेरी रैली में बाधा उत्पन्न की। मैंने उनसे कहा था कि जनता मेरा बदला लेगी, लेकिन आज उन्होंने ऐसा कुछ करने की कोशिश नहीं की और मुझे आप लोगों से मिलने दिया। मैं आज कोई परेशानी पैदा नहीं करने के लिए बंगाल सरकार को धन्यवाद देता हूं।

**राहुल का भाजपा पर निशाना**

### देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक्स पर चुनाव को लेकर कांग्रेस के वादों से जुड़ी एक पोस्ट की है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस और 'इंडिया' का मतलब युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रुपए प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे, सुरक्षित संविधान और नागरिक के अधिकार होगी। भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ,असुरक्षा।

**पूर्णिया से पप्पू यादव ने ठोंकी ताल**

### हमारा लक्ष्य है कोसी और सीमांचल की आजादी



आजादी... आजादी...! यह नारा एक समय जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय में खूब चर्चित रहा था। अब कांग्रेस नेता और पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय नामांकन दाखिल करने वाले राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कुछ ऐसी ही बात कह दी है। उन्होंने नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य कोसी और सीमांचल की आजादी है। उन्होंने इस 'आजादी' पर आगे बात नहीं की और कहा कि वह कांग्रेस को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

**बिहार कांग्रेस में मची भगदड़**

### अनिल शर्मा भाजपा में शामिल सोनिया- खरगे को बताया सांप्रदायिक

बिहार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे अनिल शर्मा गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। इस दौरान उन्होंने कहा कांग्रेस सांप्रदायिक पार्टी है और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी सबसे ज्यादा सांप्रदायिक लोगों की कैटेगरी में आते हैं।

**उपेंद्र भी भाजपा में शामिल**

### लालू यादव भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ा रहे




राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व लोकसभा उम्मीदवार उपेंद्र प्रसाद ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और संजय मयूख के समक्ष अनिल शर्मा और उपेंद्र प्रसाद ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**भाजपाध्यक्ष नड्डा ने देहरादून में कांग्रेस को जमकर कोसा**

## कांग्रेस ने तीनों लोक में किया भ्रष्टाचार, यही उनका इतिहास




**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवभूमि और वीरभूमि से कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न जल छोड़ा, न नभ छोड़ा, न थल छोड़ा, न पाताल छोड़ा है। उसने तीनों लोक में भ्रष्टाचार किया है। पाताल में कोयला घोटाला, आकाश में अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, जमीन पर बोफोर्स घोटाला और थल में पनडुब्बी घोटाला किया है। ये कांग्रेस पार्टी का इतिहास है।पिथौरागढ़ में नड्डा ने जनता की याददाश्त को ताजा किया। उन्होंने कहा कि क्या यह सच्चाई नहीं है कि कांग्रेस सरकार में कोयला का घोटाला हुआ था, पनडुब्बी का घोटाला हुआ था, 2जी और 3जी का घोटाला हुआ था, कामन वेल्थ गेम का घोटाला हुआ था।

**मोदी ने उत्तराखंड में बहाई विकास की गंगा**

पीएम प्रधानमंत्री ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड के विकास का दशक होगा। आज वह धरातल पर उतरता हुआ दिख रहा है और विकास की गंगा बह रही है। दशकों तक जनता के साथ धोखा किया, घोटाले किए और विनाश की तरफ ढकेला। नड्डा ने लोगों से कहा कि 19 अप्रैल को चुनाव में आपको उन लोगों का चयन करना है, जिन्होंने उत्तराखंड के दर्द को समझा है। उत्तराखंड को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, युवाओं की आकांक्षाओं को पंख लगाने का काम किया। महिलाओं का सशक्तीकरण किया, उत्तराखंड को मुख्यधारा में लाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी और दूसरी तरफ वो लोग हैं, जिन्होंने दशकों तक जनता के साथ धोखा किया, घोटाले किए। विकास का नारा देकर विनाश की तरफ ढकेला और घोटालों की सरकार एक नहीं अनेक सरकार चलाईं।

**शाह की गुवाहाटी में बड़ी रैली**

### 8 अप्रैल को शाह की रैली में एक लाख लोग शामिल होंगे



**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 8 अप्रैल से असम में चुनाव प्रचार शुरू करने जा रहे हैं। पार्टी की प्रदेश इकाई असम में रैली के दौरान अपनी ताकत दिखाने की भी कोशिश करेगी।विधायक और सोनितपुर लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार रंजीत दत्ता ने गुरुवार को कहा कि शाह की चुनावी जनसभा की पूरी तैयारी हो चुकी है। तीन विधानसभा सीटों से करीब 1 लाख लोग इस सभा में शामिल होंगे। शाह की सभा का आयोजन बिश्वनाथ जिले के गोहपुर शहर में किया जाएगा। दत्ता ने कहा कि कांग्रेस ने असम में अपना आधार खो दिया है।मैं पिछले कई दिनों से चुनावी कैंपन में जुटा हुआ हूं।

**ईरानी का राहुल पर करारा वार**

### आईएमएलयू से अब आ रही शर्म, झंडे छिपा रहे



**वायनाड।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर हमला बोला है। राहुल पर निशाना साधते हुए ईरानी ने आरोप लगाया कि वे अपने पार्टी के ही सहयोगी दल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से शर्मिंदा हैं। उनके रोड शो के दौरान उसका झंडा नहीं दिखाया गया था। स्मृति ने कहा कि अगर उन्हें आईयूएमएल से शर्म आती है, तो उन्हें उनका समर्थन अस्वीकार कर देना चाहिए।

**राहुल ने संविधान की शपथ का उल्लंघन किया**

भाजपा के राज्य प्रमुख के सुरेंद्रन के नामांकन दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए स्मृति ने कहा कि एसडीपीआई का समर्थन स्वीकार करके राहुल ने नामांकन दाखिल करते समय ली गई संविधान की शपथ का भी उल्लंघन किया है।

**इंडी गठबंधन की 'नीयत' केवल लूटने की**

ईरानी ने कहा कि इंडी गठबंधन एक ऐसा गठबंधन है जिसमें कोई 'नेता' नहीं है, कोई 'नीति' नहीं है और इसकी 'नीयत' केवल लूटने की है, जिसे भारत का हर नागरिक जानता है। गठबंधन बिखरा हुआ है। कांग्रेस और वामपंथी, वायनाड के साथ राज्य में एक-दूसरे के साथ लड़ रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### 16 फीट गहरे बोरवेल में फंसे बच्चे को निकाला



**विजयापुर।** कर्नाटक के विजयापुर के इंडी तालुका में बोरवेल में गिरे 2 साल के बच्चे को तकरीबन 20 घंटे के बचाव अभियान के सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। बोरवेल के अंदर 16 फीट की गहराई में फंसे बच्चे सात्विक सतीश मुजागोंड को सुरक्षित बाहर निकालते ही खुशी की लहर दौड़ गई। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने बचाव अभियान को अंजाम दिया।

### चंबा में लगे 5.3 तीव्रता के भूकंप के झटके




**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में गुरुवार रात 9:35 पर भूकंप के तेज झटका महसूस किया गया। झटके के बाद लोग अपने घरों से निकाल कर खुली जगह पर पहुंच गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप के झटके की तीव्रता 5.3 आंकी गई। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। उपायुक्त मुकेश रैप्सवाल ने बताया कि भूकंप के झटके से जिला में किसी प्रकार के जानोमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

### चंद्रशेखर को मिली जान से मारने की धमकी



**नगीना।** उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे भीम आर्मी प्रमुख एवं आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर को गोली मारने की धमकी दी गई है। मामले की शिकायत लेकर जिला अध्यक्ष करणवीर सिंहशाहिद के दर्शन कार्यकर्ता एसपी से मिलने पहुंचे। सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जो पार्टी तक भी पहुंचा है।

**केजरीवाल को एक मामले में राहत**

## सीएम पद से हटाने की याचिका खारिज, 'सरकार' करे फैसला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्हें सीएम पद से हटाने की मांग की थी।

हाईकोर्ट ने कहा कि कभी-कभी, व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन करना पड़ता है। हिंदू सेना नामक संगठन के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से दायर याचिका में उन्हें सीएम पद से हटाने की मांग की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि यह केजरीवाल का निजी फैसला होगा। इस मुद्दे पर निर्णय लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है।

**वकीलों से मुलाकात का वक्त बढ़ाया जाए**

शराब घोटाले के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद केजरीवाल ने एक बार फिर कोर्ट का रुख किया है। सीएम के वकील ने कोर्ट में एक याचिका लगाई है। इसमें गुहार लगाई गई है कि जेल प्रशासन को यह आदेश दिया जाए कि वो अपने वकीलों से अतिरिक्त मुलाकात का वक्त दें।

**कविता की नई याचिका**

### 1 माह बेटे के साथ रहने से आसमान नहीं टूटेगा



तिहाड़ जेल में बंद बीआरएस नेता के. कविता के वकील एएम सिंघवी ने उनके अंतरिम जमानत पर बहस की। सिंघवी ने कहा आरोपी महिला का 16 साल का बच्चा है, जिसकी परीक्षाएं अप्रैल में होने वाली हैं। एक माह तक बेटे के साथ रहने की इजाजत देते हैं। कोई आसमान नहीं गिर जाएगा?

**संदेशखाली मामले में ममता सरकार पर भड़का कलकत्ता हाईकोर्ट**

## अत्याचार रोकने की संपूर्ण जिम्मेदारी सत्ताधारी दल की, जो हुआ शर्मनाक

**पश्चिम बंगाल में महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले में सुनवाई**

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ अत्याचार के मामले में सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने ममता सरकार को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा है कि यदि किसी नागरिक की सुरक्षा को खतरा है तो फिर सौ फीसदी जिम्मेदारी सत्ताधारी दल की है। संदेशखाली मामले की सुनवाई के दौरान कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा कि अगर एक फीसदी भी सच है तो यह पूरी तरह से शर्मनाक है। वहां जो कुछ भी हुआ उसकी नैतिक जिम्मेदारी जिला प्रशासन और सत्ताधारी दल की है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा कि अगर किसी नागरिक की सुरक्षा खतरे में है तो पूरी जिम्मेदारी सत्तारूढ़ दल की है।

**आप एक आरोपी की ओर से सवाल पूछ रहे**



सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद चीफ जस्टिस ने सख्त लहजे में शाहजहां के वकील से सवाल भी किए। उन्होंने कहा कि आप एक आरोपी शख्स की ओर से सवाल पूछ रहे हैं। पहले अपने आसपास के साए से छुटकारा पाएं। उसके बाद दूसरे के बारे में बात करें। 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली इलाके की कई महिलाओं ने दो महीने पहले टीएमसी के तत्कालीन नेता शाहजहां शेख समेत अन्य पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। कई महीनों तक भाजपा टीएमसी पर हमलावर रही। इसके बाद शेख को गिरफ्तार कर लिया गया।

**यहां से रेखा पात्रा भाजपा उम्मीदवार**

लोकसभा चुनाव में भाजपा ने संदेशखाली मामले की पीड़िता रेखा पात्रा को बशीरहाट सीट से उम्मीदवार भी बनाया है। पीएम ने संदेशखाली पीड़िता रेखा पात्रा से फोन पर बातचीत भी की थी। उन्होंने उनसे चुनावी तैयारियों, लोगों के बीच भाजपा के प्रति समर्थन और अन्य मुद्दों की जानकारी ली। रेखा ने संदेशखाली में महिलाओं की ओर से सामना की जाने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। इस दौरान पीएम मोदी ने रेखा को शक्ति स्वरूपा बताया था।

**ममता के बिगड़े बोल**

### भाजपा को बताया जहरीले सांप से भी बुरा...



लोकसभा चुनाव में नेताओं की ओर से अमर्यादित टिप्पणियों का दौर भी शुरू हो गया है। अब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने कूचबिहार में विरोधी दल भाजपा को अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। ममता ने ये तक कह दिया कि जहरीले सांप पर विश्वास कीजिए, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूच बिहार में ममता ने भाजपा पर कई बड़े आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि शीतलकुची में जिसने गोली मारकर हत्या किया वो अभी बीरभूम में भाजपा प्रार्थी बन गया। ममता ने आरोप लगाया कि 3 सालों से आवास योजना का पैसा नहीं दिया जा रहा है। सड़क के पैसे नहीं दिए जा रहे हैं।

**केंद्रीय मंत्री को बताया कलंक**

ममता ने कूच बिहार से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रामाणिक का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम मंत्री के नाम पर कलंक हो। राज्य सरकार के अधिकारियों का ट्रांसफर हो रहा है।

**बंगाल में कोई अलाएंस नहीं**

ममता ने कहा कि बंगाल में कोई इंडिया एलाइंस नहीं हुआ है। इंडिया नाम भी मैंने दिया था। दिल्ली में अलायंस हुआ है । ममता ने अपशब्दों का भी प्रयोग किया। बाद में उन्होंने उन शब्दों को सुधारने की कोशिश की।

**सुरजेवाला की हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी से मचा बवाल**

## विज ने सुरजेवाला को बताया भेड़िया, महिला आयोग ने थमाया नोटिस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा उत्तर प्रदेश के मथुरा से सांसद और अदाकारा हेमामालिनी पर दिया बयान अब सियासी रूप से नया विवाद खड़ा कर रहा है। महिला आयोग ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुरजेवाला को नोटिस थमाया है।

हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने सुरजेवाला को भेड़िया तक कह दिया। विज ने कहा कि सुरजेवाला का हेमामालिनी के बारे में बयान देना, कोई नई बात नहीं हैं, ये कांग्रेस का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया ने भी कंगना रनौत के बारे में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी। विज ने कहा कि इनके (कांग्रेस) पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने एक पुस्तक दी इनसाइडर लिखी थी, उस पुस्तक में इनका (कांग्रेस) महिलाओं के प्रति क्या विचार व दृष्टिकोण है, के 767 नंबर पेज पर साफ-साफ लिखा हुआ है।

**विवादित बयान पर पंचकूला में देना होगा स्पष्टीकरण**







**महिला आयोग ने जांच शुरू की**



**मुझे लगा कि सुरजेवाला एक सभ्य व्यक्ति हैं, मगर ऐसी बात की**

दूसरी तरफ एक मामले की जांच करने अंबाला पहुंची महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा कि रणदीप सिंह सुरजेवाला को हमने नोटिस दिया है। नोटिस की एक कॉपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को भी भेजी गई है। इस नोटिस के माध्यम से सुरजेवाला को 9 अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे पंचकूला स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है।

**भाजपा ने कांग्रेस को घेरा**

### सुरजेवाला ने महिला जाति का अपमान किया




भाजपा आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने ट्वीट कर कांग्रेस को घेरा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने हेमा मालिनी पर एक घृणित टिप्पणी की है। उनकी यह टिप्पणी न केवल हेमा मालिनी के लिए है, बल्कि ये बात सामान्य रूप से महिलाओं के लिए भी अपमानजनक है।

**आईएमडी ने दी सलाह**

## अप्रैल में ही पड़ेंगे लू के थपेड़े पांच दिन हीटवेव का अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अप्रैल की शुरुआत में ही गर्मी ने ट्रेलर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अप्रैल में ही राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात समेत कई राज्यों में 20 दिन लू चलेगी। अहमदाबाद में भीषण गर्मी के बाद 100 ट्रैफिक सिग्नलों को 12 बजे से 4 बजे तक बंद करने का ऐलान किया है।

राज्य के कई स्थानों में स्कूलों के समय पर बदलाव हुआ है। बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में अगले 5 दिन हीट वेव की चेतावनी जारी की है। उत्तरी राज्यों दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड में मौसम बदलने वाला है। कई राज्यों को भयानक हीटवेव का सामना करना पड़ रहा है। जून तक पूरे देश का करीब 85 फीसदी हिस्सा आग में झुलसेगा। पिछली साल यह आंकड़ा 60 था। कर्नाटक में हीट वेव की स्थिति अल नीनो प्रभाव में वृद्धि के कारण है। राजधानी बेंगलुरु के लोगों को पानी के संकट के बीच भीषण गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। यहां बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया।

# रीट अगले छह महीने में हो सकता है सूचीबद्धः नारेडको

- देश का पहला लघु व मझौला रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट होगा
- छोटे निवेशक महज 10 लाख रुपए का निवेश कर हासिल कर पाएंगे रीट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जमीन-जायदाद के विकास से जुड़ी कंपनियों के शीर्ष निकाय नारेडको ने कहा है कि देश के पहले लघु और मझोले रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) के अगले छह महीने के भीतर शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

इसमें छोटे निवेशक महज 10 लाख रुपये का निवेश कर किराये पर लगने वाली संपत्तियों में आंशिक स्वामित्व हासिल कर सकेंगे। नारेडको (नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल) के अध्यक्ष जी हरि बाबू ने बुधवार को एक वेबिनार में कहा, 'हम सितंबर-अक्टूबर तक पहले लघु और मझोला रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट पेश करने की उम्मीद कर रहे हैं।'

### निवेशक आंशिक स्वामित्व प्राप्त कर पाएंगे

उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पिछले महीने लघु और मझोले रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट के लिए नियम अधिसूचित किये थे। इसके तहत निवेशक अब न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश करके किराये वाली रियल एस्टेट संपत्तियों में आंशिक स्वामित्व प्राप्त कर सकते हैं।



### तीन रीट होंगे सूचीबद्ध

वर्तमान में कार्यालय परिसंपत्तियों के साथ तीन रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट... एम्बैसी ऑफिस पार्क रीट, माइंडस्पेस बिजनेस पार्क रीट और ब्रुकफील्ड इंडिया रियल एस्टेट ट्रस्ट...हैं। एक खुदरा संपत्ति वाला रीट... नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट... भी है।

### किराया देने वाली संपत्ति में कर पाएंगे निवेश

हरि बाबू ने लघु एवं मझोले रीट के लाभ का जिक्र करते हुए कहा कि छोटे निवेशक अब किराया देने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों में निवेश कर सकते हैं। वे किराये की आय के साथ-साथ पूंजी मूल्य में वृद्धि भी प्राप्त कर सकते हैं।

### न्यूनतम संपत्ति मूल्य 50 करोड़ होगा

सेबी निदेशक मंडल ने पिछले साल नवंबर में लघु एवं मझोला रीट के लिए एक नियामकीय ढांचा बनाने को लेकर रीट विनियमन, 2014 में संशोधन को मंजूरी दी। इसमें न्यूनतम संपत्ति मूल्य कम से कम 50 करोड़ रुपये रखा गया जबकि मौजूदा रीट के लिए यह 500 करोड़ रुपये है।

# एचडीएफसी बैंक का कुल कर्ज वितरण 25 लाख करोड़ के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक का आवंटित कर्ज
- आंकड़ों में पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का परिचालन भी शामिल

निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक आवंटित कर्ज बढ़कर 25 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। एचडीएफसी बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 31 मार्च, 2024 तक बैंक द्वारा दिया गया कुल कर्ज सालाना आधार पर 55.4 प्रतिशत बढ़कर 25.08 लाख करोड़ रुपये हो गया।

यह 31 मार्च, 2023 तक 16.14 लाख करोड़ रुपये था। इसमें कहा गया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त अवधि के आंकड़ों में पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का परिचालन भी शामिल है, जिसका एक जुलाई, 2023 को एचडीएफसी बैंक के साथ विलय हो गया था और इसलिए पिछले वर्ष की इसी अवधि के आंकड़ों के साथ इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। 31 दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक द्वारा दिया गया कुल कर्ज 24.69 लाख करोड़ रुपये था। बैंक के आंतरिक व्यापार वर्गीकरण के अनुसार, घरेलू खुदरा कर्ज वितरण सालाना आधार पर लगभग 109 प्रतिशत और 31 दिसंबर, 2023 की तुलना में लगभग 3.7 प्रतिशत बढ़ा है। उसके वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग कर्ज 31 मार्च, 2023 की तुलना में 24.6 प्रतिशत और 31 दिसंबर, 2023 की तुलना में लगभग 4.2 प्रतिशत बढ़ा है। 31 मार्च, 2024 तक बैंक की कुल जमा राशि 23.8 लाख करोड़ रुपये थी, जो सालाना आधार पर 18.83 लाख करोड़ रुपये से लगभग 26.4 प्रतिशत अधिक और 31 दिसंबर, 2023 के 22.10 लाख करोड़ रुपये से लगभग 7.5 प्रतिशत अधिक थी।

## माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 ने जारी की रिपोर्ट

# वरिष्ठ पदों पर औसत 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि का अनुमान : रिपोर्ट

- पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां बढ़ रही है
- विनिर्माण और परिचालन की भूमिकाओं में निरंतर उच्च मांग है
- डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में आवश्यकता

*इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

### भारत में रोजगार सिर्फ वेतन तक सीमित नहीं

पेज ग्रुप के प्रबंध निदेशक अंशुल लोढ़ा ने कहा, 'जैसे-जैसे हम 2024 में आगे बढ़ रहे हैं, भारत में रोजगार की गाथा सिर्फ वेतन तक सीमित नहीं है। लचीलापन, कामकाज का तरीका और पेशेवर वृद्धि के अवसर नौकरी बदलने में महत्वपूर्ण हो रहे हैं, जो एक परिपक्व तथा समग्र रोजगार परिवेश को दर्शाते हैं।'



### भारत की अर्थव्यवस्था में लचीलापन

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है। पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, 'भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने-फूलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।'

## सेवा क्षेत्र में वृद्धि 13 वर्ष के उच्चस्तर पर : पीएमआई

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग के दम पर मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 पुहंच गया। यह फरवरी में 60.6 पर था।

### पीएमआई 50 से ऊपर

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विस पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

### व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, 'फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में भारत की सेवाओं का पीएमआई बढ़ा, मजबूत मांग के कारण बिक्री तथा व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाई हैं।'

### 13 वर्ष में दूसरी सबसे बढ़ी उछाल

सर्वेक्षण में कहा गया, 'रोजगार में नवीनतम वृद्धि कई महीनों में 22वीं और नवंबर 2022 के बाद से संयुक्त रूप से सबसे मजबूत है।' इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स फरवरी में 60.6 से बढ़कर मार्च में 61.8 हो गया। यह साढ़े 13 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है।

## रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख और प्रमुख प्रतिद्वन्द्वी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने से रुपये की विनिमय दर में बढ़त रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी तथा विदेशी कोषो की सतत निकासी ने रुपये की बढ़त को सीमित कर दिया। इसके अलावा शुक्रवार को आने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा से पहले बाजार भागीदार सतर्क रहे। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.44 प्रति डॉलर पर खुला। दिन के कारोबार में यह 83.39 के उच्चस्तर और 83.46 प्रति डॉलर के निचले स्तर के बीच घट-बढ़ के बाद अंत में 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.39 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## मस्क ने 'कम्युनिटी नोट्स' कार्यक्रम का किया विस्तार

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने भारत में अपने 'कम्युनिटी नोट्स' कार्यक्रम का विस्तार किया है। यह एक तथ्य-जांच सुविधा है जो लोगों को संभावित रूप से भ्रामक पोस्ट के बारे जानने में मदद करती है। भारत में 'कम्युनिटी नोट्स' कार्यक्रम की शुरुआत ऐसे समय पर की जा रही है जब दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले लोकतंत्र में आम चुनाव शुरू होने जा रहे हैं। देश में 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। 'कम्युनिटी नोट्स' अब भारत में सक्रिय..." 'एक्स' पर 'कम्युनिटी नोट्स' के आधिकारिक खाते से भी इसके भारत में शुरू होने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही अब यह 69 देशों में सक्रिय है।

## जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेटः कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की। नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं।

**सार्वजनिक सूचना**

सभी को सूचित किया जाता है कि मेरी मुव्वकिल श्रीमती संतोष जैन पत्नी श्री संजय जैन निवासी द्वारकाधीश एंक्लेव, मकान नं. 123, पॉकेट-बी, सैक्टर-26, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली-110085 दावा करती हैं कि श्री सुखबीर सिंह पुत्र स्व. श्री रूप चंद 2. श्रीमती सुमित्रा पत्नी स्व. श्री होशियार सिंह 3. श्रीमती राजवंती पत्नी श्री सुखबीर सिंह सभी निवासी म. नं. 161, गांव पीतमपुरा, दिल्ली से सेल डीड, जीपीए, एसपीए इत्यादि दिनांक 09.02.2004 के द्वारा फाइल नं. एफ-11 (5)/1992/ एलएसबी (आर) के तहत रोहिणी आवासीय स्कीम में स्थित डीडीए प्लॉट नं. 145, पॉकेट-बी, सैक्टर-26, क्षेत्रफल माप 335 वर्ग मीटर की मालिक स्वयं है, अब मेरी मुव्वकिल उपरोक्त सम्पत्ति को बेचना प्रस्तावित कर चुकी है। यदि कोई व्यक्ति उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध कोई आपत्ति, दावा, अधिकार, टाइटल, हित रखता है तो कृपया इस प्रकाशन की तिथि से 10 दिन के अंदर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करें।

दिनांक : 04.04.2024 (अजब कुमार) एडवोकेट
सीएच. नं. 406, चतुर्थ तल, लॉयर्स चैम्बर, साकेत कोर्ट्स, नई दिल्ली-110017



### नया रिकॉर्ड
## सोना 70 हजारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 850 रुपये के उछाल के साथ 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

**चांदी भी उछली :** चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये के उछाल के साथ 81,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### सेंसेक्स 75 हजार के करीब पहुंचा

शेयर बाजार में भी गुरुवार को रौनक रही। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 74,501 का और निफ्टी ने 22,619 का ऑल टाइम हाई बनाया। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 350 अंक की तेजी के साथ 74,227 के लेवल पर बंद हुआ।

### निफ्टी भी नए शिखर पर

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,514.65 के अपने नए शिखर पर पहुंच गया। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 बढ़त के साथ बंद हुए।

**गुमशुदा/अगवा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **यासमीन पुत्री** सिराजुद्दीन **निवासीः** गली नं. 9/40, वजीराबाद, दिल्ली है, जो कि अपने घर से दिनांक 24.11.2016 को रात्रि से लापता/अगवा है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्रः** लगभग 17 वर्ष, **कदः** 4'5", **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** पतला, जिसने गहरे हरे रंग का सूट व सलवार पहना है। इस संदर्भ में **FIR No. 538/2016 U/s 363 IPC, दिनांक 30.11.2016 को थाना तिमारपुर, दिल्ली में दर्ज है।**

हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई-मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641

थानाध्यक्ष
थाना तिमारपुर, दिल्ली
DP/3844/N/2024 फोनः 011-23812734, 8750870130

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि भूषण कुमार, पुत्रः** सुभाष चंद्र सिंह, **पताः** पूपरी उर्फ नूरीपुर, कफेन दरियारपुर, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार और अली हाउस E-67A, गणेश नगर, दूसरी मंजिल, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली ने **FIR No. 481/2022, U/s 420/408 IPC, थानाः कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि भूषण कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रवि भूषण कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 481/2022, U/s 420/408 IPC, थानाः कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रवि भूषण कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.05.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल
महानगर दण्डाधिकारी-11
दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नंबर 09,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली
DP/3761/SD/2024
(Court Matter)

## महिन्द्रा का उपहार सबसे नई एसयूवी, एक्सयूवी 3एक्सओ

**मुंबई।** भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित एसयूवी, एक्सयूवी 3एक्सओ के नाम का अनावरण किया। 29 अप्रैल को इसकी वैश्विक शुरुआत इस श्रेणी में एक नई मिसाल कायम करेगी, जिसमें परिष्कार और आधुनिक तकनीक शामिल होगी जिसके लिए एक्सयूवी ब्रांड डीएनए मनाया जाता है। 'आप जो कुछ भी चाहते हैं और उससे भी अधिक' प्रदान करने के लिए इंजीनियर किया गया, एक्सयूवी 3एक्सओ वास्तव में एक असाधारण महिंद्रा एसयूवी का सार प्रस्तुत करता है। यह शहरी ड्राइवरों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए रोमांचकारी प्रदर्शन, अत्याधुनिक तकनीक, बेजोड़ डिजाइन और अद्वितीय सुरक्षा को एकीकृत करता है। प्रत्येक यात्रा में तीन गुना अपील के साथ यह एसयूवी स्वामित्व के सभी पहलुओं में अपेक्षाओं से अधिक है। एक्सयूवी 3एक्सओ प्रगतिशील लोगों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाता है, इसका नाम 'सीएक्सओ' द्वारा दर्शाई गई कार्यकारी ऊंचाइयों को प्रतिबिंबित करता है।

## अस्पताल में इलाज के लिए कर्ज देगा केनरा बैंक

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने अस्पताल के खर्च में कमी को पूरा करने के लिए कर्ज देने की योजना सहित कई नये उत्पाद पेश किये। बैंक ने बयान में कहा कि केनरा 'हील'' नामक स्वास्थ्य देखभाल-केंद्रित कर्ज उत्पाद का मकसद स्वयं या आश्रितों के स्वास्थ्य बीमा दावों का निपटान करते हुए अस्पताल में भर्ती होने के खर्च की कमी को पूरा करना है।




## मोशन एजुकेशन ने लॉटरी निकालकर हजारों जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी स्कॉलरशिप

**कोटा।** मोशन एजुकेशन की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देने के लिए लॉटरी निकली गई। इसके लिए देशभर के 2 लाख 44 हजार 120 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों में से 48 हजार 224 को जेईई और नीट की तैयारी के लिए अमृत कोर्स निशुल्क प्रदान किया गया। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि मोशन गत दो वर्ष से अपने यू-ट्यूब चैनल्स से हुई कमाई जेईई और नीट स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप देने पर खर्च कर रहा है। स्कॉलरशिप की लॉटरी का यह तीसरा साल है इसमें प्रथम पुरस्कार के तहत गौरव कुमार का नाम निकला। उनसे सम्पर्क न होने की स्थिति में रोहित चौहान का नाम भी बैकअप के तौर पर रखा गया है। गौरव को कोटा क्लास रूम कोचिंग की फीस और कोटा में रहने-खाने का खर्च प्रदान किया जाएगा। 42 छात्र-छात्राओं को कोटा क्लास रूम कोचिंग निःशुल्क दी गई। लॉटरी में मोशन के दो विद्यार्थी मुशाहिद रजा और अनुराग सिंह भी शामिल हैं। अब इनकी पूरी फीस माफ़ होगी। इसके अलावा 151 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत, 251 को 75 और 551 को 50 प्रतिशत स्कॉलरशिप देने की घोषणा की गई। लॉटरी के लिए आवेदन करने वाले हर पांच में से एक विद्यार्थी को मोशन अमृत कोर्स निशुल्क दिया गया।

**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन-दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते-बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली-59
8586896357

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। धन की स्थिति में सुधार होगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृष** — भवन के रखरखाव एवं साज-सज्जा बढ़ सकते हैं। आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क** — रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। खानपान के प्रति सचेत रहें। उदर विकार से पीड़ित हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** — सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद रहेंगे। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में मन लगेगा। किसी नये कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**वृश्चिक** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। परिवार की समस्या परेशान कर सकती हैं। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। कला या संगीत में रुचि हो सकती है।

**मकर** — आय में वृद्धि होगी। कार्यभार बढ़ेगा। मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी संयत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी हो सकता है।

**मीन** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

## शब्द पहेली - 5472



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 5471 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5483

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5482 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| दिल्ली | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी और चार टीमों के ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रही। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है। ब्राजील पांचवें स्थान पर है।

### फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रज्ञानानंदा



**टोरंटो।** भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा यहां शुरू हुए कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ खेलेंगे जबकि ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो करुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में अजरबेजान के निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी। महिला वर्ग के पहले दौर में भी दो भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली और कोनेरू हंपी आमने-सामने होंगी।

### ओल्टमेंस को राष्ट्रीय टीम का कोच बनाना चाहता है पाकिस्तान



**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने भारत के पूर्व कोच रहे मशहूर डच कोच रोलेंट ओल्टमेंस से राष्ट्रीय टीम का कोच बनने के लिये संपर्क किया है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पीएचएफ में इस समय दो ईकाइयां है। पीएचएफ ने मलेशिया और पोलैंड में मई जून में होने वाले अजलन शाह कप और नेशंस कप के लिये पाकिस्तानी टीम का कोच बनने का अनुरोध किया है। पीएचएफ के एक धड़े के सचिव राणा मुजाहिद ने पुष्टि की है कि ओल्टमेंस से संपर्क किया गया है जबकि दूसरे धड़े के सचिव हैदर हुसैन ने चेताया है कि महासंघ को एफआईएच से निलंबन झेलना पड़ सकता है।

# मंयक को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है: ब्रॉड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि भारत की नयी तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव को सीधे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उतारा जा सकता है ताकि कैरियर में चोटों का सामना करने के लिये उनका शरीर सख्त हो सके।

पिछले साल क्रिकेट के सभी प्रारूपों से विदा ले चुके ब्रॉड का मानना है कि कम उम्र में ही शुरूआत करके यादव शीर्ष स्तर पर बहुत कुछ सीख सकते हैं लेकिन उन्हें उतार चढाव के लिये तैयार रहना होगा।

### मंयक का लय जबरदस्त

तेज गेंदबाज ने कहा, 'उसे यह याद रखना होगा कि खेल में चोट भी लगेगा। वह काफी रफ्तार से गेंद डालता है लेकिन उसकी लय जबर्दस्त है। पहले दो आईपीएल मैचों में किसी तेज गेंदबाज को मैन आफ द मैच चुना जाना अक्सर नहीं होता। मैं उम्मीद करता हूं कि वह तीनों प्रारूप खेलेगा। उसे अपेक्षाओं के दबाव की भी आदत डालनी होगी। उसे हर मैच में तो मैन आफ द मैच पुरस्कार नहीं मिलेगा।'



### घरेलू क्रिकेट से गुजारना जरूरी नहीं

स्टार स्पोटर्स की कमेंट्री टीम में शामिल ब्रॉड ने यहां चैनल के स्टूडियो में बातचीत में कहा, 'मुझे नहीं लगता कि उसे घरेलू क्रिकेट से होकर गुजरने की जरूरत है। शीर्ष स्तर पर खेलकर उसका शरीर खुद ब खुद सख्त हो जायेगा।'

### रनअप, लाइन और लैंग्थ काफी अच्छी

ब्रॉड ने कहा, 'उसका रनअप अच्छा है और उसे लाइन और लैंग्थ की भी अच्छी समझ है। किसी युवा गेंदबाज के लिये सबसे शीर्ष स्तर पर खेलना अच्छा सबक होता है। मैने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कम उम्र में शुरूआत करके ही बहुत कुछ सीखा। वह आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों के खिलाफ सीख रहा है।'

### पहले उतारने से ही फायदा होगा

इंग्लैंड के लिये 604 टेस्ट विकेट ले चुके ब्रॉड ने कहा कि 21 वर्ष के मयंक को शीर्ष स्तर पर उतारने से उसे फायदा ही होगा क्योंकि भारत को एक खास गेंदबाज मिल गया है। उन्होंने कहा, 'मैं तो उसे भारतीय टीम में देखना चाहूंगा। जरूरी नहीं कि वह खेले लेकिन ड्रेसिंग रूम में बहुत कुछ सीख सकत है। भारत को एक खास खिलाड़ी मिल गया है जिसे ढंग से मैनेज करने की जरूरत है।'

## आईपीएल: काम न आई शुभमन की फिफ्टी, पंजाब की दूसरी जीत

# शशांक सिंह के अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को हराया

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद



शशांक सिंह के नाबाद अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के बेहद रोमांचक मुकाबले में गुरुवार को यहां गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हरा दिया। टाइटंस के 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स की टीम नूर अहमद (32 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 13वें ओवर में 111 रन तक पांच विकेट गंवाकर संकट में थी लेकिन शशांक ने 29 गेंद में छह चौकों और चार छक्कों से नाबाद 61 रन की पारी खेलकर टीम को सात विकेट पर 200 रन के विजयी स्कोर तक पहुंचा दिया। शशांक ने जितेश शर्मा (आठ गेंद में दो छक्कों से 16 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 39 और आशुतोष शर्मा (17 गेंद में तीन छक्के और एक चौके से 31 रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी करके पंजाब की जीत सुनिश्चित की। पंजाब के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 48 गेंद में चार छक्कों और छह चौकों से नाबाद 89 रन की पारी खेली। उन्होंने साई सुदर्शन (33) के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी करने के अलावा राहुल तेवतिया (आठ गेंद में नाबाद 23) के साथ 14 गेंद में 35 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर चार विकेट पर 199 रन तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जॉनी बेयरस्टो ने अजमतुल्लाह उमरजई (41 रन पर एक विकेट) के पहले ओवर में तीन चौके मारे लेकिन कप्तान शिखर धवन (01) उमेश यादव (35 रन पर एक विकेट) की पहली ही गेंद को विकेटों पर खेल गए। प्रभसिमरन सिंह (35) ने उमेश पर चौका जड़ने के बाद उनके अगले ओवर में भी छक्का और चौका मारा। बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद ने अपनी पहली ही गेंद पर बेयरस्टो (22) को बोल्ड किया। पंजाब ने पावर प्ले में दो विकेट पर 54 रन बनाए। प्रभसिमरन भी इसके बाद बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में नूर की गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर मोहित शर्मा (38 रन पर एक विकेट) को बेहद आसान कैच दे बैठे।

### गुजरात-199/4 (20)


| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साहा का धवन बो रबाडा | 11 |
| शुभमन गिल नाबाद | 89 |
| केन का बेयरस्टो बो हरप्रीत | 26 |
| साइ सुदर्शन का जितेश बो हर्षल | 33 |
| शंकर का हरप्रीत बो रबाडा | 08 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 23 |

अतिरिक्त: 09
कुल: 20 ओवर में चार विकेट पर: 199 रन
विकेट पतन: 1-29, 2-69, 3-122, 4-164
गेंदबाजी: हरप्रीत 4-0-33-1, अर्शदीप 4-0-33-0, रबाडा 4-0-44-2, कुरेन 2-0-18-0, हर्षल 4-0-44-1, रजा 2-0-22-0

### पंजाब-200/7 (19.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शिखर धवन बो उमेश | 01 |
| जॉनी बेयरस्टो बो नूर | 22 |
| प्रभसिमरन का मोहित बो नूर | 35 |
| सैम का विलियमसन बो उमरजई | 05 |
| सिकंदर रजा का साहा बो मोहित | 15 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 |
| जितेश का नालकंडे बो राशिद | 16 |
| आशुतोष का राशिद बो नालकंडे | 31 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 01 |

अतिरिक्त: 13
कुल: 19.5 ओवर में सात विकेट पर: 200 रन
विकेट पतन: 1-13, 2-48, 3-64, 4-70, 5-111, 6-150, 7-193
गेंदबाजी: उमरजई 4-0-41-1, उमेश 3-0-35-1, राशिद 4-0-40-1, नूर 4-0-32-2, मोहित 4-0-38-1, नालकंडे 0.5-0-6-1



### मुस्ताफिजूर के बिना सुपर किंग्स का सामना आज हैदराबाद से

**हैदराबाद।** फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है। दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे।

खास खबर

### भारत में डोपिंग के मामले सर्वाधिक



- 2000 या अधिक टेस्ट कराने वाले देशों में भारत
- भारत के बाद दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका

**नई दिल्ली।** विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है। वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3.2 प्रतिशत है। नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे। तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1.9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0.2 प्रतिशत रहे।

**रूस ने 10186 नमूनों की जांच की :** डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0.8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे।

### पंत पर लगा 24 लाख का जुर्माना



*विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी। बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।' इसमें कहा गया, 'यह इस सत्र में आईपीएल की आचार संहिता के तहत टीम का दूसरा अपराध था लिहाजा पंत पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।'*

# उबर कप नहीं खेलेंगी सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और शीर्ष दो युगल टीमों ने उबर कप से नाम वापिस ले लिया है लेकिन पुरूष वर्ग में मजबूत टीम 27 अप्रैल से चेंगडू में होने वाले थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलेगी।

फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधू ने छह टूर्नामेंट खेले हैं। उन्होंने पेरिस ओलंपिक से पहले रिकवरी के लिये पर्याप्त समय की जरूरत को देखते हुए नाम वापिस लिया है। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो ने भी नाम वापिस ले लिया है। उनका फोकस ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये दूसरे टूर्नामेंटों पर है। बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा, 'सिंधू चोट के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये। युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब फोकस क्वालीफिकेशन पर है।' भारत थॉमस कप में गत चैम्पियन है और इस बार भी मजबूत टीम उतारी है। इसमें पांच एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत, एच एस प्रणय, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज हैं।

*ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैयिनशिप में लीग मुकाबले जारी*

# संबलपुर यूनिवर्सिटी ने जलगांव यूनिवर्सिटी को 9 विकेट से हराया

- एलपीयू फगवाडा ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी को 6 विकेट से मात दी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/झुंझुनूं



श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी परिसर में चल रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के लीग मुकाबलों में वीरवार को संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर ने कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को 9 विकेट से मात दे दी। लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट को 6 विकेट से तथा हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला ने त्रिपुरा यूनिवर्सिटी को 5 विकेट से हराया। आज यहां मुकाबलों की जानकारी देते हुए चैंपियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अरूण कुमार ने सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाडा के गेंदबाजों ने शुरू से ही मैच पर शिकंजा कसते हुए 15.2 ओवर में ही 85 रन पर आउट कर दिया। एलपीयू फगवाडा के कप्तान दिपिन ने 4 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट और अंकित ने 3 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट झटके। राजकोट टीम की ओर से केवल कश्यप 17 रन बना सके। इस लक्ष्य का पीछा करते एलपीयू फगवाडा ने अपने कप्तान की 4 छक्के व 8 चौकों की मदद से शानदार अर्धशतकीय पारी 25 गेंद पर 57 रन की बदौलत 8.2 ओवर में ही मैच जीत लिया। इसी प्रकार पूल बी के मुकाबले में कवयित्री बहिणाबाई चौधरी उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 131 रन बनाए। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए संबलपुर यूनिवर्सिटी ने अंकित के शानदार 63 व अंकित की अर्धशतकीय पारी की बदौलत एक विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया और मैच को 9 विकेट से जीत लिया।

## हार के बाद स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की गई थी

# विश्व कप क्वालीफायर मैचों में प्रभारी बने रहेंगे इगोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आलोचनाओं का सामना कर रहे इगोर स्टिमक कुवैत और कतर के खिलाफ भारत के फीफा विश्व कप के दूसरे दौर के क्वालीफाइंग मुकाबलों के प्रभारी बने रहेंगे क्योंकि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच से आगामी दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है।

भारतीय फुटबॉल के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली तकनीकी समिति ने 26 मार्च को गुवाहाटी में घरेलू चरण के मुकाबले में अफगानिस्तान से मिली चौंकाने वाली हार के बाद क्रोएशिया की विश्व कप टीम के खिलाड़ी रह चुके स्टिमक को बर्खास्त करने की सिफारिश की थी लेकिन अब एक हफ्ते बाद एआईएफएफ ने फिलहाल उन्हें बरकरार रखा है।



**वर्चुअल बैठक में स्टिमक से चर्चा**

अफगानिस्तान से हार के बाद एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे द्वारा गठित और उपाध्यक्ष एनए हारिस की अध्यक्षता वाली एक समिति ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक के दौरान स्टिमक के साथ चर्चा की।

### इतिहास में पहली बार तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका

एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य और तकनीकी समिति के अध्यक्ष विजयन ने कहा, 'मुझे खुशी है कि मुख्य कोच के साथ हमारी अच्छी चर्चा हुई। विश्व कप क्वालीफायर में हमारे दो मुकाबले बचे हैं। इतिहास में पहली बार हमारे पास तीसरे दौर में जगह बनाने का मौका।'

### भारत को मैचों पर ध्यान केंद्रित करना होगा

विजयन ने कहा, 'अब समय आ गया है कि हम अगले दो मैचों पर ध्यान केंद्रित करें और राष्ट्रीय टीम के साथ मजबूती से खड़े रहें ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।' हारिस, विजयन और क्लाइमैक्स लॉरेंस सहित समिति के तीन सदस्य बैठक में शामिल नहीं हो सके।

### भारत के असफल रहने पर इस्तीफा देंगे

बैठक के दौरान स्टिमक से अफगानिस्तान के घरेलू मैच से पहले उनकी टिप्पणियों को स्पष्ट करने के लिए भी कहा गया, जहां उन्होंने कहा था कि अगर भारत क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहा तो वह इस्तीफा दे देंगे।

# अनमोल समेत 5 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंचे




एजेंसी ▶▶| अस्ताना

युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब समेत पांच भारतीय खिलाड़ी कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। अनमोल के अलावा देविका सिहाब, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई।

गत राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल ने यूएई की नूरानी रातु अजाहरा को दूसरे दौर में 21-11, 21-7 से हराया। अब उनका सामना जापान की सोरानो योशिकावा से होगा। वहीं इस साल चार फाइनल में पहुंचकर दो अंतरराष्ट्रीय चैलेंज खिजाब जीतने वाली सिहाग ने अजरबैजान की केइशा फातिमा अजाहरा को 21-12, 21-12 से शिकस्त दी। अब उनका सामना हमवतन अनुपमा से होगा जिसने चेक गणराज्य की टेरेजा एस को हराया।

### तान्या ने इस्राइल की सोनिया को दी मात

*सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या ने इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा को 21- 11, 21-18 से मात दी। अब वह हमवतन ईशारानी से खेलेंगी जिसने न्यूजीलैंड की टिफानी हो को 21-10, 20-14 से हराया।*




## खबर संक्षेप

### सीजेआई नरीमन की भूमिका का किया जिक्र



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को दिवंगत दिग्गज वकील फली एस नरीमन को लेकर बताया कि वे कई वकीलों और न्यायाधीशों के गुरु थे। जब वह फैसलों की आलोचना भी करते थे तब भी उन्होंने कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। जब मुश्किल समय में कई आवाजें चुप हो गईं तो उनकी आवाज देश की आवाज बनी रही।

### फिर सुलगा पूर्वी ईरान 13 की हुई मौत




**दुबई।** दक्षिण पूर्वी ईरान में दो अलग-अलग घटनाओं में 8 बंदूकधारियों और ईरानी सुरक्षाबलों के 5 सदस्यों की मौत हो गई है। सुरक्षाबलों के 10 अन्य सदस्य जख्मी हुए हैं। सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में रात के समय लड़ाई तब शुरू हुई जब बंदूकधारियों ने रस्क शहर में रिवोल्यूशनरी गार्ड की एक चौकी और चाहबहार शहर में एक तट रक्षक स्टेशन पर गोलीबारी की।

### भारत से रूसी तेल कम करने नहीं कहा: अमेरिका



**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति देना अस्वीकार्य था और रहेगा। पेट्रोलियम की कीमतें तय करने का उद्देश्य उसे कम दाम पर तेल बेचने मजबूर करना है। अमेरिका ने भारत को रूस से तेल की मात्रा कम करने के लिए नहीं कहा है। जी-7 समूह देशों द्वारा रूसी तेल की कीमतों को तय करने से उसे धन जुटा पाना मुश्किल हुआ।

### ताइवान रेड लाइन है... पार न करे अमेरिका



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग ने मंगलवार को अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन से फोन पर बातचीत की। जिनपिंग ने बाइडेन से कहा कि ताइवान रेड लाइन है, जिसे अमेरिका को पार नहीं करना चाहिए। जिनपिंग ने बाइडेन को चेतावनी दी कि चीन शांत नहीं बैठेगा। पिछले साल नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली बातचीत थी।

## यात्रियों ने ऐसा कदम उठाया कि दुनिया में बन गया एक नजीर

# थाईलैंड के जहाज में अचानक लगी आग जान बचाने समुद्र में कूदे 108 यात्री

*थाईलैंड में भीषण जहाज हादसे की चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जिसमें तड़के अचानक उसमें आग लग गई। इससे यात्रियों की जान आफत में पड़ गई। इसके बाद यात्रियों ने अपनी जान बचाने के लिए जो कदम उठाया वो दुनिया में एक नजीर बन गया। सभी यात्री समुद्र में कूद गए। जो सुरक्षित बताए जा रहे हैं।*

» *जहाज थाईलैंड के तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ जा रहा था*

### जहाज में अचानक लगी आग से मचा कोहराम, बाल-बाल बचे 108 लोग

» *आग लगते ही जहाज में मौजूद यात्रियों की अटक गई सांसें उठाया बड़ा कदम*

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार तड़के हुए एक जहाज हादसे ने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। जहाज में अचानक आग लग गई।

आग लगते ही जहाज में मौजूद यात्रियों की सांसें अटक गई। लोगों के बीच जान बचाने की होड़ में चीख-पुकार मच गई। जहाज में लगी भीषण आग लगातार बढ़ती जा रही थी। लिहाजा यात्रियों ने फिर जो किया, वैसा आज से पहले दुनिया के किसी जहाज हादसे में शायद पहले कभी नहीं हुआ होगा। भीषण आग की चपेट में फंसे यात्रियों ने अपने जान की बाजी लगाकर जहाज से समुद्र में कूद गए। सामने मौत देख कुछ यात्रियों ने जीवन रक्षक जैकेट पहन पाए, तो कुछ बिना जैकेट के ही समुद्र में कूद गए।

#### पहले धुंआ और फिर पांच मिनट से भी कम समय में लग गई आग




#### सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे


घबराए यात्रियों को समुद्र में कूदते देख पायलट और क्रू मेंबर भी हैरान रह गए। हालांकि समुद्र में कूदने वाले सभी 108 लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बता दें कि सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाला जहाज थाईलैंड के तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाला था कि तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक जोरदार आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। मैत्री प्रोमजम्पा ने बताया कि उन्होंने पहले धुंआ और पांच मिनट से भी कम समय में आग लगते हुए देखी और तभी लोगों ने चिल्लाना शुरू कर दिया और अलार्म बजा दिया। उन्होंने बताया कि हम बमुश्किल से ही जीवनरक्षक जैकेट प्राप्त कर सके। अफरा-तफरी मच गयी। लोग चिल्ला रहे थे, मेरे भी आंसू आ गए।

#### इंजन में लग गई थी आग जांच में जुटी टीम

सूरत थानी अधिकारियों ने फेसबुक पर बताया कि जहाज पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री थे। प्रांत के जन संपर्क विभाग ने बताया कि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वीडियो में दिख रहा है कि लोग लाइफ जैकेट पहनकर जहाज के केबिन से तेजी से बाहर निकल रहे हैं। जहाज पर काला धुआं फैलते हुए देखा जा सकता है। बाद में जहाज से आग की लपटों को निकलते हुए देखा जा सकता है। आग पर काबू पा लिया गया। आग जहाज के इंजन में लगी थी। इसके कारण की जांच की जा रही है।

## चट्टान कहकर श्रीलंका को दी थी जमीन

# विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताई 'कच्चातिवु' की सच्चाई




एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को तमिलनाडु की डीएमके पार्टी पर श्रीलंका को कच्चातिवु द्वीप देने के मामले में जमकर निशाना साधा। जयशंकर ने दावा किया कि इंदिरा गांधी ने जब पांच दशक पहले श्रीलंका को भारत का यह द्वीप सौंपा था तब डीएमके भी उसके पक्ष में थी।

■ एस जयशंकर ने डीएमके पर हमला बोला

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान तमिलनाडु में वोटिंग से पहले एस जयशंकर कहा कि राज्य के लोगों को इस मामले की पूरी सच्चाई पता होनी चाहिए। एस. जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि जो सबसे महत्वपूर्ण है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए। यह कैसे हुआ? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब केंद्र सरकार इस मुद्दे पर डीएमके बातचीत कर रही थी, लेकिन इसे मामले को पूरी तरह से गुप्त रखा गया था। तत्कालीन सरकार ने कच्चातिवु को छोटी चट्टान मानकर श्रीलंका को दिया था।

### 9 सोमालियाई समुद्री डाकुओं को पुलिस को सौंपा



**मुंबई।** पूर्वी सोमालिया में ईरानी जहाज एफवी अल कंबर को अपहृत करने वाले सभी 9 समुद्री लुटेरों को भारतीय नौसेना ने 3 अप्रैल को पश्चिमी तट पर लाकर मुंबई पुलिस को सौंप दिया। गौरतलब हो कि अरब सागर में यह घटना 29 मार्च को हुई थी, जिसमें भारतीय नौसेना ने लगभग 12 घंटे तक चले इस ऑपरेशन के बाद समुद्री डकैती रोकने के साथ ही 23 पाकिस्तानी नागरिकों को बचाया था। बुधवार देर रात मुंबई लाए गए इन सोमालियाई लुटेरों के विरुद्ध अब आगे की कार्रवाई समुद्री कानून के तहत की जाएगी।

### श्रीलंकाई से रिहा हुए 19 मछुआरे चेन्नई पहुंचे

तमिलनाडु के 19 मछुआरों को श्रीलंकाई जेल से रिहा कर दिया गया है। सभी मछुआरे श्रीलंका के कोलंबो से एयर इंडिया के जरिये चेन्नई पहुंच गए हैं। गौरतलब हो कि समुद्री सीमा पार करने के आरोप में पिछले महीने 6 मार्च को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था। इन 19 मछुआरों में मयिलादुथुराई के 9, पुदुकोट्टई के 4 और पुडुचेरी राज्य के कराईकल के 6 मछुआरे शामिल थे। ये सभी 6 मार्च को 2 नावों पर सवार होकर समुद्र में मछली पकड़ने गए थे। भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद श्रीलंकाई अदालत ने मछुआरों को रिहा करने का फैसला लिया है। भारतीय दूतावास ने तमिल मछुआरों को भारत लाने श्रीलंका से चेन्नई के लिए उड़ान टिकटों की भी व्यवस्था की।

# सोनिया पहली बार बनीं राज्यसभा सांसद सभापति जगदीप धनखड़ ने दिलाई शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। सोनिया राजस्थान से राज्यसभा सांसद चुनी गईं हैं। ये पहली बार है जब सोनिया गांधी राज्यसभा सांसद चुनी गई हैं।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी के अलावा बीजेपी नेता और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। इनके अलावा 12 और सांसदों ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन और सैयद नसीर हुसैन, उत्तर प्रदेश से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और पश्चिम बंगाल से भाजपा के समिक भट्टाचार्य उन 14 सांसदों में शामिल थे। बिहार से जेडीयू के संजय कुमार झा, ओडिशा से बीजेडी के सुभाशीष खूंटिया और देबाशीष सामंतराय, जबकि राजस्थान से भाजपा के मदन राठौड़ ने शपथ ली। तेलंगाना से चुनकर आए वाईएसआर कांग्रेस के गोल्ला बाबूराव, एम. रघुनाधा रेड्डी और येरम वेंकट सुब्बा रेड्डी और बीआरएस नेता रवि चंद्र वद्दीराजू ने भी शपथ ली। शपथ लेने के बाद सभी नए सांसदों ने राज्यसभा के सभापति के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।

### नेपाल बॉर्डर से तीन आतंकी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपी एटीएस ने सनौली भारत-नेपाल सीमा से 3 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो पाकिस्तानी और एक कश्मीरी है। आतंकियों के नाम मोहम्मद अल्ताफ और सैय्यद गजनफर हैं।

उनके साथ कश्मीरी आतंकी नासिर अली को भी गिरफ्तार किया है। पाक आतंकी मोहम्मद अल्ताफ हिजबुल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुका है। एटीएस ने जब इन तीनों को दबोचा, तब इन्होंने खुद को भारतीय दिखाने की पूरी कोशिश की। तीनों आतंकियों ने फर्जी आधार कार्ड्स के जरिए बचाने की कोशिश भी की। हालांकि जांच की गई तो इनके पास से पाकिस्तानी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और फ्लाइट टिकट भी बरामद हुए।




## टीसीएस ने 3.5 लाख कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

# आईटी कंपनियों के कर्मचारी सीख रहे जेनरेटिव एआई कौशल

### आईटी कंपनियां जेनरेटिव एआई कौशल को दे रहीं बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय आईटी कंपनियां जेनएआई की शक्ति को अपनाने के लिए सक्रिय रूप से अपने कार्यबल को तैयार कर रही हैं, जो व्यवसायों और प्रौद्योगिकी आधारों को नया आकार दे रही है।

अलग खबर

टीसीएस ने कर्मचारियों के लिए विनिर्माण जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में जेनएआई प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया है। 6 लाख कर्मचारियों में से साढ़े तीन लाख से अधिक कर्मचारियों को जेनएआई कौशल पर प्रशिक्षित किया है।

*मानव संसाधन विभाग ने सूचित किया है कि जेनएआई-तैयार मॉड्यूल के साथ 100 प्रतिशत अनिवार्य*

■ कर्मचारियों के लिए विनिर्माण जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में अनिवार्य किया जा रहा है प्रशिक्षण

#### जेनएआई के उपयोग से प्रगति



उत्तरी अमेरिका में टीसीएस मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस यूनिट के प्रमुख राकेश देवपुरा ने कहा कि हम जेनएआई उपयोग के मामलों की जटिलता और परिष्कार में प्रगतिशील वृद्धि देख रहे हैं, सरल ज्ञान वितरण और चैटबॉट्स से लेकर उत्पादक नवाचार के लिए संवर्द्धन समाधान जैसे जटिल मामलों तक। टीसीएस के कुल 6 लाख कर्मचारियों में से 350,000 से अधिक कर्मचारियों को मूलभूत जेनएआई कौशल पर प्रशिक्षित किया है।

#### इन्फोसिस कोर्स पूरा करने के लिए कहा

इन्फोसिस में प्रबंधक पिछले कुछ महीनों में अपनी टीमों से जेनएआई में कम से कम एक कोर्स पूरा करने के लिए कह रहे हैं। जेनरेटिव एआई के आगमन ने हमारे काम करने के तरीके को महत्वपूर्ण रूप से बदल दिया है। जिससे हमारी कार्यस्थल रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन हुआ है।

#### मध्यम कंपनियां भी दे रहीं महत्व

हैपिएस्ट माइंड्स और सोनाटा जैसी मध्य स्तरीय आईटी कंपनियों ने कर्मचारियों के लिए जेनएआई कौशल हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। अगले कुछ तिमाहियों में अपने सभी कर्मचारियों को जेनएआई में प्रमाणित करना है। सोनाटा सॉफ्टवेयर चाहता है कि उसके 50 प्रतिशत कर्मचारी जेनएआई-कुशल हो जाएं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109